समृद्धि न्यूज़

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी |
| 65,479.05 | 19,389.00 |

तापमान
अधिकतम 31 ℃
न्यूनतम 26 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



मंगला गौरी व्रत के साथ सावन शुरू पेज-02

शिवपाल बोले, कभी बीजेपी से अलग नहीं रहे ओपी राजभर पेज-03

वर्ष 10 | अंक 314 | लखनऊ, 05 जुलाई बुधवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

भारत आज डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहा : मोदी

# भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में से एक



**हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, हमारा अतीत, हमारी धरोहर.. इनके प्रति जिज्ञासा भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिज्ञासा ही नहीं, बल्कि आस्था भी बढ़ रही है। — नरेन्द्र मोदी**

**पुट्टपर्ती (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता बनाकर आगे बढ़ रहा है और इसी का नतीजा है कि देश दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और वह डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहा है। यहां स्थित प्रशांति निलयम में नवनिर्मित साई हीरा वैश्विक सम्मेलन केंद्र का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

उन्होंने कहा, ''आजादी के 100 वर्ष के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए, हमने हमारे अमृतकाल को कर्तव्य काल का नाम दिया है। हमारे कर्तव्यों में आध्यात्मिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी है और भविष्य के संकल्प भी हैं। इसमें विकास भी है और विरासत भी है।'' मोदी ने कहा कि आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भी लीड कर रहा है।


उन्होंने कहा, ''आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है। आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में हम बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं। दुनिया में आज जितने भी रियल टाइम ऑनलाइन लेनदेन हो रहे हैं, उसमें 40 प्रतिशत अकेले भारत में हो रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से आज यह परिवर्तन आ रहा है, इसलिए विश्व भारत के नेतृत्व में भरोसा कर रहा है। भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठकों और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग सत्र के आयोजनों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया में आज भारत के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, ''हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, हमारा अतीत, हमारी धरोहर.. इनके प्रति जिज्ञासा भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिज्ञासा ही नहीं, बल्कि आस्था भी बढ़ रही है।'' उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रशांति निलयम श्री सत्य साई बाबा का मुख्य आश्रम है। समाजसेवी रयुको हीरा द्वारा प्रदत्त यह केंद्र सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आध्यात्मिकता और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने वाले दृष्टिकोण का एक प्रमाण है।

सावन के पहले दिन सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक

# महादेव से की प्रदेशवासियों के लिए समृद्धि की प्रार्थना

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़



चराचर जगत पर कृपा बरसाने वाले भगवान भोले शंकर को अति प्रिय पवित्र सावन मास के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंगलवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध, ऋतुफल के रस एवं दूध से रुद्राभिषेक किया। मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

हादसे की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने उठाये सवाल, कहा-

## सुरक्षा के मुद्दों पर किया गया समझौता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने रेलवे सुरक्षा के बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह से समझौता किया है और दावा किया कि ओडिशा के बालासोर में हाल ही में हुई ट्रेन दुर्घटना मानवीय भूल का नतीजा थी। यह प्रबंधन और राजनीतिक नेतृत्व की विफलता थी। एक उच्च-स्तरीय जांच में बालासोर में तीन ट्रेनों की दुर्घटना का मुख्य कारण गलत सिग्नलिंग पाया गया और सिग्नलिंग और दूरसंचार (एस एंड टी) विभाग में कई स्तरों पर चूक को चिह्नित किया गया। रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, यह वही है जो हम हमेशा से कहते रहे हैं। वंदे भारत ट्रेनों का उद्घाट्न करने, बुलेट ट्रेनों पर ध्यान केंद्रित करने और विशेष कैडरों के साथ छेड़छाड़ करने की सनक में, मोदी सरकार ने बुनियादी बातों से पूरी तरह समझौता कर लिया है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्री अपने गंतव्य तक सुरक्षित रूप से पहुंचें।

# गोरखपुर-लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल

मात्र 3.58 घंटे में पूरा किया सफर, बस्ती-अयोध्या में भी 2 मिनट के लिए रुकी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मंगलवार को गोरखपुर से लखनऊ रूट पर पहला ट्रायल रन हुआ। देश की पहली स्वदेशी सेमी हाइस्पीड ट्रेन गोरखपुर से सुबह 6रू05 बजे चली। इसे 10.20 बजे लखनऊ पहुंचना था, लेकिन 17 मिनट पहले 10.03 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वंदे भारत ने गोरखपुर से लखनऊ का 296 किमी का सफर 3 घंटे 58 मिनट में पूरा किया। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटे रही। रेलवे चार्ट में सप्त क्रांति एक्सप्रेस का गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने का तय समय 4.55 घंटा है। वहीं, गोरखधाम एक्सप्रेस 04.50 घंटे, वैशाली एक्सप्रेस 05.05 घंटे और हमसफर का 5.15 घंटे में पहुंचना निर्धारित है। स्पीड ट्रायल के बाद रेलवे वंदे भारत एक्सप्रेस का टाइम टेबल और किराया जारी करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। अभी तक के रूट के अनुसार, गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ होते हुए इसे चलाया जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस का अभी प्रस्तावित समय गोरखपुर से सुबह 6.05 बजे चलने का है। लखनऊ पहुंचने का समय सुबह 10.20 बजे है। इसके बाद लखनऊ से शाम 7.15 बजे चलेगी। रात 9.13 बजे अयोध्या, 10.30 बजे बस्ती, फिर रात 11.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा के लिए आरपीएफ के अतिरिक्त जवानों की तैनाती प्लेटफॉर्म पर की गई। वहीं रेलवे कंट्रोल रूम में एक वरिष्ठ अधिकारी को भी वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। हालांकि यह लखनऊ जंक्शन से चलेगी या गोमती नगर स्टेशन से, यह अभी तय नहीं हो पाया है। ट्रेन के डिब्बे चेन्नई में तैयार हुए हैं। सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट दिए गए हैं। आठ कोच की ट्रेन में अधिकतम 456 यात्री सफर कर सकते हैं। यात्री की सुविधा के लिए फर्स्ट ऐड बॉक्स रखा गया है। ट्रेन में क्रू मेंबर की कोच के पीछे खाना गर्म करने और पानी ठंडा रखने के लिए मशीन लगी है।



**गर्म खाना और ठंडा पानी**

अटेंडेंट की मदद से यात्रियों को गर्म खाना और ठंडा पानी मिल सकेगा। एनई रेलवे सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने कहा, रेलवे सुरक्षित यात्रा के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए लगातार रेलवे बदलाव भी कर रहा है। लखनऊ-गोरखपुर रेल खंड की गति बढ़ाने के लिए सीबीएस पर काम भी तेज हो रहा है। आने वाले समय में पूर्वोत्तर रेलवे हाई स्पीड की ट्रेनें भी चलाएगा।

# यूपी के नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों की होगी जांच

6 जुलाई से मान्यता की होगी जांच, 1100 से ज्यादा संस्थानों का होगा सत्यापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़




उत्तर प्रदेश के निजी नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता की जांच कराई जाएगी। इन कॉलेजों की छह जुलाई से पांच अगस्त के बीच सेंट्रल टीम यानी केंद्रीय टीम स्थलीय सत्यापन करेगी। इसमें कॉलेज की व्यवस्था मानक के अनुसार न मिलने पर मान्यता रद्द की जा सकती है। संबंधित कॉलेज में दाखिला लेने पर रोक लगाई जा सकती है। प्रदेश में करीब 11 सौ से ज्यादा निजी नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज हैं। इन कॉलेजों के पाठ्यक्रमों की एनओसी के लिए प्रशिक्षण केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण होता है। इसमें इंडियन नर्सिंग काउंसिल और उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी की ओर से निर्धारित मानक नहीं पाए जाने पर दाखिले की अनुमति नहीं दी जाती है। कई बार शिकायतें मिलती हैं कि टीम के मौके पर जाने पर कॉलेज प्रबंधन निरीक्षण नहीं कराता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि छह जुलाई से पांच अगस्त के बीच स्थलीय सत्यापन करने जाने वाली टीम को सहयोग करें। यदि संबंधित कॉलेज ने निरीक्षण नहीं कराया तो कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दाखिले की मान्यता न मिलने पर सारी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी। टीम फीस से जुड़े दस्तावेज, कॉलेज स्थापना से संबंधित पत्रावलियां, सीएमओ की सत्यापन रिपोर्ट, प्रदूषण, अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रमाणपत्र, अस्पताल की संबद्धता, स्टाफ सहित सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद जांच रिपोर्ट तैयार करेगी।

## संक्षिप्त

### मोदी जैसा कोई दूसरा नेता नहीं : अजित पवार

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम ने सबकुछ पलट दिया। 2 जून (रविवार) को अजित पवार उपमुख्यमंत्री बन गए और राकांपा के आठ विधायक मंत्री पद पा गए। इसे कुछ लोग भाजपा की बड़ी जीत मान रहे हैं। वहीं, डिप्टी सीएम का पद संभालने के बाद अजीत पवार ने 4 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की।

### पाक प्रायोजित नार्को-आतंकवाद मामले में आरोपितों के घर कुर्क

अमृतसर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के अमृतसर जिले में पाकिस्तान प्रायोजित नार्को-आतंकवाद मामले में आरोपित दो भाइयों बिक्रमजीत सिंह और मनिंदर सिंह के घर को कुर्क कर लिया है। बिक्रमजीत और मनिंदर के घर को आतंकवाद की आय के रूप में नामित करने के बाद गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम 1967 के तहत कुर्क किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने डीईआरसी चेयरमैन की शपथ टाली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार की नियुक्ति का शपथ ग्रहण समारोह 11 जुलाई तक के लिए टाल दिया है, जिस दिन वह मामले की सुनवाई करेगा। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह गरीबों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है।

बाइक को बचाने के चक्कर में कुएं में गिरी सुमो कार

# बच्ची और महिला समेत छह लोगों की मौत

**पदमा (हजारीबाग)।** जिले के पदमा प्रखंड स्थित रोमी गांव के पास बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक अनियंत्रित सुमो विक्टा गाड़ी सड़क के किनारे कुएं में जा गिरी। हादसे में एक बच्ची और महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई है। गाड़ी में 7 लोग सवार थे। काफी मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकाल लिया गया। डूबे लोगों को भी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वाहन को निकालने में एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की मदद ली गई। क्रेन के माध्यम से वाहन को निकाला गया है। घटना करीब दोपहर 2꞉00 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, हजारीबाग से लोग सुमो विक्टा में सवार होकर दरभंगा से बरही होते हुए हजारीबाग आ रहे थे। इसी दौरान एक बाइक को बचाने के चक्कर में एनएच 31 रोमी के पास अनियंत्रित होकर वाहन कुएं में रेलिंग को तोड़ते हुए गिरा। हादसे के शिकार लोग सभी हजारीबाग के मंडई के रहने वाले थे।

**बचाव काम में जुटे सभी लोग**

घटना के बाद ही गांव में हड़कंप मच गया। भारी बारिश के बीच ग्रामीण लोगों को बचाने में जुट गए। दो लोगों को जैसे-तैसे बाहर भी निकाला गया है, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। इसमें एक की मौत हो गई है। एनएचएआई की मदद से पुलिस राहत काम में लगी है।

पहले 3 गाड़ियों को मारी टक्कर, फिर होटल में घुसा ट्रक

# 15 की मौत, 20 से ज्यादा घायल



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के धुले में मुंबई-आगरा राजमार्ग पर एक ट्रक और कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। और 20 अन्य घायल हो गए। ट्रक मध्य प्रदेश से धुले की ओर जा रहा था। उसी दौरान ये हादसा हुआ।

पुलिस ने कहा कि मंगलवार को महाराष्ट्र के धुले जिले में एक कंटेनर ट्रक ने चार वाहनों को टक्कर मार दी और फिर एक राजमार्ग पर एक होटल में जा घुसा, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।

अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया कि यह दुर्घटना मुंबई से 300 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित धुले में मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पलासनेर गांव के पास सुबह करीब 10꞉45 बजे हुई। दुर्घटना के सीसीटीवी फुटेज में ट्रक तेज गति से चलता हुआ, एक सफेद कार से टकराता हुआ दिखाई दे रहा है।

जैसे ही ट्रक वाहन से टकराया, हवा में धूल का बड़ा गुबार उड़ । टक्कर से सड़क किनारे खड़े कुछ लोग चपेट में आ गए। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पीड़ितों में कुछ वे लोग भी शामिल हैं जो स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि घायलों को शिरपुर और धुले के अस्पतालों में ले जाया गया।

# बीजेपी के साथ ओपी राजभर के गठबंधन की चर्चा तेज

फिर मिल सकता है मंत्री पद इस गठबंधन से फायदे के संकेत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



बीजेपी के आंतरिक सर्वे के बाद सुभासपा के साथ गठबंधन की चर्चा तेज हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह से भी ओपी राजभर की मुलाकात हुई। इसके बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ आगामी योजनाओं पर ओपी राजभर के साथ चर्चा हुई।

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के द्वारा कई एजेंसियों के माध्यम से सर्वे भी कराया जा रहा है इस सर्वे में या निकल कर भी सामने आया कि पूर्वांचल की कई ऐसी सीटें हैं जिस पर राजभर समाज के लोगो की अधिकता है यूपी के घोसी, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, आजमगढ़ और सलेमपुर समेत कई सीटों पर राजभर का प्रभाव है। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की माने तो ओपी राजभर की इन मुलाकातों की वजह से मंत्रिमंडल विस्तार में एक बार फिर से ओपी राजभर को योगी कैबिनेट में जगह दी जा सकती है। इससे पूर्वांचल के सीटों पर बीजेपी को काफी ज्यादा लाभ होने की संभावना है।

बड़ा बयान

यूसीसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान, बोले-

# समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया है



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बड़ा बयान दिया है। धनखड़ ने कहा कि यूसीसी को लागू करने का अब सही समय आ गया है। धनखड़ ने यूसीसी पर ये बयान उस वक्त दिया जब वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा, संविधान के संस्थापकों जिस यूसीसी की परिकल्पना की गई थी, उसे लागू करने का अब सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि देश अपने नागरिकों के लिए यूसीसी को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। ये संविधान के संस्थापकों के विचारों की प्रक्रिया थी। अब यूसीसी के क्रियान्वयन का समय आ गया है। और इसमें कोई बाधा या अधिक देरी नहीं हो सकती।

**असम दौरे पर हैं उपराष्ट्रपति**

बता दें कि उपराष्ट्रपति एक दिवसीय असम दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। असम दौरे पर उपराष्ट्रपति पत्नी भी उनके साथ हैं। लोकप्रियो गोपीनाथ बोरदोलोई एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दोनों का स्वागत किया। उधर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार देर रात दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। धामी ने विशेषज्ञ समिति द्वारा यूसीसी के ड्राफ्ट पर कार्य पूर्ण करने को लेकर शाह को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को रिपोर्ट प्राप्त होते ही यूसीसी को कानूनी रूप देकर राज्य में लागू कर दिया जाएगा। कहा जा रहा है कि यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने वाली विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

## यूसीसी पर देर नहीं करेंगे, पीएम से मुलाकात के बाद बोले सीएम पुष्कर सिंह धामी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी और यह उचित सोच-विचार के साथ किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद नई दिल्ली में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम धामी ने कहा कि हम न तो ज्यादा समय लेंगे। न ही हम चीजों को अस्त-व्यस्त करने में जल्दबाजी करेंगे। हम इस पर (यूसीसी) उचित विचार करेंगे। जब उनसे यूसीसी के कार्यान्वयन की समयसीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि इसे बहुत जल्द लागू किया जाएगा। कृपया कुछ समय प्रतीक्षा करें। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी ने इस पूरी कवायद में सहयोग किया है, यूसीसी समिति सभी हितधारकों के विचारों की जांच कर रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समिति ने आदिवासी नेताओं के प्रतिनिधियों से भी बात की है।

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्योग लगाने पर सरकार देगी अनेक सुविधाएं: केशव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय ,अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए प्रदेश मे निवेश के लिए बहुत सुनहरा अवसर है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने हेतु तथा उद्यमियों की सुविधा के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है और उन्हें अनुदान, ब्याज उपादान, परिवहन अनुदान समेत अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने पर परियोजना लागत तकनीकी सिविल कार्य प्लांट मशीनरी का 35 प्रतिशत अधिकतम 5 करोड़ रूपये, इकाइयों के विस्तारीकरण आधुनिकीकरण उन्नयन पर परियोजना लागत तकनीकी सिविल कार्य प्लांट मशीनरी का 35 प्रतिशत अधिकतम रूपये एक करोड़ का अनुदान अनुमन्य है। कृषि प्रसंस्करण समूह पर न्यूनतम निवेश 25 करोड़ रूपये 5 इकाई परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 करोड़ रूपये अनुदान अनुमन्य है।मोबाइल प्रीकूलिंग यूनिट रेफर वैन के ऋण पर अधिकतम पांच वर्ष के लिए 50 लाख रूपये तक ब्याज उपादान की सुविधा दी जा रही है। खाद्य प्रसंस्करण इकाई से निर्यातक देश तक परिवहन लागत का 25 प्रतिशत परिवहन अनुदान भी दिये जाने का प्राविधान है। प्रमुख प्रोत्साहन विशेषताओं के अंतर्गत गैर कृषि उपयोग की घोषणा पर 2 प्रतिशत की छूट, सरकारी भूमि के विनिमय पर, सर्किल रेट पर 25 प्रतिशत की छूट, भूमि उपयोग के रूपांतरण पर परिवर्तन शुल्क में 50प्रतिशत की छूट दिये जाने का प्राविधान किया गया है। भूमि क्रय हेतु स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति का, प्रदेश में प्रसंस्करण के लिए खरीदे गये कच्चे माल पर मण्डी शुल्क,उपकरण में छूट दिये जाने तथा प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कृषकों से सीधे खरीदे कृषि उत्पाद पर मंडी शुल्क,उपकर से छूट है।

# नगर निगम: 2258 कार्मिकों को 9.30 करोड़ का भुगतान

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ की मांग रंग लाई और इसका फायदा नगर निगम के 2258 सेवारत और सेवानिवृत्त कार्मिकों को होगा। नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ की मांग पर सेवा निवृत्त,मृतक कर्मचारियों के सातवें वेतनमान के अन्तर की धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ द्वारा लगभग 2258 सेवानिवृत्त,मृत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अन्तर की 9 करोड तीस लाख की धनराशि का भुगतान किया गया। इस मद में लगभग 715 पेषंनरो की पेषंन पुनरीक्षित की तथा सेवायोजित पारिवारिक पेशंनरो के पेशंन में भी संघ की मांग पर माह मई 2023 पेड जून 2023 की पारिवारिक पेषंन में महगांई भत्ता लगाकर पेशंन निर्गत की गई। पारिवारिक पेषंन में महंगाई भत्ता लगाये जाने से सेवायोजित पेशंनरो को लगभग 3,700.00 प्रतिमाह का लाभ प्राप्त होगा। संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा एवं महामंत्री राम अचल द्वारा कर्मचारी हित में लिए गए निर्णय हेतु नगर आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि तलाकशुदा, विधवा एवं अविवाहित पुत्रियों को राज्य सरकार की भांति आजीवन पेशंन का लाभ, चतुर्थ श्रेणी से द्वितीय श्रेणी लिपिक, द्वितीय श्रेणी लिपिक से प्रथम श्रेणी लिपिक, माली से प्रधान माली, मोहर्रिर,पौण्ड मोहर्रिर से कर निरीक्षक श्रेणी–2 तथा सहायक अध्यापिका के पदो पर पदोन्नतियां, महंगाई भत्ते के अन्तर की धनराशि, सातवें वेतनमान की 20 प्रतिशत की धनराशि, मृतक आश्रितों की नियुक्ति एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के सम्बन्ध में सकारात्मक निर्णय किये जाने की मांग की गई।

# लखनऊ में सड़क धंसी, कार गड्ढे में गिरी, जलभराव से बढ़ी परेशानी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



राजधानी लखनऊ में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। यहां मंगलवार सुबह बलरामपुर हॉस्पिटल के सामने बारिश के कारण सड़क धंस गई। इसमें कार गड्ढे में गिर गई। हल्की बारिश में भी नगर निगम के व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। महज आधे घंटे की बारिश की वजह से जलभराव होने लगा है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि सड़क ठीक से नहीं बनाई गई है, जबकि नालों की सफाई का काम महज खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया है। नटखेड़ा रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा का कहना है कि उनके यहां की सड़क बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इसकी वजह से आए दिन कोई न कोई गिरकर घायल हो जाता है। जयप्रकाश नगर पर रोज ही लोग चोटिल हो रहे हैं। यहां सीवर साफकरने के बाद मिट्टी बाहर निकाल के साइड में छोड़ दी गई है। अब बारिश के बाद वह पूरे सड़क पर फैल गई है। 2 दिन से लगातार यहां एक्सीडेंट हो रहा है। बताया कि इसके अलावा आलमबाग के नटखेड़ा रोड इलाके में तीन दिन से पानी की समस्या है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने सरकार पर हमला बोलते हुए अपने फेसबुक पर लखनऊ में सड़क के गड्ढे में गिरी कार की फोटो शेयर की है। उन्होंने ऐसे मामले की जांच पर सवाल उठाए हैं। पत्थर हटाकर नालों की सफाई की जाती है लेकिन इस बार शहर के ज्यादातर वार्ड में सफाई के नाम बड़े स्तर पर खेल किया गया है। नगर निगम में हर बार नालों की सफाई में ऐसे ही खेल होता है। इसकी वजह से शहर की 20 लाख से ज्यादा आबादी जलभराव झेलती है। मौलवीगंज वार्ड के पार्षद मुकेश सिंह मोंटी और इस्माईलगंज द्वितीय के पूर्व पार्षद समीर पाल सोने ने बताया कि इस बार सफाई के नाम पर खानापूर्ति किया गया था। इसकी वजह से नाले पहले ही भर गए थे। अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से पांच करोड़ रुपए का घपला किया गया है। सफाई के मामले में सबसे ज्यादा खेल छोटे नालों में किया गया है। 1 हजार से ज्यादा नालों की सफाई ठीक से नहीं की गई है। इसको लेकर कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान, पार्षद अमित चौधरी, पंकज पटेल समेत कई पार्षद काम पर सवाल उठाते आए हैं। लेकिन उस समय ध्यान नहीं दिया गया। पिछले दिनों बारिश के बाद एक बार फिर से भ्रष्टाचार का मामला सामने आ गया है।

## खबरें एक नजर में

### फीनिक्स यूनाइटेड की एंड-ऑफ-सीजन सेल में शॉपिंग कर पाइए 50 फीसदी की छूट और कई रोमांचक उपहार

**लखनऊ** । राजधानी वासियों के लिए फीनिक्स यूनाइटेड हमेशा से शॉपिंग, डाइनिंग और फिल्में देखने के लिए एक बेहतरीन जगह रही है। फीनिक्स यूनाइटेड आकर्षक छूट के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है, जिनसे लेटेस्ट ट्रेंड्स की खरीदारी कर शॉपर्स अच्छी बचत भी कर सकते हैं। फीनिक्स यूनाइटेड अपने एंड ऑफ सीजन सेल के तहत अनूठा शॉपिंग ऑफर लेकर आया है। शॉपर्स 23 जुलाई तक शॉपिंग कर ढेर सारे उपहार और वाउचर जीत सकते है। इसके अलावा 8 और 9 जुलाई, 2023 को फ्लैट 50 फीसदी छूट का फायदा उठाना न भूलें। इस खास डिस्काउंट वीकेंड पर शॉपर्स की सुविधा के लिए मॉल रात 11 बजे तक खुला रहेगा। शॉपर्स 2999 रुपये या अधिक अधिक की शॉपिंग करते हैं, तो उनको विशेष उपहार वाउचर जीतने का मौका मिलेगा, जो उनके खरीदारी की जरूरतों को पूरा करेगा। मॉल ने एक लकी ड्रा भी आयोजित किया है, जिसमें शॉपर्स 3999 रुपये और उससे अधिक की खरीदारी पर रोमांचक पुरस्कार जीत सकते हैं। 3999 रुपये की खरीदारी पर शॉपर्स को एक डफ़ल बैग, 4999 रुपये की खरीदारी पर एक सोने का सिक्का, 6999 रुपये और उससे अधिक की खरीदारी पर एक डोमेस्टिक ट्रैवल और 9999 रुपये की खरीदारी पर एक कपल वॉच सेट जीतने का मौका मिलेगा।

### रोडवेज कर्मियों के आंदोलन का समर्थन करेगी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद

लखनऊ। परिवहन निगम कर्मियों के नियम विरुद्ध किये गए स्थानांतरण से क्षुब्ध कर्मियों ने आंदोलन की घोषणा की है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने मुख्य सचिव को पत्र देकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है और कहा कि कि निदान न हुआ तो कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे। पत्र में कहा है कि 30 जून को राज्य परिवहन निगम में निगम कर्मियों और रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों का शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति 2023–24के विरुद्ध व्यापक स्तर पर तबादले किये गए हैं जो उचित नहीं है।रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा आगामी 07 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है। यदि 07 जुलाई से पूर्व कर्मचारियों की मांग का समाधान नहीं किया जाता है तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद रोडवेज कर्मियों के आंदोलन को समर्थन करेगा।

### नई शिक्षा नीति पर एक सप्ताह में देना होगा सुझाव

लखनऊ। नई शिक्षा नीति 2020 को जल्द से जल्द लागू करने के लिए राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में मौजूद चुनौतियों समस्याओं तथा संस्थानों के अधिनियम पर नियमावली व अन्य रेगुलेशन में परिवर्तन के लिए सुझाव मांगे गए हैं। कुलपति प्रोफेसर जे पी पांडे के निर्देश पर कुलसचिव जीपी सिंह ने पत्र जारी कर सभी संबंध संस्थानों से 01 सप्ताह में अपने सुझाव विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने को कहा है।

### सहकारिता आन्दोलन के गति प्रदान करने हेतु कार्यशाला आज

लखनऊ। सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया कि जिला सहकारी बैंकों के नव निर्वाचित अध्यक्षों, प्रदेश के समस्त सचोव मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, उप आयुक्त एवं उप निबन्धक, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के साथ परिचयात्मक बैठक एवं नेशनल डेटाबेस पर विचार–विमर्श हेतु 05 जुलाई को प्रात: 10 बजे इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में सहकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। एक दिवसीय कार्यशाला में भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लागू करने तथा प्रदेश में सहकारी संस्थानों को मजबूत करने एवं सहकारिता आन्दोलन को गति प्रदान करने हेतु कार्यशाला में विचार–विमर्श किया जायेगा।श्री राठौर ने कहा कि भारत सरकार के अधीन पृथक से सहकारिता मंत्रालय का गठन हो जाने के उपरान्त केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में देश में सहकारिता आन्दोलन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सहकारी क्षेत्र हेतु भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाओं एवं कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है, जिसमें जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### आवास विकास की नोटिस के खिलाफ लामबंद हुए व्यापारी

लखनऊ। इंदिरा नगर के कारोबारियों को मिले नोटिस के खिलाफसभी व्यापार मंडल मुखर होने लगे हैं। आवास विकास के खिलाफमंगलवार को लखनऊ व्यापार मंडल के कारोबारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित कारोबारियों से मिला। व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि शहर में एक भी व्यापारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारी का उत्पीड़न हुआ तो संपूर्ण लखनऊ का व्यापारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संघटन जल्दी ही इस पर लीगल राय भी लेगा। बुधवार को कोर कमेटी की बैठक होगी जिसमें व्यापक रणनीत के तहत आगे की कार्यवाही प्रारंभ होगी । पवन मनोचा ने कहा कि जनता की आवश्यकता के अनुसार सरकार को मास्टर प्लान में बदलाव करना चाहिए। नीति बनाकर व्यापारी को नियमित करना चाहिए। उन्होंने कहा व्यापारी भू उपयोग परिवर्तन का शुल्क भी जमा करने को तैयार है। व्यापारियों को नई योजना बनाकर भू उपयोग परिवर्तन की अनुमति मिलनी चाहिए। जानकारों का कहना है कि आवास विकास ने अभी तक इंदिरा नगर इलाके में करीब 1000 लोगों को नोटिस दे चुका है।

# मंगला गौरी व्रत के साथ सावन शुरू

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▶ मनकामेश्वर महादेव का दर्शन करने के लिए लगी लंबी लाइन



मंगला गौरी व्रत के साथ सावन आज से शुरू हो गया है। श्रावण मास के साथ ही लखनऊ के शिव मंदिरों में भोलेनाथ की जय जयकार हो रही है। डालीगंज के मनकामेश्वर मन्दिर, चौक के कोनेश्वर मन्दिर, राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों में सुबह जलाभिषेक के लिए लाइन लगी रही। मनकामेश्वर मन्दिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि सावन के पहले दिन से यहां बाबा मनकामेश्वर महादेव की पूजन जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं। इस मौके पर रुद्राभिषेक भी होगा। स्वास्तिक ज्योतिष केन्द्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल सावन का महीना 4 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन पर बहुत ही खास संयोग बन रहा है। जिसमें 8 सोमवार को व्रत किए जाएंगे। सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई और आखिरी सोमवार 28 अगस्त को पड़ेगा। सावन में 8 सोमवार होंगे जो 10, 17, 24, 31 जुलाई फिर 7, 14, 21, 28 अगस्त को है। सावन में ही अधिक मास है। ज्योतिषाचार्य आनन्द दुबे ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शंकर की पूजा करने और व्रत रखने से मनोकामना पूरी होती है। सावन के पहले दिन मंगलवार को महिलाएं मंगला गौरी का व्रत रखेंगी। सावन महीने में चार और अधिक मास में 5 मंगला गौरी व्रत रखें जाएंगे।

लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर के महंत देव्यागिरी ने लोगों से अपील है कि वो भारतीय संस्कृति के अनुसार ही कपड़े पहनकर मंदिर आएं। 4 जुलाई से शुरू होने जा रहे पवित्र माह सावन इस साल 59 दिनों का होगा जिसका समापन 31 अगस्त को होगा। इस खास मौके पर मंदिरों को सजाया और संवारा गया है। वहीं प्रशासन भी अपने स्तर से सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रहा है। सोमवार इस वर्ष सावन में अधिक मास यानी मलमास लग रहा है। यह फलदायी है। विशेष बात यह है कि ऐसा शुभ योग 19 वर्षों के बाद प्राप्त हो रहा है।

# लुलु मॉल का 11 जुलाई को पूरा होगा एक साल




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में अपनी शानदार इंट्री करने के बाद आज लुलु मॉल शॉपिंग, मनोरंजन व्यवसाय हर मामले में लखनऊवासियों की पहली पसंद बन चुका है। 22 लाख वर्ग फीट में फैले लुलु मॉल में एक साल के अंदर दो सौ से ज्यादा स्टोर खुल चुके हैं जोकि अपने आप में एक कीर्तिमान है। तीन सौ से भी ज्यादा नामचीन ब्रांड्स मॉल में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। साल भर के अंदर ही लुलु माल ने लैंप लाइटिंग रिले के अंतर्गत 350 से अधिक दिये जलाकर अपना नाम के गिनीज बुक में दर्ज करा लिया।र णबीर कपूर, रफ्तार, डिवाइन, नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसी नामी कलाकारों ने मॉल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जोकि उनके चाहने वालों के लिए किसी ट्रीट से काम नहीं था। धनतेरस के अवसर पर पहली बार लखनऊ में किसी मॉल ने रातभर लखनवाइट्स को खरीदारी का मौका दिया। लखनऊ में सबसे आधुनिक तकनीक का पीवीआर भी लुलु मॉल में ही खुला। शॉप एंड विन प्रतियोगिता में ग्राहकों ने कार, बाइक, वाशिंग मशीन, फ्रिज जैसे अनगिनत उपहार भी जीते। लुलु मॉल आने वाले कुछ दिनों में अपनी पहली एनिवर्सरी मनाने वाला है इसी उपलक्ष्य में मॉल ने लखनऊ वासियों को कुछ ?ास सौगात देने का निर्णय लिया है स्ह्वद्यह्व ह्रठ्ठ स्ड्डद्यद्ग,छः से नौ जुलाई तक साल की सबसे ब?ी सेल शुरू होने वाली है जिसमे तीन सौ से अधिक ब्रांडों पर फ्लैट 50 परसेंट ऑफ (ञ्ज ×ष्ट), होगा। यह सेल लुलु हाइपरमार्केट के सभी तीन स्टोर्स - लुलु हाइपरमार्केट, लुलु फैशन और लुलु कनेक्ट में उपलब्ध प्रोडक्ट्स पर होगी। लुलु हाइपरमार्केट, और लुलु कनेक्ट ग्राहकों की शॉपिंग का मजा दोगुना करने के लिए एक हजार से भी ज्यादा प्रोडक्ट्स पर फ्लैट 50 पर्सेंट ऑफर की पेशकश करेंगे।

# बीकेटी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को किया खंडित

## ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**लखनऊ** । लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के थाना इटौंजा के इलाके में डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को शरारती तत्वों ने खंडित कर दिया। मंगलवार को खंडित मूर्ति देखकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। पहले भी इस मूर्ति को अराजक तत्व खंडित कर चुके हैं। इटौंजा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना को दी। मौके पर पहुंची इटौंजा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। राजधानी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगदी कलां में डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की कुछ अराजक तत्वों द्वारा मूर्ति तोड़ दी गई है। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुलिस बाबा साहेब की मूर्ति खंडित करने वाले को गिरफ्तार नहीं कर लेती, तब तक मूर्ति की मरम्मत नहीं कराने दिया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि 10 वर्ष पूर्व भी शरारती तत्वों द्वारा इस मूर्ति को खंडित किया गया था। उस समय भी ग्रामीणों में बवाल किया था। पुलिस ने किसी तरीके से मामला शांत करा मूर्ति की मरम्मत करा दी थी । लेकिन किसी आरोपी को अब तक नहीं पकड़ा जा सका। वहीं पुलिस ग्रामीणों से मूर्ति की मरम्मत कराने का दबाव डाल रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि अराजक तत्वों पर जब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक मूर्ति को को बनने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि मूर्ति खंडित करने वाले बदमाश को पुलिस पकड़ नहीं लेती है, तब तक मूर्ति खंडित ही पड़ी रहेगी। किसी भी प्रकार मूर्ति में कोई हाथ नहीं लगाएगा, क्योंकि अपराधियों को पकड़ कर जब तक जेल में नहीं डालेगी।

# कर्मचारियों ने मनाया मांग दिवस, पीएम एवं सीएम को भेजा मांगपत्र

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▶ नौ सूत्रीय मांगपत्र पुलिस कमिश्नर को सौंपा

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आहवान पर पूरे देश के कर्मचारियों ने भोजनावकाश में जिला मुख्यालयो पर इकठ्ठा होकर अपनी मॉगों को लेकर मॉग दिवस मनाया। लखनऊ में कर्मचारी मसीहा स्व.बीएन सिंह की प्रतिमा स्थल पर इकठ्ठा होकर 09 बिंदुओ का मॉगपत्र पुलिस कमिश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री भेजा गया है। कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, कोरोना काल में रोके गये भत्तों का बहाल किये जाने, सरकारी विभागों मे रिक्त पदों को भरे जाने आदि मॉगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। मॉगपत्र के मुख्य बिंदुओ में पीएफडीआर रद्द करने, परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली यानि पुरानी पेंशन के तहत सभी कार्मिकों का नामांकन करने,आउटसोर्सिग संविदा दैनिक वेतन भोगी कार्मिको को नियमित करते हुए वैधानिक भर्ती निकायों के माध्यम से सभी रिक्तियों को भरे जाने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद करने और सरकारी विभागों काआकार छोटा करना व नेशनल मुद्रीकरण पाईपलाई को न किये जाने,संविधान के अनुच्छेद 310 और अनुच्छेद 311(2)(ए)(बी)(सी) को निरस्त किये जाने, आठवां वेतन आयोग की समिति का गठन किये जाने,चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में नियुक्ति प्रारम्भ किये जाने,दैनिक वेतन वर्कचार्ज से नियमित हुए कार्मिकों के सेवानिवृत्ति के उपरांत उनकी दैनिक वेतन वर्कचार्ज के रूप में की गयी सेवा को जोड़ते हुए सेवानिवृत्ति पेंशनरी लाभ प्रदान किये जाने,कोरोना काल मे रोके गये मंहगाई भत्ते एवं अन्य भत्तों को बहाल किये जाने,उत्तर प्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति वर्ष 2023–24 के पैरा 12 में सेवा संघो के प्रांत मण्डल जनपद पदाधिकारी कार्मिक अध्यक्ष महामंत्री को पद धारण करने की अवधि मेंस्थानांतरण से मुक्त रखते हुए पैरा–12 को निक्षेपित करके पूर्व की भांति इस व्यवस्था को बनाए रखे जाने आदि मांगे शामिल हैं। महासंघ के अध्यक्ष व महांमत्री ने संयुक्त रूप से बताया कि मांग दिवस कार्यक्रम के आयोजन हर जिले में हुए हैं। मांग दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पेंशनर एसोएिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महासंघ के संरक्षक एसपी सिंह, राज्य सरकारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महासंघ के संरक्षक कमलेश मिश्रा,नरेन्द्र प्रताप सिंह, महासंघ की महिला शाख महांत्री निधि राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष व श्रमिक संघ के नेता रामभजन मौर्या,उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफमिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष दिवाकर सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष विनोछ बुध्दिराम कनोजिया मंत्री श्याम , अमित शाही, कृषि विभाग के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह व महामंत्री हेमंत सिंह खड़का ,राजकीय मुद्राणालय के अध्यक्ष सुनील मिश्रा, नेता विजय लोधी, पर्यटन विभाग से पियूष श्रीवास्तव नलकूप संघ के अध्यक्ष लल्लन , स्थानीय निकाय निदेशालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संदीप पाण्डे, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव व महामंत्री मंसूर अली, महासंघ लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अफजल फारूकी, उपाघ्यक्ष पुष्पा चौधरी,आशीष खरे विश्वरूप यादव,संयुक्त मंत्री कुसुम मिश्रा, भीम सिंह यादव, रवि कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार, फरजाना खातून मिनिस्टीरियल फेडरेशन के जिला अध्यक्ष शेलेन्द्र यादव व महामंत्री रंजीत कुमार, गम्रव सिंह, विनोद चच्धरी, सुधीर भारतीय,दिनेश विश्वकर्मा, सुनीत पटेल सहित कर्मचारी शामिल हुए।

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक,भूमि अधिग्रहण पर उठाई आवाज

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन के द्वारा किसानों के साथ चिपको आंदोलन की शुरुआत की गई जोकि मोहान रोड योजना फेस–1 तहसील सरोजनी नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्यारेपुर के गांव गोकुल खेड़ा, बेगम खेड़ा,अजीटन खेड़ा के किसान इकठ्ठा हुए। जिसमें किसानों की जमीनों का अधिग्रहण सन 2012 में हुआ था लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद विकास प्राधिकरण के द्वारा आज तक भौतिक कब्जा नहीं लिया गया है। अगर प्राधिकरण को जरूरत नहीं थी। तो उन्होंने भूमि अधिग्रहण क्यों किया, जबकि सन 2013 में ही नया भूमि अधिग्रहण कानून आया था। जिससे यह साफ होता है कि किसानों के साथ छल किया गया, इस योजना की कुल भूमि की 70 प्रतिशत भूमि पर किसानों के फलदार पेड़ (बागवान) जिनकी संख्या लाखों से अधिक होगी।

# मुख्य सचिव ने मध्य प्रदेश की एथलीट आशा मालवीय को भेंट की साइकिल व स्पोर्ट्स किट

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में मध्य प्रदेश की एथलीट आशा मालवीय को साइकिल व स्पोर्ट्स किट भेंट किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने आशा मालवीय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके इस प्रयास से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। यह अत्यन्त सराहनीय है कि वह अभी तक 22 राज्यों में 19,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी की साइकिल यात्रा कर चुकी हैं। आशा मालवीय की यह यात्रा दर्शाती है कि बदलते दौर का यह भारत महिलाओं के लिए कितना सुरक्षित है। आशा मालवीय जैसी महिलाएं नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टालरेंस नीति का ही नतीजा है कि आज महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का मैदान हो या फिर व्यवसाय अथवा नौकरी सभी वर्गों में बेटियां आगे आकर नित नये आयाम स्थापित कर रही हैं। इस मौके पर मुख्य सचिव ने लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन के 10वें तल पर जाकर शहर का नजारा देखा। इसके उपरांत मुख्य सचिव, मण्डलायुक्त, उपाध्यक्ष व साइक्लिस्ट आशा मालवीय



ने प्राधिकरण कार्यालय के लॉन में पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने ग्रीन बेल्ट विकसित करके शहर

▶ अभी तक आशा मालवीय 22 राज्यों में 19,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी की साइकिल यात्रा कर चुकी हैं। आशा मालवीय की यह यात्रा दर्शाती है कि बदलते दौर का यह भारत महिलाओं के लिए कितना सुरक्षित है

को हरा–भरा बनाने के लिए प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ग्राम नाटाराम निवासी साइक्लिस्ट आशा मालवीय पिछले वर्ष मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2022 को भोपाल से 'महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण' के प्रति जन–जन को जागरूक करने के उद्देश्य से अकेले 25,000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकली हैं। आशा मालवीय एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी व पर्वतारोही भी हैं। वह कुछ दिन पूर्व अपनी यात्रा के क्रम में 23वें राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश में पहुंची हैं। इस मौके पर मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब, एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ के 100 पार्कों में नि:शुल्क ओपन जिम

## 60 से अधिक वार्ड के 80 पार्क में हुए तैयार, महानगर अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



देश के रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से लखनऊ के विभिन्न 100 पार्कों में ओपन जिम लगाने का कार्य पूर्णता की ओर है। प्रथम चरण में लखनऊ के 60 से अधिक वार्डों के लगभग 80 पार्कों में ओपन जिम लगाए जा चुके हैं अन्य में शीघ्र कार्य पूरा किया जा रहा है। अगले चरण में अन्य पार्कों में भी ओपन जिम कार्य प्रस्तावित है।

महानगर अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, रक्षा मंत्री जी के ओएसडी के पी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने जानकीपुरम और अलीगंज के उमा वाटिका, जानकी वाटिका, सीता वाटिका, मिलन पार्क और मृत्युंजय पार्कों में लगाए जा चुके ओपन जिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने घर के समीप पार्कों में ओपन जिम की नि:शुल्क व्यवस्था का लाभ प्राप्त होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया।एच ए एल के सीएसआर फंड से पार्कों में ओपन जिम लगाने का कार्य नगर निगम के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें एक एलिप्टिकल क्रॉस ट्रेनर, एक रिकंबेंट साइकिल, दो व्यक्तियों के लिए पैरलल डिप स्टेशन और बार एक्सरसाइजर, आर्म व्हील, वॉकिंग साइकिल चेयर, शोल्डर प्रेस और स्काट के साथ एयर वॉकर, कम्फर्ट साइकिल और अन्य उपकरण लगाए गए हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्थानीय शिवेंद्र मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जनप्रतिनिधियों से कहा कि घर के पास में ऐसी सुविधा मिलना सच में बेहद फायदेमंद है। खुद को स्वस्थ रखना वर्तमान में बहुत जरूरी है। जेके शर्मा ने कहा कि इस तरह की सुविधा से लोग सेहतमंद रहेंगे, जो बीमारियां फैल रही हैं वह भी कम हो जाएंगी। वह सुबह और शाम दोनों वक्त अपने बेटे के साथ यहां पर आते हैं।निरीक्षण के दौरान महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, सांसद कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, लव कुश त्रिवेदी, सुदर्शन कटियार, पार्षद राघव राम तिवारी, पृथ्वी गुप्ता, स्वदेश सिंह, निशा तिवारी, सौरभ तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय जूनियर ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए चयनित टीम रवाना

लखनऊ। शिमोगा (कर्नाटक) में आयोजित आगामी 40वीं राष्ट्रीय जूनियर क्योरगी एवं 13वीं राष्ट्रीय जूनियर पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की ताइक्कांडो टीम रवाना हो गयी। चैंपियनशिप के लिए घोषित टीम की आगरा से रवानगी से पहले उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफ्त जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अपनी शुभकामनाएं प्रे षित करते हुए विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश टीम इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि 40वीं राष्ट्रीय जूनियर क्योरगी एवं 13वीं राष्ट्रीय जूनियर पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप आगामी 7 से 9 जुलाई 2023 तक शिमोगा (कर्नाटक) के नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगी।

# शिवपाल बोले, कभी बीजेपी से अलग नहीं रहे ओपी राजभर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बयान पर शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राजभर कभी भी बीजेपी से अलग नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अखिलेश यादव के साथ बैठेंगे तो पता चल जाएगा कि हम किसके साथ है। उन्होंने कहा कि 2024 में विपक्ष एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी को अच्छी तरह से जानता हूं। उन्होंने निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद पर भी हमला बोला उन्होंने कहा कि हमारी संजय निषाद से कभी मुलाकात नहीं हुई है। बता दें कि सोमवार को ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब अखिलेश यादव की यूपी में सरकार थी तो उन्होंने मुस्लिम समाज को उसका हक नहीं दिया। अब मुस्लिम समाज का वोट चार भागों में बट गया है। अब राजधानी लखनऊ में लोगों मुस्लिम वोट भाजपा को पड़ते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को सिर्फ1-2 सीटें मिलेगी। लेकिन अगर सुभासपा योगी कैबिनेट में शामिल हो जाएगी तो उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की दिल्ली में अमित शाह से इस सिलसिले में सोमवार को बात हो गई है। अब पार्टी के पूरे हाईकमान की हरी झंडी मिलते ही गठबंधन पर मुहर लग जाएगी। प्रदेश नेतृत्व में सुभासपा को लेकर मन पहले ही बन चुका था। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ धर्मपाल सिंह काफी पहले से इस ऑपरेशन में लगे हुए थे। बाद में सीएम योगी को भी मना लिया गया था। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में 80 की 80 सीटों को जीतने के लिए छोटी- छोटी पार्टियों को एक साथ लाने का प्रयास कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### दूसरे दिन भी स्कूलों में छात्रों की हाजरी रही कम बारिश के कारण कम बच्चे पहुंचे स्कूल, टीचर्स रहे मौजूद

लखनऊ । गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के दूसरे दिन बच्चों की उपस्थित ज्यादातर विद्यालयों में कम ही रही। हालांकि स्कूल खुले और कुछ बच्चे जरूर पढ़ाई करने पहुंचे। वही टीचर्स पढ़ाने के अलावा ऑफिसियल काम भी निपटाते देखें गए। राजधानी के नगरीय क्षेत्र के कुछ स्कूलों में जलभराव की समस्या भी देखी गई। इस दौरान कुछ स्कूलों में बच्चो को आवाजाही में परेशानी हुई वही कही-कही क्लास रूम में जल भराव होने से पढ़ाई बाधित रही। लखनऊ के बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि आज मौसम का ज्यादा असर रहा। बारिश होने के कारण कम बच्चे स्कूल आए। पर जो भी बच्चे आए उनकी पढ़ाई हुई। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद लखनऊ आए शिक्षकों की जॉइनिंग फॉर्मेलिटी हुई और 4 शिक्षकों को कार्यमुक्त भी किया गया।

### मुख्य सचिव से वर्ष 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

लखनऊ । मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से वर्ष 2022 बैच के यूपी संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सामूहिक भावना से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए। जो मूल्य सीखे हैं, उन्हें सैद्धांतिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहिए। देश के लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें कई चुनौतियों और कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा, ऐसे में उन्हें इन मूल्यों का पालन करते हुए पूरे विश्वास के साथ काम करना होगा। विभाग में वरिष्ठ अधिकारी राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनमानस तक कैसे पहुंचा रहे हैं, कैसे कार्य कर रहे हैं, इन बातों को सीखने का प्रयत्न निरंतर करते रहना चाहिए, सीखने की आदत नहीं छोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर करना तथा देश की जनता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करना, उनका संवैधानिक कर्तव्य के साथ-साथ नैतिक दायित्व भी हैं। समाज के हित के लिए कोई भी कार्य कुशलतापूर्वक तभी पूरा किया जा सकता है, जब सभी हितधारकों को साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि देश का अमृत काल चल रहा है। अगले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नीति-निर्माण और उनके कार्यान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं और पुरुषों दोनों का योगदान महत्वपूर्ण हैं। अपनी सेवा के दौरान वह जहां भी रहे, लड़कियों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते रहें। जब हमारी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में आगे आएंगी, तभी हमारा देश और समाज सशक्त बनेगा। बैठक में महानिदेशक उपाम एल0वेंकटेश्वर लू, निदेशक उपाम नीना शर्मा, अपर निदेशक उपाम डॉ0 गरिमा यादव सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानन्द की 121 वीं पुण्यतिथि मनायी

लखनऊ । स्वामी विवेकानन्द की 121वीं पुण्य तिथि के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के 25ध्2जी, सेक्टर-25, इन्दिरा नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धेय पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के तहत हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्द्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ. रूपल अग्रवाल एवं ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, इस अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी, हर्ष वर्द्धन अग्रवाल ने कहा, यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि आज हम स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्य तिथि मना रहे हैं। यह दिन एक महान आदर्शवादी, धार्मिक नेता और योगी को समर्पित है जिन्होंने अपने जीवन से दुनिया को ज्ञान, समग्रता और आध्यात्मिकता के प्रतीकों से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 में हुआ था और उनकी मृत्यु 4 जुलाई, 1902 को हुई थी। उनके जीवन के इस संक्षिप्त समय में, उन्होंने भारतीय संस्कृति और धर्म की महत्ता को संपूर्ण विश्व में फैलाया। स्वामी विवेकानंद ने विश्वभर में अपने व्याख्यानों और प्रवचनों के माध्यम से लोगों को तत्त्वज्ञान की अद्भुत ज्योति प्रदान की तथा ज्ञान, उद्यम, एकता, और मानवता के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया क्योंकि स्वामी जी का यह मानना था कि अध्यात्म-विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जाएगा, आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आइए हम सभी यह संकल्प लें कि हम स्वामी विवेकानंद जी के उपदेशों, आदर्शों और विचारों अनुसरण करेंगे एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रतिबद्ध होंगे, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन ही स्वामी विवेकानन्द को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी की बोर्ड बैठक सम्पन्न

लखनऊ । लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब की अध्यक्षता में अमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी की बोर्ड बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार (पूर्वी) व अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि अमीरूद्दौला पब्लिक लाईब्रेरी प्रदेश के प्राचीनतम पुस्तकालयों में से एक है। पुस्तकालय में अध्यक्ष व आयुक्त के प्रयासों से सुदृढीकरण व सौन्दर्यीकरण एवं डिजिटाईजेशन कराया जा रहा है। इसके प्रचार-प्रसार हेतु ब्रोशर प्रकाशित कराने की आवश्यकता है। ब्रोशर प्रकाशित कराये जाने को लेकर मंडलायुक्त द्वारा सहमति प्रदान की गई। पुस्तकालय की वार्षिक सदस्यता शुल्क बढ़ाये जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया वर्तमान में पुस्तकालय की सदस्यता ग्रहण करने पर दो हजार सिक्योरिटी मनी (रिफण्डेबल) एवं वार्षिक सदस्यता शुल्क 250 रुपये प्रतिवर्ष लिया जा रहा है। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाइब्रेरी में बिजली बचत के लिए सोलर पैनल सिस्टम लगवाया जाए। अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में छात्रों का इंटर्नशिप भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। पुस्तक क्रय और फर्नीचर के के मद में बढ़ोतरी करने के भी निर्देश दिए।

# एक्शन में योगी सरकार, बड़े स्तर पर पीसीएस अधिकारियों का तबादला

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। योगी सरकार ने मंगलवार यानी आज बड़ी संख्या में पीसीएस अधिकारियों का तबादला किया है। बताया जा रहा है कि लगभग 250 अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें से अधिकतर एसडीएम हैं। बताया जा रहा है कि जिन पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए है वह बुधवार तक अपनी नई नियुक्ति पर पदभार ग्रहण कर लेंगे। पीसीएस रमेश यादव एसडीएम औरैया से एसडीएम बस्ती बनाए गए, पीसीएस लवगीत कौर एसडीएम औरैया से एसडीएम हाथरस बनाई गयी, पीसीएस निशांत तिवारी एसडीएम लखनऊ से एसडीएम औरैया बनाए गए, पीसीएस राकेश कुमार एसडीएम अमेठी से एसडीएम औरैया बनाए गए, पीसीएस विनीत मिश्रा, ओएसडी, नोएडा अथॉरिटी से एसडीएम, अलीगढ़, पीसीएस सतीश चंद्र त्रिपाठी एसडीएम प्रतापगढ़ से एसडीएम लखनऊ बने, पीसीएस नवीन चन्द्र एसडीएम सदर लखनऊ से एसडीएम उन्नाव बनाये गए, पीसीएस अनिल यादव एसडीएम ललितपुर से एसडीएम कुशीनगर बने, पीसीएस संजय पाण्डेय एसडीएम ललितपुर सेएसडीएम शाहजहांपुर बनाये गए,पीसीएस रवि प्रताप सिंह एसडीएम ललितपुर से ओएसडी केडीए कानपुर तबादला, पीसीएस प्रज्ञा पांडेय एसडीएम लखनऊ से एसडीएम उन्नाव बनीं,पीसीएस अंकित शुक्ला एसडीएम उन्नाव से एसडीएम लखनऊ बने, पीसीएस पवन कुमार एसडीएम गोरखपुर से एसडीएम बाराबंकी तबादला हुआ, पीसीएस मनोज कुमार सिंह एसडीएम औरैया से एसडीम रायबरेली बनाए गए, पीसीएस सचिन कुमार वर्मा एसडीएम बाराबंकी से एसडीएम लखनऊ बने, पीसीएस अजय कुमार पांडेय एसडीएम वाराणसी से यूपी एडा भेजे गए,एसडीएम रवि प्रताप सिंह, ललितपुर से ओएसडी केडीए,एसडीएम संजय पाण्डेय, ललितपुर से शाहजहांपुर-एसडीएम अनिल यादव ललितपुर से कुशीनगर।



योजना भवन में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्व. प्र.)असीम अरुण व समाज कल्याण विभाग , पंचायतीराज विभाग, दिव्यांग कल्याण एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए

# कांग्रेस तैनात कर रही संविधान रक्षक करेंगे मुस्लिम-दलित से संपर्क

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में अपनी सियासी जमीन तलाश रही कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में दलित और मुस्लिम के सहारे है। दलित और मुस्लिमों को एकजुट करने के लिए कांग्रेस पार्टी अब उत्तर प्रदेश में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की जा रही है। कोशिश है कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट पर काबिज हुआ जा सके। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी गांव-गांव में संविधान रक्षक को तैयार करने का काम कर रही है यह संविधान रक्षक सीधे प्रदेश स्तरीय नेताओं के संपर्क में रहेंगे। इन संविधान रक्षकों का फोकस सिर्फदलित और मुस्लिम परिवारों पर होगा। जो शहर से दूर गांव में निवास करते हैं। उनको उनके अधिकार के बारे में जागरूक करने का भी काम इनके द्वारा किया जाएगा। दिल्ली के सिंहासन पर बैठने के लिए उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें काफी ज्यादा मायने रखती है। यह कहा भी जाता है कि दिल्ली के सिंहासन का रास्ता यूपी से ही होकर गुजरता है। पिछले 34 सालों से उत्तर प्रदेश की सत्ता के लिए संघर्ष करने वाली कांग्रेस पार्टी ने राज्य को पहला मुख्यमंत्री भी दिया था। उत्तर प्रदेश में 1950 से लेकर 1967 तक लगातार कांग्रेस का राज रहा। 1967 में हुए विधानसभा में कांग्रेस ने 425 में 199 सीटों पर जीत हासिल की थी इसके अलावा 1980 में हुए विधानसभा में कांग्रेस में 425 में 309 सीटों पर जीत हासिल की थी। उसके बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन तलाशने में जुटी हुई है। कांग्रेस पार्टी का इस बार के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा दलित और मुस्लिम वोटर्स पर जोर है। पार्टी की रणनीति भी है कि दोनों ही वोट बैंक को जोड़कर ना सिर्फलोकसभा में बल्कि भविष्य में भी अपना जनाधार वापस पाया जा सकता है। यही कारण है कि शीर्ष नेतृत्व ने दलित अल्पसंख्यक गठजोड़ को लेकर अभियान भी चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत कांग्रेस का अल्पसंख्यक विभाग दलित बस्तियों में जाकर चाय पर चर्चा जैसे अभियान को शुरू किया। इसके साथ ही दलित बस्तियों में जाकर मुस्लिम नेताओं को जोड़ने का न्योता दे रहे है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी योगी सरकार

## 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




योगी सरकार 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी। इसका उद्देश्य मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। वहीं मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों में दूसरी बार बिना हेलमेट कार्यालय आने वाले कर्मचारियों का प्रवेश निषिद्ध मानते हुए उन्हें अनुपस्थित माने जाने के भी निर्देश दिया गया है। वहीं पखवाड़े के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। पखवाड़े के अंतर्गत 15 दिन की कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत इससे जुड़े विभाग- परिवहन, गृह, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा व शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के आधार पर आयोजन किया जाएगा।पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटना में 5.5 प्रतिशत व दुर्घटना के मृतकों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु अधिक हुई है। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सरकार का विशेष ध्यान है कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आए और लोग जागरूक हों। इसी क्रम में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के लिए 15 दिन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन समारोह में सांसद, विधायक आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं संबंधित विभागों के अफसरों को भी सम्मिलित किया जाएगा। परिवहन से जुड़े बस, ट्रक, ऑटो यूनियन, एनजीओ के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा और उनसे भी राय ली जाएगी। वहीं स्कूलों में भी प्रार्थना के उपरांत छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाएगी। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर योगी सरकार काफी सख्त है। निर्देश दिया गया है कि समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट लगाए आने वाले समस्त कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाएगा। कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाएगा। भविष्य में दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट लगाए कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत अनेक आयोजन किए जाएंगे। इस अवधि में सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से सभी 75 जनपदों में चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग व फर्स्ट रेसपांडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग की तरफ से मेडिकल कॉलेज के सर्जरी व हड्डी रोग विभाग की तरफ से मेडिकल व पैरामेडिकल छात्रों के लिए बेसिक व एडवांस लाइफ सपोर्ट से संबंधित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूली वाहनों के चालकों की आंखों व स्वास्थ्य का भी परीक्षण होगा। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के माध्यम से बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण कराया जाएगा। स्कूलों में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा भी कई कार्यक्रम होंगे।

# भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कुलपतियों व छात्रों को कैम्पस से बाहर आना होगा : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

- राज्यपाल ने किया रामजी लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण
- गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 16वां स्थापना दिवस समारोह

तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान

गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस लखनऊ के 16वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से अपील की, कि यदि भारत को विश्व गुरु बनाना है, तो उन्हें संकल्प लेना होगा कि वे महज कैम्पस तक सीमित न रहकर गांवों तक जाएंगे और इन्टर कालेज के बच्चों को कैम्पस में बुलाकर उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेंगे।

महामहिम राज्यपाल ने कहा कि आज संस्कार, शिक्षा के साथ न मिलने का कारण ये है कि वेद-पुराण से जुड़ी ज्ञान की बातें, सिर्फ प्राइमरी तक पढ़ाई जाती हैं और बाद में हम अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई कराने लगते हैं, जो रटने जैसी होती है, जब कि मातृभाषा हिन्दी में समझ में आती है। हमारी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में साफ कहा गया है कि प ?ाई हिन्दी या स्थानीय मातृभाषा में होनी चाहिए जो स्वयं समझ में आने वाली होगी। उन्होने कहा कि हमें शिक्षा में परिवर्तन करना होगा। छठी से बच्चों को उद्योगों की जानकारी देनी होगी, जिससे इन्टर तक पहुँचते-पहुँचते अध्यापक बच्चे की रुचि के अनुसार उसे तैयार कर सकेंगे, अन्यथा बच्चे बिना रुचि का विषय ले लेते हैं और फेल हो जाते हैं। महामहिम ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कैम्पस से छात्रों को बाहर निकालकर गांव से परिचित कराना होगा, नैक ग्रेडिंग पर ध्यान देना होगा तभी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ड्रेस और प्रार्थना जरूर होनी चाहिए।इसके पूर्व आज प्रातः राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने गोयल ग्रुप ऑफ




इंस्टीट्यूशंस के स्थापना दिवस के मौके पर इं. महेश कुमार अग्रवाल (गोयल) के पिता स्व॰ रामजी लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण गोयल इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पौधारोपण के साथ आंगनबाड़ी सदस्यों को किट का वितरण भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले कालेजों और विश्वविद्यालयों में नैक ग्रेडिंग की कोई रुचि ही नहीं थी और आज महामहिम राज्यपाल के प्रयास से ग्रेडिंग के कारण उच्च शिक्षा में काफी सुधार आया है। इतना ही नहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों का विकास भी महामहिम के मार्गदर्शन में हो रहा है। इससे पूर्व एकेटीयू के कुलपति जे.पी.पाण्डेय और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक राय ने महामहिम राज्यपाल के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास और प्रगति के लिए आभार जताया।समारोह में गोयल समूह के अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्थान के 16वें स्थापना दिवस पर अपने प्रांगण में अपने पिता स्व॰ रामजी लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण होना अपने आप मे गौरव और ऐतिहासिक क्षण है। उन्होने कहा कि इस वर्ष पूरा क्षैणिक सत्र स्व॰ रामजी लाल अग्रवाल जन्म शताब्दी समारोह के रूप में मनाया जाएगा। श्री रामजी लाल अग्रवाल का जन्म 31 मार्च 1923 को हुआ था। महेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, ललित कला, आयुर्वेद, स्कूली शिक्षा विगत 15 वर्षों से प्रदान कर रहा है। परिसर में नैक मान्यता प्राप्त कॉलेज है, एनबीए मान्यता प्राप्त कार्यक्रम, शीर्ष 100 एनआईआरएफ रैंकिंग नवाचार श्रेणी में हैं और गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट को आईआईसी शिक्षा मंत्रालय द्वारा 4 स्टार रेटिंग दी गई है।स्वागत भाषण डॉ आलोक जैन, धन्यवाद ज्ञापन महेश कुमार अग्रवाल और कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता सहगल वसुंधरा ने किया।

# ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- विकासखंड पण्डरीकृपाल के एडीइएओ एजी एवं राजस्व कर्मचारियों को डीएम ने दी कड़ी चेतावनी




गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

*डीएम नेहा शर्मा* ने मंगलवार को पण्डरीकृपाल ब्लाक की 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों से चौपाल लगाकर गांव में विकास हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं डीएम के समक्ष रखी जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने गांव कन्धरातेजी, लुवांवा, पण्डरीकृपाल, वैनिया, सुभागपुर तथा रमवापुर श्याम आदि गांवों में चौपाल लगाकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने ग्रामीणों से बात कर गांव में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत को जाना और जहां खामियां मिली उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने गांव में संपर्क मार्ग, विद्युत व्यवस्था, ग्राम निधि से कराए गए कार्य, सभी प्रकार की पेंशन, मनरेगा, समूह, आवास, नाली, खडंजा, चकरोड, तालाब, अवैध कब्जा, मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचायत सहायक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड व अन्य वृद्धापेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन संबंधी कार्यों का सत्यापन कराते हुए लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गांव में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने, अवैध कब्जा को खाली कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कार्य होने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की भी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों का अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होगा तो लापरवाही मानते हुए उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### जलभराव की समस्या को तत्काल सही कराने के दिये निर्देश

ग्राम पंचायत कन्धरातेजी, लुवांवा, पण्डरीकृपाल, वैनिया, सुभागपुर तथा रमवापुर श्याम में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि जलभराव हो जाने पर आने-जाने में काफी अधिक परेशानी होते हैं जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारी को जलभराव की समस्या को तत्काल सही कराने के निर्देश दिये। चौपाल के दौरान बीडीओ पण्डरीकृपाल को निर्देश दिये हैं कि ग्राम कन्धरातेजी में कल ही सफाई कर्मी की टीम लगाकर पूरे गांव के नालियों एवं अन्य स्थानों पर साफ सफाई कराकर अवगत कराएं। ग्राम चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत पण्डरीकृपाल में ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि काफी संख्या में केवाईसी के कारण किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए डीएम नेहा शर्मा ने एडीइओ एजी को कड़ी फटकार लगाते हुए कल ही गांव में चौपाल लगाकर सभी किसानों का केवाईसी सही कराकर किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, यदि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।ग्राम रमवापुर श्याम में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग संबंधित शिकायत को अवगत कराया, जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को गांव में तत्काल व्यवस्था को सही कराने के निर्देश दिए।

### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को अवगत कराते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए हैं, जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही ग्राम चौपाल रमवापुर श्याम में ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी के द्वारा गांव में महिलाओं का राशन नहीं दिया जा रहा है जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ पंडरीकृपाल को टीम बनाकर दो दिन के अंदर जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। चौपाल के अंत में डीएम नेहा शर्मा ने पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि यदि गांव में अवैध कब्जा किया जा रहा है तो उनको तत्काल भूमाफिया चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, तहसीलदार सदर गोंडा अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एक्सईएएन जल निगम, खंड विकास अधिकारी पण्डरीकृपाल, सीएचसी अधीक्षक पण्डरीकृपाल पूजा जायसवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम, एसएचओ कोतवाली देहात एवं संबंधित चौकी प्रभारी, एसडीओ विद्युत पण्डरीकृपाल, सहित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम व सीडीओ ने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने विकासखंड पंडरीकृपाल अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्धरातेजी में ग्राम चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत के गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया, तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गांव के सभी गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ खानपान हेतु जानकारी दी जाय। और इन्हें इसके बारे में सभी महिलाओं को जागरूक भी किया जाए तथा आशा बहुओं को निर्देश दिए कि गांव की सभी गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों का टीकाकरण समय से कराने हेतु जागरूक किया जाए और इन्हें समय-समय पर जांच हेतु संबंधित सीएससी पर शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं से लाभान्वित भी किया जाए। जिलाधिकारी ने गांव के गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार वालों को उनके स्वास्थ्य खानपान एवं समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग से जांच कराए जाने हेतु जानकारी दी गई।

# पहाड़ापुर से रामगढ़ गाँव जाने वाला मार्ग बदहाल, आवागमन दूभर

- मार्ग बड़े गड्ढे और कीचड़ में तब्दील, ग्रामीणों ने की सड़क बनवाने की मांग



कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहाँ सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रही है और सरकारी खजाने को इसके नाम पर बड़े पैमाने पर लुटा रही है वहीं दूसरी तरफ धरातल पर यह दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं और गड्ढा युक्त जर्जर मार्ग सरकार के दावे की पोल खोलते हुए, बदहाली बयां कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में देखा जा सकता है।

विदित हो कि कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के पहाड़ापुर चौराहे से रामगढ़ गांव जाने वाले मार्ग पर पहले खड़ंजा लगा था,उसके बाद में करीब वर्ष 2018 से 19 के बीच में आरसीसी सड़क बनवाई गई थी। उक्त सड़क निर्माण के दौरान बीच में कुछ दूरी में सड़क निर्माण कार्य ना कराकर छोड़ दिए जाने से उतनी दूरी में मार्ग काफी खराब होने के साथ ही बदहाली का शिकार है। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और उसमें कीचड़ युक्त जलभराव हो गया है। जिससे अक्सर राहगीर व वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं और लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का मुख्य मार्ग होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस सड़क पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार इस इस अधूरे सड़क निर्माण कराने को लेकर आवाज उठाई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे यह मार्ग गड्ढों व कीचड़ में तब्दील होने से ग्रामीणों व राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत एवं अधूरे सड़क निर्माण को पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

## आबादी की भूमि को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

परसपुर/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पूरे उजागर राजपुर निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र वेद प्रकाश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पीड़ित आबादी की जमीन को चारों तरफ से बांस बल्ली से घेर रहा था कि विपक्षीगण मौके पर पहुंचकर भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी डण्डा से मारने लगे तथा जान से मारने की धमकी भी दिये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उसी के गांव निवासी पदुम नरायन तिवारी पुत्र नरसिंह तिवारी एवं आदर्श पुत्र घनश्याम तिवारी के खिलाफ विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष पदुम नरायन तिवारी ने तहरीर देकर अवगत कराया है कि विपक्षी द्वारा उसके सहन दरवाजे की जमीन कब्जा करने से मना करने पर गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ डण्डा से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने पहुंचे छोटू पुत्र घनश्याम की भी पिटाई करते हुये जान से मार डालने की धमकी भी दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पूरे उजागर राजपुर निवासी अनिल सिंह पुत्र वेदप्रकाश सिंह के खिलाफ विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों कि तहरीर के आधार पर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जाँच उपनिरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गयी है।

# केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बीजेपी ने चलाया सेवा सुशासन सप्ताह

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष कार्यक्रम के निमित्त जनपद के विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क का सिलसिला भाजपा गोंडा द्वारा जारी रहा।

आज जनपद के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा जिले के भिन्न-भिन्न प्रबुद्ध व्यक्तियों से संपर्क स्थापित किया गया। संपर्क करने के साथ साथी उन्हें मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों की बुकलेट प्रदान की गई। साथ ही उनसे पुनः 2024 में मोदी सरकार लाने के हेतु 90-90-90 2024 पर मिस्ड कॉल करवा कर उनका समर्थन मांगा गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप द्वारा आज अमर उजाला के ब्यूरो चीफ श्रीकांत मिश्रा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महाराज श्रीवास्तव पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके श्रीवास्तव रोजवुड इंटर कॉलेज के प्रबंधक अमित पांडे शहर के प्रसिद्ध आई सर्जन डॉक्टर पुनीत कुमार श्रीवास्तव एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुवर्णा कुमार शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकरण राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार तिवारी इत्यादि से संपर्क किया गया। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि मेहनौन विधायक विनय कुमार त्रिवेदी गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे कर्नलगंज विधायक अजय कुमार सिंह जिला महामंत्री राकेश तिवारी आशीष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्र राजेश रायचंदानी दीपक अग्रवाल जिला मंत्री विनय शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता अनुसूचित मोर्चा संयोजक नंदकिशोर अविनाश जयसवाल मनीष द्विवेदी डॉ अनिल कनौजिया मंडल अध्यक्ष अभिषेक दत्त त्रिपाठी श्यामसुंदर मौर्य सिद्धार्थ मिश्रा विशाल अग्रवाल शिवा यादव सहित कई भाजपाइयों ने विशेष व्यक्तियों से संपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## खबरें एक नजर में

### समारोह में शिक्षकों को दी गयी विदाई

- तबादला सूची में बिना भारांक वाले शिक्षक अपने अपने जिलों के लिए हुए कार्यमुक्त



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड में आयोजित एक समारोह में अंतर्जनपदीय तबादले में स्थानांतरित हुए शिक्षकों को सम्मान दे उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में तबादला आदेश सूची में जिन शिक्षकों का बिना भारांक गैर जनपद के लिए स्थानांतरण हुआ उन्हें रिलीव करने के लिए निर्देशित किया गया था। आदेश के क्रम में जरवल शिक्षा क्षेत्र से मो जुलकरनैन खां, संजू, आराधना शुक्ला, विनोद कुमार, रोहिणी तथा उमा सिंह प्रतिहार को विद्यालयों से कार्यमुक्त होकर आने पर बीआरसी जरवल में बीईओ जरवल संतोष सिंह द्वारा फूल माला पहनाकर सभी का मुँह मीठा कराया गया। इस मौके पर मौजूद एआरपी कल्पना मिश्र, मो0 अहमद, अब्दुल मोमिन ने शिक्षकों को उनके घर के नजदीक ट्रांसफर मिलने की बधाई दी। बीईओ श्री सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक अब अपने परिवार के साथ रहकर नौकरी करेंगे, इसलिए नये तैनाती जिले में दुगुनी ऊर्जा से विद्यालय में शिक्षण करेंगे ऐसी अपेक्षा है। इस अवसर पर कार्यालय सहायक पवन कुमार, जयप्रकाश, कमलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, फरीद अहमद, अरविंद व अन्य लोग मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन का टेंडर दिलाने के नाम पर हड़पा 25 लाख, दो पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** जल जीवन मिशन का टेंडर दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये का धोखाधड़ी कर लिया। दो नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। धाने पुर थाना क्षेत्र के सतनामी पुरवा पूरे ठाकुर निवासी अवधेश कुमार मिश्रा पुत्र गया प्रसाद मिश्र ने नगर कोतवाली में मुकदमा लिखाया है कि दिलदार हुसैन पुत्र मुर्तजा , आशीष मौर्या पुत्र अवधेश कुमार निवासी वली पुरवा कोतवाली देहात जिला सुल्तान पुर आठ माह पूर्व लखनऊ में पाइप लाइन के कार्य के दौरान हुई थी । दिलदार और आशीष मौर्या ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन का टेंडर होना है। जल जीवन मिशन के ऑफिस में उस की जान पहचान है। पूरे प्रदेश में 24 करोड़ रुपये का टेंडर होना है । जिस में 5 करोड़ रुपये बच जाएंगे। इस के लिए मुख्य सचिव ए के मिश्रा को एक करोड़ 20 लाख का कमीशन देना पड़ेगा। जल जीवन मिशन का कागजात दिखाया। इस पर उस को विश्वास हो गया।18 जनवरी 2023 को दिलावर को फोन कर के पैसा ले जाने के लिए गोण्डा बुलाया। 19 जनवरी को सुल्तानपुर से गोण्डा एल बी एस चौराहे के पास सिया राम की चाय की दुकान पर आए। दोनो लोग कार में थे। 40 लाख रुपये दिया। एक सप्ताह बाद फोन आया कि टेंडर मिल गया। फोन कर के सुल्तान पुर बुलाया। जल जीवन मिशन का कागजात दिखाया। जी एस टी वाले खाते का एकाउंट नम्बर लिया। करीब चार माह तक एकाउंट में पैसा आया। जून के माह में पैसा आना बंद हो गया। इस पर फोन किया। कमीशन देने के बहाने फिर से एक लाख अस्सी हजार रुपये ले लिया। पैसा भेजने के बाद जब पैसा खाते में नही गया तो फोन किया। फोन नही उठाया। तो सुल्तानपुर जनपद गया। जहाँ दोनो मिले और कह की आपस मे मिल कर बात चीत कर लेते है। वहां के आस पास के लोगो से मिले और जानकारी किया तो पता चला कि धोखे बाज है। करीब 100 लोगो से धोखाधड़ी कर चुके है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दिलदार हुसैन, आशीष मौर्या, दो अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रेमी की पीट-पीटकर हुई थी हत्या, दंपती गिरफ्तार

- मौत के बाद प्रेमिका के पिता ने फंदे से लटका दिया था शव



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के हेमरिया गांव निवासी प्रेमी का शव दो दिन पूर्व प्रेमिका के घर फंदे से लटकता मिला था। मृतक प्रेमी के परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर प्रेमिका के माता और पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी इकबाल खां पुत्र जहूर खां का प्रेम प्रसंग गांव निवासी सलीम की बेटी ललतुन से चल रहा था। दोनों शादी के लिए भी तैयार थे, लेकिन लड़की के परिवार वाले राजी नहीं थे। दो दिन पूर्व इकबाल ने अपनी प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया था। इसकी भनक लगते ही प्रेमिका के पिता सलीम उर्फ भुस्सी ने अपनी पत्नी खलीकुन उर्फ मैसरून के साथ जमकर पीटा था। युवक की मौत के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए अपने ही घर में शव को फंदे से लटका दिया था। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में गंभीर चोटों के निशान सामने आए। जिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। प्रेमिका के माता-पिता से पूछताछ की गई पूछताछ और जांच के आधार पर प्रेमिका के माता और पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



### तीन मंजिल भवन पर चढ़ गया सांड

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के फुटहा कॉलोनी में तीन मंजिला भवन पर एक सांड पहुंच गया। इससे अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची फायर कर्मियों की टीम ने सांड को मशक्कत कर नीचे उतारा।कोतवाली देहात के सिविल लाइन में फुटहा कॉलोनी स्थित है। कॉलोनी में निचले तबके के लोग निवास करते हैं। रविवार को कॉलोनी भवन के तीन मंजिला छत पर एक सांड पहुंच गया। इसके बाद वह लोगों को दौड़ाने लगा वहां के लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। फायर स्टेशन के प्रभारी अधिकारी गेंदा लाल ने बताया कि फायरमैन और अन्य कर्मियों ने छत से नीचे सांड को उतारा। इसके बाद उसे दूर जाकर छोड़ दिया गया। उधर फायर स्टेशन का वाहन क्लेच गियर फटने से बाल बाल पलटने से बच गया।

# कोटेदार ने अधिकारियों पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- कोटेदार ने कार्ड धारकों से की अभद्रता
- कार्ड धारकों के साथ सभासदों ने डीएम से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग



रिसिया नगर के एक कोटेदार का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कार्ड धारकों से अभद्रता कर रहा है। साथ ही कार्ड धारकों के विरोध पर कह रहा है कि पूर्ति निरीक्षक से लेकर जिले के अधिकारी तक घूस ले रहे हैं। कुछ नहीं होगा। कार्ड धारकों के साथ सभासदों ने डीएम से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत रिसिया में कोटेदारों का संचालन क्षेत्र के मोहल्ला में संचालित नहीं हो रही है। इससे आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों को यूनिट से कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसको लेकर आए दिन विवाद हो रहा है। कुछ यही इस समय जिले में वायरल हो रहे वीडियो में देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत में ऋषि भूमि, रविदास नगर और आजाद नगर के कोटेदार से कार्ड धारक कम खाद्यान्न देने का विरोध करते हैं। इस पर कोटेदार कार्ड धारकों से अभद्रता कर रहा है।

कोटेदार कहा रहा है कि ब्लॉक से लेकर जिले तक के विभगीय अधिकारियों को घूस देते हैं। कुछ नहीं होने वाला, यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर के सभासद सोन, रूबीना, सभासद जुबेर खान, आशीष सिंह, आकाश गुप्ता आदि ने डीएसओ को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाई की मांग की है।

इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो देखने के बाद क्षेत्र के सप्लाई इंस्पेक्टर से जांच कराई जाएगी इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा बनें स्वावलंबी : रविन्द्र

- टेड़वा बंसतापुर स्थित आरसेटी में मोबाइल रिपेयरिंग बैच का शुभारंभ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




विकास खंड तेजवापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत टेड़वा बंसतापुर स्थित इंडियन बैंक स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सेल फोन रिपेयरिंग के बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक इंडियन बैंक रविन्द्र सिंह ने किया गया। बैच के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक इंडियन बैंक रविन्द्र सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी अभी युवा है और देश के विकास में आप का योगदान बहुत ही अहम है।आप सभी को स्वावलंबी बनने का एक अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर का लाभ उठा कर आप सभी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। आरसेटी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित कर अपना और अपने परिवार का भविष्य बनाए साथ ही देश के विकाश में अपना योगदान दे।यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सभी को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए आरसेटी बहराइच बैंक से ऋण उपलब्ध कराने में आप की सहायता करेगा।इस अवसर पर एलडीएम जितेंद्रनाथ श्रीवास्तव और आरसेटी निदेशक रीति कुमारी,संकाय सदस्य अरविंद मिश्रा, राजेश कुमार , अतुल कुमार सिंह,शनि कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिलेंडर लीकेज से मकान में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के भवानीपुर टेपरा गांव में मंगलवार को खाना बनाते समय सिलेंडर से आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाया। अग्निकांड में हजारों का नुकसान हुआ है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर के टेपरा निवासी राम चंद्र मिश्रा के घर में मंगलवार को महिला खाना बना रही थी। तभी अचानक पाइप लाइन में लीकेज से आग लग गई। सिलेंडर में आग लग गया। घर के लोगों ने बाहर जाकर जान बचाई। आग लगने की सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग बुझाया। लेकिन मकान में अंदर गृहस्थी का सामान समेट लगभग 40 हजार का नुकसान हुआ है। मकान के अंदर का हिस्सा भी खराब हो गया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** तरब गंज थाना क्षेत्र में देव नगर बाजार के पास एक बाइक पर सवार दो लोगो को ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिस में एक युवक की मौत हो गई। एक घायल हो गया। तरब गंज थाना क्षेत्र के मातादीन पुरवा निवासी 32 वर्षीय रोहित यादव पुत्र राम बरन और दूध नाथ पुत्र पति राम दोनो एक बाइक पर सवार हो कर सोमवार को बाजार बच्चों का किताब कापी खरीदने आये थे। खरीद कर दोनो वापस जा रहे थे। देव नगर के पास एक ट्रक दुकान पर मोरंग गिरा कर जा रहा था।पीछे से साइड मार दिया। दोनो को जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान रोहित की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के चार लडकिया है। शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है ।

# एमडीए राउंड की सफलता को साझा प्रयास की जरूरत : डॉ. नुपूर रॉय

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- 10 अगस्त से शुरू हो रहे अभियान को लेकर केंद्रीय टीम ने लिया तैयारियों का जायजा



वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम भारत सरकार की चीफ डॉ. नुपूर रॉय के नेतृत्व में चार सदस्यी टीम ने सीएमओ कार्यालय में समीक्षा बैठक की।इस मौके पर टीम ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत आगामी 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान एमडीए राउंड की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर डॉ. नुपूर रॉय ने कहा कि एमडीए राउंड की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं को मिलकर एक साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग जल्द ही अपने माइक्रोप्लान को अंतिम रूप देकर उस पर अमल करना शुरू कर दे। टीम ने एसीएमओ वीबीडी डॉ. राजेश कुमार से जानना चाहा कि अर्बन क्षेत्र में कितनी आशा कार्यकर्ता हैं और कितनी टीमें बनाई गई हैं, जिस पर एसीएमओ ने बताया कि अर्बन क्षेत्र में कुल 97 टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आशा कार्यकर्ता की कमी को पूरा करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्वयं सेवकों की भी मदद ली जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में सभी लोगों को लेकर आगामी 6 जुलाई को सीएमओ कार्यालय के सभागार में पाथ संस्था के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टीम ने जानना चाहा कि बीते वर्षों में फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के बाद लोगों को जो साइड इफेक्ट्स हुए हैं, उनका कोई रिकॉर्ड है। जिस पर टीम को बताया गया कि ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिस पर टीम ने कहा कि इस बार इस तरह का रिकार्ड तैयार किया जाए, जिसमें साइड इफेक्ट्स के साथ ही संबंधित ब्लॉक का विवरण हो। टीम ने बताया कि अभियान की शुरूआत में 4-5 दिन सार्वजनिक स्थानों पर बूथ लगाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का काम किया जाएगा, इसके बाद मोबाइल टीमें घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। यह बूथ मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनस सेंटर, शॉपिंग माल, बाजार सहित अन्य भीड़भाड़ वाली जगहों पर लगाए जाएंगे। इसके लिए जरूरी है कि यह बूथ कहां पर बनेंगे, उन पर किन लोगों की ड्यूटी रहेगी, बूथों की मॉनिटरिंग कौन करेगा, इसका पूरा प्लान अभी से ही तैयार कर लिया जाए। साथ ही फाइलेरिया जागरूकता से संबंधित कुछ पंपलेट्स छपवा लिए जाएं, जिससे कि आशा कार्यकर्ता जब आगामी 17 जुलाई से शुरू हो रहे दस्तक अभियान के तहत लोगों के घर जाएं तो परिवार के सदस्यों वह पंपलेट दे दें। जिससे लोगों को इस अभियान की जानकारी मिले साथ ही लोगों को यह भी पता चले कि फाइलेरिया से बचाव की दवा खाना क्यों और कितना जरूरी है।टीम ने एमडीए ट्रैकर (गूगल शीट) को नियमित रूप से अपडेट करने और अभियान को लेकर मीडिया कवरेज बढ़ाने को भी कहा।

### जरवल में माइक्रो प्लान व परिवार सर्वे रजिस्टर का किया अवलोकन

इससे पूर्व टीम ने जरवल सीएचसी पहुंच कर वर्ष 2022 का माइक्रो प्लान व परिवार सर्वे रजिस्टर का अवलोकन कर अभियान को सफल बनाने को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रीतेश और बीसीपीएम सोनी जायसवाल से चर्चा की।टीम में वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम भारत सरकार की चीफ डॉ. नुपूर रॉय, पाथ संस्था के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अंबरेश कुमार, पीसीआई की नेशनल लीड राजश्री और टीएसयू के डॉ. अतुल मित्तल शामिल रहे। बैठक में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, एफसीओ दीपमाला, फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार, पाथ के डॉ. अनंत विशाल, पीसीआई के ध्रुव मिश्रा शामिल रहे।

### दवा खाकर फाइलेरिया से करें बचाव

नोडल अधिकारी बीवीडी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया हाथी पांव लाइलाज है लेकिन दवा खाने से इस रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से यह भी अपील की है कि आगामी 10 अगस्त से जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती, एक माह के बच्चे वाली प्रसूता और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है।एक से दो वर्ष की आयु के बच्चों को केवल आधी गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने ही करवाएंगे। दवा खाली पेट नहीं खानी है।दवा खाने के बाद जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आए तो घबराएं नहीं, यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वत: ठीक हो जाती है।

### फाइलेरिया के लक्षण

फाइलेरिया मच्छरों के काटने के बाद व्यक्ति को बहुत सामान्य लक्षण दिखते हैं। अचानक बुखार आना (आमतौर पर बुखार 2-3 दिन में ठीक हो जाता है), हाथ-पैरों में खुजली होना, एलर्जी और त्वचा की समस्या, स्नोफीलिया, हाथों में सूजन, पैरों में सूजन के कारण पैर का बहुत मोटा हो जाना, पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन होना, पुरुषों के अंडकोष व महिलाओं के स्तन में सूजन आना फाइलेरिया के लक्षण हैं। हालांकि यह लक्षण 10-12 साल बाद नजर आते हैं।

# धरती के भगवान चंद रुपयों के लालच बने हैवान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- इंजेक्शन लगाने के बाद हुए इंफेक्शन के बाद मासूम के हाथ में फैला गैंगरीन इंफेक्शन
- पीड़ित बच्चे के पिता ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार



धरती के भगवान चंद रुपयों के लालच बने हैवान इंजेक्शन लगाने के बाद हुए इंफेक्शन के बाद दुध मुहे मासूम के हाथ में फैला गैंगरीन इंफेक्शन फैलने के बाद अस्पताल प्रशासन ने जबरन मरीज के परिजनों से लिखा कर अस्पताल से भगाया पीड़ित बच्चे के पिता ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार जिलाधिकारी ने अस्पताल के खिलाफ दिए कड़ी कार्यवाही के निर्देश मामला शहर के नेहरू नगर क्रॉसिंग पर स्थित प्राइवेट सत्यम हॉस्पिटल का है जहां लालगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी सुरेंद्र शर्मा के 2 वर्ष के मासूम बच्चे राघव को निमोनिया होने के कारण 13 जून 2023 को प्राइवेट सत्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया था धरती के कराने के बाद डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज शुरू किया इलाज के दौरान बच्चे को के साथ-साथ कई इंजेक्शन भी लगाए गए जिसके एवज में डॉक्टरों ने मासूम बच्चे के परिजनों से फीस के तौर पर मोटी रकम भी वसूली इसी बीच बच्चे के जिस हाथ इंजेक्शन लगा था उसमें इन्फेक्शन फैलने लगा यह बात बच्चे के पिता ने जब अस्पताल के डॉक्टरों को बताई तो डॉक्टरों ने उसे आश्वासन देते हुए कहा कि परेशान ना हो ठीक हो जाएगा लेकिन एक-दो दिन बीत जाने के बाद जब इंफेक्शन और फैलने लगा तो डॉक्टरों ने बच्चे को अस्पताल से भगा दिया जिसके बाद पिता मासूम बच्चे को लेकर इधर-उधर भटकता रहा इसके बाद जब पिता ने बच्चे को एम्स रायबरेली में दिखाया तो डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के गैंगरीन फैल चुका है जिसका इलाज यहां संभव नहीं है पीड़ित बच्चे के पिता सुरेंद्र शर्मा ने आज जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए एसीएमओ व एसडीएम के नेतृत्व में टीम बनाकर पुलिस मामले की जांच करके विस्तृत रिपोर्ट मांगी है वही मामले की जांच अधिकारी एसीएमओ डॉ अरविंद का कहना है कि प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आ रही है जांच करने के बाद पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

# ऐतिहासिक है अमांवा स्थित झारखण्डेश्वर धाम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आज समाज में जहां तमाम तरह के अपवाद दिखाई दे रहे हैं वहीं सामाजिक सद्भाव एवं हिन्दू मुस्लिम भाई चारे का केंद्र बना रहे अमांवा स्थित झारखण्डेश्वर शिव मन्दिर जहां तक इसके पुरातन होने की बात है तो कुछ स्थानीय लोग इसे रामायण काल से भी जोड़ते हैं किन्तु प्रमाण नही मिलते ऐसा भी कहा जाता है कि अमांवा तिलोई राजघराने का भू भाग था जो कालान्तर में बंटवारे के राजा नवल सिंह को मिला जिनके वंशज आज भी धनुहा अमेठी में रहते हैं चूंकि कान्हपुरिया क्षत्री शिव उपासक थे इस नाम से एक मंदिर मोहन गंज से शायमंऊ की तरफ चलने पर बाई ओर आता है अतः अनुमान लगाया जा सकता है कि हो न हो इसे कान्हपुरिया राजा द्वारा बनवाया अथवा संरक्षित किया गया हो।



कहते हैं कि आजादी की लड़ाई के समय महान क्रान्तिकारी राना बेनी माधव सिंह ने यहां शरण ली भोलेनाथ नाथ की कृपा से अंग्रेज भ्रमित हुए और राना बेनी माधव सिंह सुरक्षित रहे वर्तमान मंदिर उन्हीं के द्वारा जिर्णोद्धार कराया हुआ है ।मंदिर के अन्दर विग्रह पर गहरा कटे का निशान है जो मुगल काल में आततायियों के बर्बर आक्रमण का प्रमाण है कुछ खंडित मूर्तियां भी मंदिर में देखने को मिलती हैं जो पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा प्रमाणित की जा सकती हैं वर्तमान में मंदिर की प्रतिष्ठा आस पास कई कोस के अलावा आस पास के जिलों तक है लोग सावन के महीने में कांवड़ यात्रा कर जल चढ़ाते हैं वहीं हर साल यहां से अमरनाथ यात्रा पर जत्था जाता है। लोगों के सभी संस्कार यहां होते रहते हैं ।शिवरात्रि पर मेले का आयोजन अभूतपूर्व होता वहीं हर पूर्णिमा पर भंडारा होता रहता है ।मंदिर में हिंदू तथा मुस्लिम भाईयों के द्वारा अक्सर घंटे चढाये जाते हैं यहां पर कोई भी झूठी कशम नहीं खा सकता ऐसी मान्यता है।

## खबरें एक नजर में

### भारी बारिश से गिरा कच्चा मकान दो लोग घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चौबीस घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से गिरा कच्चा मकान मकान के मलबे में दबकर 2 लोग हुए घायल मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तेलिया कोट मोहल्ले का है जहां 2 दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते बेबी सोनकर का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया जिससे मकान के अंदर बैठे दोनों लड़के सुमित सोनकर व विनय सोनकर मलबे में दब गए लोगों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को मलबे से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने मकान गिरने से नुकसान का आकलन करने के बाद क्षतिपूर्ति दिए जाने का आश्वासन दिया है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर बीते सोमवार को भुड्डा चौराहा के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में एक महिला और उसके तीन अबोध बच्चे घायल हो गए थे। घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। गुरु पूर्णिमा पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिखरियापुर निवासी अरविंद अपनी पत्नी नंदरानी 35 वर्ष व पुत्रियां कीर्ति 5 वर्ष और काव्या एक वर्ष तथा पुत्र मंजेश 3 वर्ष को बाइक से लेकर गंगा स्नान करने गया था। वापस घर लौटते समय बिल्हौर मार्ग पर स्थित भुड्डा चौराहा के निकट अचानक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में नंदरानी सहित तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सरकारी एंबुलेंस घायल महिला और उसके तीनों बच्चों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखकर घायल महिला नंदरानी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां देररात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम जोगीकोट के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक हेलमेट लगाए थे। इसलिए उनकी जान बच गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। नई दिल्ली के मोहल्ला भजनपुरा करोल बाग निवासी पंकज 22 पुत्र श्यामसुंदर और यूपी के जिला सिद्धार्थ नगर निवासी सुभाष 25 पुत्र संतोषी दोनों युवक बाइक द्वारा सिद्धार्थनगर से दिल्ली जा रहे थे तभी रास्ते में सोमवार को देररात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम जोगीकोट के निकट तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ट्रक से भिड़ी डीसीएम, दो घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल नाका के निकट तेज रफ्तार डीसीएम आगे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में डीसीएम सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद फिरोजाबाद के थाना सुखबर अंतर्गत ग्राम चित्रावली निवासी मुनेश 35 पुत्र रघुपति दयाल और अजय शंकर 35 पुत्र बलबीर दोनों डीसीएम में आम लादने लखनऊ जा रहे थे तभी बीते सोमवार को देररात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल नाका के निकट तेज रफ्तार डीसीएम पहले से खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में मुनेश और अजय शंकर दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गंगा स्नान करने गये युवक की डूबकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सावन माह के प्रथम दिवस परिजनों संग गंगा नहाने गया युवक अचानक गहरे पानी में चला गया। परिजनों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया किन्तु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौबतगंज निवासी 20 वर्षीय अनुज पुत्र रामऔतार अपने भाई आकाश व अंकित तथा चाचा विपिन के साथ गांव से मात्र दो किलोमीटर दूर स्थित नानामऊ गंगातट पर गंगा स्नान करने गया था। नहाते समय अचानक अनुज गहरे पानी में समा गया। अनुज को डूबते देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब आधे घंटे बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया किंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अनुज की मौत की सूचना से परिजनो में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी होते ही तहसीलदार दिलीप कुमार, कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र गौतम मौके पर पहुंचे और परिजनो को ढांढस बंधाया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। अनुज अविवाहित था। वह भाईयों के साथ मिठाई की दुकान पर रहकर घर के काम-काज में हाथ बंटाता था।

# अनुराग रंजन बने रायबरेली के नए जिला सूचना अधिकारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के नए जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। अनुराग रंजन लखनऊ के रहने वाले हैं। वह वर्ष 2018 बैच के पीसीएस अधिकारी है। इससे पहले वह बलिया जनपद में जिला सूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। ये अपने परिवार के पांचवे पीसीएस अधिकारी है। रायबरेली से इनका पुराना नाता है। उनके पिता सतीराम भी वर्ष 2002-2007 तक रायबरेली विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ वित्त एवं



लेखाधिकारी रह चुके हैं। उनके चाचा राजकुमार जनपद के लालगंज तहसील में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्माणाधीन विद्यालयो के संबंध में जानकारी हासिल की। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कई ब्लॉकों में कार्य जारी है जिनमें जनपद की स्थिति संतोषजनक है। इसके अतिरिक्त निपुण मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन के संबंध में भी जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। बेसिक




शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कुछ ब्लाकों में हमारे जनपद में सौ प्रतिशत नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे विद्यालयों के अध्यापकों को सम्मानित किया जाए जिन्होंने अच्छा कार्य किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय के जर्जर भवनों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लिये एक कमेटी बनाकर जांच कराई जा रही है। ऐसे भवनों को चिन्हित करके जल्द से जल्द उनका निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं उसी प्रकार हमारा ऐसा प्रयास होना चाहिए कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। विद्यालयों से बच्चों का भविष्य जुड़ा रहता है। अतः उसे बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। इसके लिए न केवल माता-पिता बल्कि समाज के लोगों को भी जागरूक किया जाए।

बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ, डीआईओएस के अतिरिक्त सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# ओपन जिम और रिवरफ्रंट का कराएं निर्माण : मंत्री

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि रामकृपाल चौराहे से सर्राफा बाजार तक डिवाइडर और फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज से सिविल कोर्ट, त्रिपुला से जहानाबाद सड़क का प्रस्ताव बनाकर भेजें। इसके अतिरिक्त उन्होंने एडीएम प्रशासन से कहा कि ओपन जिम बनाया जाए जिससे कि लोगों को स्वास्थ्य लाभ



मिल सके।

सई नदी के बाई तरफ इंदिरा गांधी इंदिरा उद्यान की ओर सुबह लोगों के टहलने के लिए रिवर फ्रंट का निर्माण कराया जाए। जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो भी कार्य आपके विभाग को दिया गया है उसे जल्द से जल्द पूरा कराएं। सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि डलमऊ कैनाल में पानी के लिए उन्नाव कैनाल विभाग से संपर्क करके पानी की समस्या को दूर करें। इसके अतिरिक्त डलमऊ कैनाल पर लोक निर्माण विभाग के पुलों के निर्माण के संबंध में जानकारी हासिल की।

### गंगा पुल पर भिड़े दो डंपर बाल बाल बचे ड्राइवर व क्लीनर

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** देर रात टला बड़ा सड़क हादसा बाल बाल बची ड्राइवर व कंडक्टर की जान मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गेगांसो स्थित गंगा पुल का है ब्रेक फेल हो जाने के कारण तेज रफ्तार ट्रक ने गंगा पुल पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रक के परखच्चे उड़ गए देर रात हुई घटना से वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक में फंसे ड्राइवर व कंडक्टर को सुरक्षित बाहर निकाला गनीमत यह इतने बड़े हादसे में दोनों की जान बच गई वही पुल के ऊपर दोनों तरफ से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को किनारे करवाकर जाम खुलवाया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी स्कूली बस

- चालक और एक छात्र घायल, चालक जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में टला सड़क हादसा स्कूली बच्चों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरी बस में बैठे बच्चों में मची चीख-पुकार ड्राइवर समेत 2 लोग हुए घायल मामला सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सरेनी मार्ग हसनापुर का है।

जहां एसजेएस स्कूल में छुट्टी होने के बाद बस बच्चों को छोड़ने जा रही थीद्य तभी बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में चली गई जिससे बस में बैठे छात्र छात्राओं में



चीख-पुकार मच गई बच्चों की चीख-पुकार सुनकर मदद के लिए दौड़े स्थानीय लोगों ने एक-एक करके बच्चों को बस से बाहर निकाला जिसमें बस चालक रामबरन निवासी राशीगांव व इंटर का शौर्य समेत क्लीनर हुए घायल स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी सरेनी ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।




### दो निर्धन कन्याओं को कम्प्यूटर शिक्षित करने का इनरव्हील क्लब ने उठाया बीड़ा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** इनरव्हील क्लब, रायबरेली के द्वारा वर्ष 2023-24 के नवीन सत्र की शुरुआत तकनीकी विकास के प्रोजेक्ट से रोटरी सेवा सदन में की गई।समाजसेवा व विशेषकर स्त्रियों की आत्मनिर्भरता के लिए कार्य करने वाली प्रसिद्ध संस्था इनरव्हील क्लब,रायबरेली ने वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए सीखने को उत्सुक ,दो गरीब छात्राओं की कम्प्यूटर शिक्षा का शुल्कभार वहन करने का निर्णय लिया। इस मौक़े पर इनरव्हील क्लब, रायबरेली की अध्यक्ष अलका द्विवेदी ने चयनित दो छात्राओं की तीन माह के बेसिक कोर्स की फीस जमा की तथा यह भी कहा कि तीन माह पश्चात् इनका संतोषजनक मूल्यांकन देखकर इन्हें एडवांस्ड कोर्स भी क्लब के सहयोग से कराए जाएंगे ताकि इन्हें तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके जोकि इनके कैरियर निर्माण में सहायक हो ।इस अभियान में पूर्व अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, अल्पना पीयूष, मंजू सिंह,सम्पादक स्मृति सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में सचिव वैशाली चंद्रा ने आए हुए सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो युवको को रौंदा, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अचलगंज थानांतर्गत कस्बा निवासी रामनाथ क्षेत्र के सातन गांव के मजरे रायपुर निवासी अपने मामा महेश को लेकर बाइक से घर जा रहा था तभी उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर अचानक सामने से आए तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों बाइक समेत रोड पर गिर गए। भागने की फिराक में रहे ट्रक चालक ने दोनों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने चालक सहित दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया है। शव रोड से तुरंत उठाने से नाराज परिजन सड़क पर ही बैठ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया है। घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे ट्रक को लोहचा मोड़ के पास पुलिस ने पकड़ लिया।

# नाले में तब्दील हुआ महराजगंज वाया इन्हौना मार्ग पर कांग्रेसियों ने की धान की रोपाई

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

वर्षों से उपेक्षा का शिकार झेल रहा महराजगंज वाया इन्हौना मार्ग पर कांग्रेसियों ने की धान की रोपाई।

कांग्रेसी नेता प्रिन्सू वैश्य की अगुवाई मे कांग्रेसियों ने सड़क पर धान की रोपाई शुरू कर दी वर्षों से बदहाल मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं है और जनता बदहाल मार्ग पर चलने को मजबूर है। अभी तक तो जर्जर मार्ग ही था लेकिन बारिश के कारण पूरी सड़क एक नाले में तब्दील हो गई है और लोग इस नाले से होकर आते जाते हैं। आज कांग्रेसियों ने सुखई का पूरवा मोड़ पर सड़क में धान की रोपाई शुरू कर दी



कांग्रेसी नेता प्रिन्सू वैश्य से बात करने पर बताया कि बदहाल मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं है बीजेपी की सरकार है इसी मार्ग से लोग अयोध्या जाते हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी वाले मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियां बता रहे हैं उन्हें शर्म आनी चाहिए कि इस तरह की सड़क उनके क्षेत्र में क्यों है रायबरेली के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जब हमारी सांसद सोनिया गांधी ने इस सड़क के विषय में दो बार परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा लेकिन केंद्र सरकार रायबरेली के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है इस सड़क पर केवल राजनीति की जा रही है। इस मौके पर जैनुल आब्दीन उर्फ लाल मनिहार अंकुर जायसवाल नगर अध्यक्ष कांग्रेस प्रशांत जायसवाल मौजूद रहे।

# सावन के पहले दिन भक्तों ने की पूजा-अर्चना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सावन के पहले दिन मंगलवार को मगरवारा के गोकुलबाबा मंदिर में भक्तों ने बाबा की पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ति की कामना की। सुबह सबसे पहले मंदिर में विराजित शिवलिंग का श्रंगार पूजा अर्चना एवं आरती हुई।

इस मौके पर पुजारी बृजभूषण बाजपेई और समिति के सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद भक्तों के दर्शन पूजन के लिए मंदिर के द्वार खोल दिये गये। भक्तों ने भी भोलेनाथ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में पूजा-अर्चना करने का कार्यक्रम दोपहर के



बाद तक चलता रहा।

गोकुलबाबा मंदिर सेवा समिति की अध्यक्ष सोमवती सिंह ने बताया कि सावन के पहले सोमवार के मौके पर शिवभक्तों की भारी भीड़ जुटेगी। जिसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति की कोशिश रहेगी कि बाबा की पूजा अर्चना के लिए आने वाले भक्तों को कोई भी असुविधा न हो।

# सपा की मासिक बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने की बनी रणनीति

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियो का स्वागत एव अभिनंदन करते हुए कहा कि सभी जाति धर्म व जिले के हर कोने से कार्यकर्ताओं को जिला कमेटी में स्थान देने का प्रयास किया है हमारे जो भी भाई रह गये है पुनः कमेटी का विस्तार एवं प्रकोष्ठों में और विधानसभा कमेटियों में सभी लोगो का समायोजन किया जाएगा।

श्री यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि सिविल लाइन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पूर्व एमएलसी, पूर्व सांसद एव पूर्व जिलाध्यक्ष सभी के दिलो में राज करने वाले स्व0 अनवार अहमद बाबूजी की याद में मौजूदा बिल्डिंग के ऊपर एक नवीन हाल बहुत जल्द बनाया जाएगा। सभी पदाधिकारियो से अपील करते हुए कहा कि आगामी 2024 के चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है इसलिए आप सभी अपने अपने क्षेत्र में वर्तमान सरकार के जन विरोधी कार्यो को घर-घर और एक-एक व्यक्ति को बताये। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने कहा समाजवादी विचारधारा भारतीय गणतंत्र के मूल स्वभाव में है। भाजपा सरकार चाह रही है कि समाजवादी विचारधारा को देश से खत्म किया जाए जिससे वो मुल्क में राजतंत्र स्थापित कर सके किन्तु प्रदेश में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में जिस प्रकार से एक-एक समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता, नेता जनसंघर्ष के लिए सड़क पर उतरकर मेहनत कर रहा उससे निश्चित ही देश में प्रजातन्त्र विरोधी सरकार का राज खत्म होकर केंद्र में समाजवादी विचारधारा की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाने का काम करेगी। पूर्व मंत्री सुधीर रावत ने कहा कि समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तमाम जनकारी योजनाओं को चलाकर छात्र, नवजवान, बेरोजगार एवं बुजुर्ग और महिलाओं को लाभ पहुँचाने का काम किया था। साथ ही साथ विकास की धारा को गति देकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का प्रयास किया था लेकिन मौजूदा सरकार के कारनामे सभी के सामने है। बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.के. त्रिपाठी, महासचिव उजैर अहमद, पूर्व विधायक सुंदरलाल लोधी, आँचल वर्मा, राजकुमार रावत, मुन्ना अलवी, सुंदरलाल कुरील, अंकित परिहार, अनवर सिद्दीकी, अलवी मिश्रा, ओम प्रकाश पासवान आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुशवाहा ने किया। बैठक में मीडिया प्रभारी/सचिव आलोक निगम, नरेंद्र लोधीं, याकूब अली, हरिकेश यादव, सुजा रहमान शफ्श्री, मो. इस्माइल, राजेश यादव साधु, रमन पटेल, हेमंत पाल, आलोक त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, अंशुमान सिंह, शीलू यादव, कुलदीप यादव, राहुल अग्निहोत्री, लवकेश श्रीवास्तव, शिशिर गुप्ता, रामबहादुर यादव, राहुल मिश्रा, रमेश रावत, राजकुमार लोधी, गंगाप्रसाद यादव, अतहर अली लाले, अफ्जाल अहमद, हरीश किदवई, छोटेलाल भारती, रामपाल कुशवाहा, अशोक सिंह, अंशु रावत सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनता से छल

महाराष्ट्र में राकांपा में टूट और राजग के कुनबे का विस्तार करते हुए बागियों का सरकार में शामिल होना राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ नेताओं के सत्ता मोह को भी दर्शाता है। विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफहै कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। बल्कि कहा जा सकता है कि सत्ता के लिये महत्वाकांक्षी राजनेताओं ने कानून के प्रावधान में नये छिद्र तलाशे हैं। बल्कि यूं कहें कि दलबदल का दायरा बड़ा हो गया है। इस बदलाव का संकेत यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल सत्ता व अन्य ताकत के स्रोतों के जरिये किसी भी दल में तोड़फोड़ करने में सक्षम हो जाता है। राज्य में सरकार बनाने के लिये पहले भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़कर शिवसेना का कांग्रेस, राकांपा आदि दलों के साथ सरकार बनाना, फिर शिवसेना में विद्रोह और भाजपा के साथ बागी शिवसैनिकों का सरकार में शामिल होना बताता है कि कैसे राजनेता किसी दल विशेष के खिलाफ जनता से वोट मांगते हैं और फिर सत्ता सुख के लिये उसी विरोधी राजनीतिक दल के बगलगीर हो जाते हैं। निस्संदेह, ये मतदाताओं के साथ छल ही है। आप ने दूसरे मुद्दों पर वोट मांगा और किसी दल विशेष के खिलाफ जनादेश पाया और बाद में कुर्सी के लिये उसी दल की सरकार का हिस्सा हो गये। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र में राजनीतिक विद्रूपता के साथ ही राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी खासे विवाद हुए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। लेकिन एक बात तो तय है कि कदम-कदम पर लोकतांत्रिक शुचिता का हनन जारी है। बहरहाल,सत्ता सुख के लिये राजनीतिक विद्रूपताओं का चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। वहीं दूसरी ओर राकांपा में चाचा -भतीजे की महत्वाकांक्षाओं से उपजी फूट में कहीं न कहीं परिवारवादी राजनीति का हश्र भी सामने आया है। देश में कुछ दशकों से परिवारवाद की राजनीति का जो विद्रूप चेहरा सामने आया है, यह उसकी परिणति ही है। हालांकि, पहले भी अजीत पवार भाजपा के साथ मिलकर सरकार चलाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन हालिया संकट तब उपजा जब शरद पवार ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटी सुप्रिया सुले को सौंपी। यही पुत्री मोह शरद पवार को भारी पड़ गया। निस्संदेह, जो राजनीतिक दल परिवारवाद की राजनीति का पोषण करते हैं उन्हें कालांतर परिवार के बिखराव का दंश भी भुगतना ही पड़ता है। बहरहाल, यह घटनाक्रम न केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस बल्कि महाविकास अघाड़ी के लिये भी बड़ा झटका है। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों शुरू हुई विपक्षी एकता की कोशिशों को भी इस घटनाक्रम से क्षति पहुंची है। जाहिर तौर पर तोड़फोड़ के इस खेल का लक्ष्य अगले साल होने वाला आम चुनाव भी है। यह सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा की सीटें महाराष्ट्र से ही हैं। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार चला रहे दलों को आम चुनाव में सुविधाजनक तंत्र के चलते कुछ बढ़त तो मिलती ही है। राज्य में तुरत-फुरत हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम के आयोजन के निहितार्थ यह भी थे कि पहली बार चाचा से विद्रोह करने वाले अजीत पवार कहीं पहले की तरह फिर से राकांपा के खेमे में न लौट जाएं। जाहिरा तौर पर आने वाले दिनों में लड़ाई इस बात को लेकर भी होगी कि पार्टी का असली मुखिया कौन होगा। असली राकांपा किसके हिस्से में आती है। आने वाले दिनों में राजनीति के महारथी शरद पवार अदालत व चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटा कर अपनी राजनीतिक विरासत को पाने को प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी ओर राज्य में सत्ता के समीकरणों में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। देखना होगा कि एकनाथ शिंदे मजबूत होते हैं कि देवेंद्र फडणवीस। बहरहाल, घटनाक्रम जनता के लिये सबक है कि कैसे राजनीतिक दल मूल्यों व जनता हित की दुहाई देकर तुरत-फुरत दूसरे दल के खेमे में चले जाते हैं।

# मणिपुर और फ्रांस



सरकारों की संवेदनहीनता, भेदभाव पर उदासीनता और अन्याय के प्रति सहिष्णुता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है, यह बात फ्रांस से लेकर भारत में मणिपुर तक देखी जा सकती है। मणिपुर पिछले दो महीने से धधक रहा है, लेकिन कमाल है कि दुनिया को लोकतंत्र का सबक सिखाने का दंभ करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को इन दो महीनों में दो मिनट की फुर्सत भी मणिपुरियों की ओर देखने की नहीं मिली। ये शायद उनके लोकतंत्र की परिभाषा है, जहां चुनाव प्रचार करना प्रधानमंत्री का प्रधान काम बन गया है और अगर उससे वक्त मिले तो देश के मसले सुलझाने पर वे ध्यान दें। फिलहाल उनकी प्राथमिकता में मणिपुर नहीं है और ये कहना कठिन है कि कब जाकर इस सुंदर, प्राकृतिक संपदा से भरपूर, सीमांत राज्य में शांति बहाली होगी। मोदीजी के कार्यक्रमों की सबसे तेज और पल-पल की खबर देने वाले पत्रकार भी मणिपुर की बात नहीं कर रहे हैं। क्योंकि उनके मुखिया इस बारे में कुछ नहीं कह रहे, तो वे किस बात की रिपोर्टिंग करेंगे। वैसे अभी ये भी नहीं पता कि प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस में चल रही हिंसा पर कुछ कहा या नहीं। उन्हें विश्वनेता बनने का जुनून है, तो हो सकता है वे फ्रांस के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करें और फ्रांस की सरकार को हर संभव मदद का आासन दे दें। देश के कई मीडिया चौनलों और पत्रकारों ने फ्रांस पर चर्चा-परिचर्चा शुरु भी कर दी है। मणिपुर न सही, फ्रांस में हो रही हिंसा पर तो बात हो ही सकती है, उससे भाजपा पर कोई सवाल नहीं उठेंगे।

गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को 17 बरस के नाहेल नाम के किशोर को पेरिस के नॉन्ते में ट्रैफिक सिग्नल पर नहीं रुकने के कारण पुलिस ने गोली मार दी। आरोपी पुलिसकर्मी का कहना है कि उसे डर था कि वह लड़का अपनी कार से किसी को कुचल न दे। फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों में नस्लभेद का जो दौर चला है, उसमें पुलिसकर्मी को ऐसे ही किसी डर से ग्रसित होना था। नाहेल मुस्लिम था, अरबी लोगों की तरह उसकी पहचान की जा सकती थी, तो जाहिर है पुलिसकर्मी ने पूर्वाग्रह के कारण उसे केवल अपने डर की वजह से गोली मार दी। नाहेल किसी और शक्ल-सूरत का होता तो शायद ऐसा नहीं होता। भारत के प्रधानमंत्री कपड़ों से पहचान का आह्वान करते हैं, फ्रांस में शक्ल से पहचान की जा रही है, उधर अमेरिका में तो यह काम बरसों से हो ही रहा है। ब्लैक लाइव मैटर्स अभियान बीच-बीच में ऐसी प्रवृत्ति के लिए चुनौती खड़ी करते हैं, लेकिन दुनिया के हालात तब तक नहीं सुधरेंगे, जब तक ब्लैक, व्हाइट, ग्रे, ब्राउन, यलो हर तरह की लाइफके मैटर करने का भाव लोगों में नहीं भरेगा। भारतीय परंपरा के शब्दों में कहें तो प्राणि मात्र पर दया का भाव जब तक मानव नहीं अपनाएगा, तब तक ऐसे अन्याय होते ही रहेंगे। नाहेल की मौत अल्पसंख्यकों की प्रताड़ना की एक और घटना की तरह रफा-दफा नहीं हुई, बल्कि इस बार फ्रांस इस एक मुद्दे के कारण सुलग उठा। पेरिस को प्रेम के लिए दुनिया उपयुक्त स्थान मानती है, लेकिन आज उसी पेरिस में लोगों को घरों में रहने का फरमान जारी हुआ है और सड़कों पर पुलिस की गश्त चल रही है। मर्साय, ल्योन और ग्रेनोब्ले जैसे कई शहरों में दंगे, लूटपाट, आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। कई वाहनों को दंगाइयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। फ्रांस की पुलिस ने अब तक 2 हजार से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के रवैये से नाराज लोग नाहेल को इंसाफ दिलाने की मांग पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों की ओर एकजुटता की अपील की वजह से भी लोग बड़ी तादाद में सड़कों पर निकल रहे हैं. इससे पुलिस का काम और मुश्किल होता जा रहा है। ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की बैठक छोड़ राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों फ्रांस लौट आए, उन्होंने अपना जर्मनी दौरा भी रद्द कर दिया। उन्होंने नाहेल की मौत को माफी लायक न बताते हुए उसकी निंदा की थी। लेकिन अब राष्ट्रपति मैक्रों ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि श्एक नाबालिग की मौत का दुरुपयोग अस्वीकार्य है। उन्होंने हिंसा पर लगाम लगाने के लिए सोशल नेटवर्कों के साथ मिल कर काम करने की बात कही है। साथ ही हिंसा कर रहे नाबालिगों के मां-बाप से भी उनकी जिम्मेदारी लेने को कहा है। सरकार के मुताबिक, हिंसा करने वालों में एक तिहाई संख्या नाबालिगों की है। राष्ट्रपति मैक्रों ने खुद को नीरो होने का ठप्पा लगाने से बचा लिया है, क्योंकि वे हालात पर नजर रख रहे हैं। देश के एक हिस्से को जलता छोड़ विदेश यात्रा पर नहीं निकल गए। लेकिन फ्रांस की सरकार पर यह आरोप तो बनता ही है कि देश में नस्लीय और जातीय हिंसा की सुलग रही चिंगारी को न संभालने के कारण आज यह आग लगी है। अब इस आग की चपेट में फिर से अल्पसंख्यक समुदाय आता दिख रहा है। क्योंकि अब कई यूरोपीय देशों के नेता इसे अफ्रीकी और मुस्लिम शरणार्थियों की समस्या से जोड़ रहे हैं।

नीदरलैंड के दक्षिणपंथी सांसद गिर्ट विल्डर्स ने ट्वीट किया श्अगर आप जिहाद का आयात करेंगे तो हैरान मत होइए कि आप खिलाफत बन जाएं। पोलिश नेता डोमिनिक टार्जिस्की का एक पुराना साक्षात्कार वायरल हो रहा है, जिसमें वो कहते हैं कि हमने 20 लाख यूक्रेनियों को शरण दी है जो शांति से यहां रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। अवैध मुस्लिमों के न होने से हमारा देश सुरक्षित है। इस तरह के बयान बता रहे हैं कि एक बार फिर अल्पसंख्यकों को निशाना साधने के मौके तलाशे जा रहे हैं। वैसे फ्रांसीसी सरकार और प्रशासन के अलावा समाज में प्रतिष्ठा रखने वाले लोग भी शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं। फ्रांस के फुटबॉल स्टार किलियान एमबापे ने शांति की अपील करते हुए कहा है कि हिंसा से कोई समाधान नहीं निकल सकता। उन्होंने लोगों से मृतक का शोक मनाने, आपस में बातचीत कर मसला सुलझाने और हिंसा में नष्ट हुई चीजों को दोबारा खड़ा करने की अपील की है। काश यही जज्बा भारत में स्टार कहलाने वाले लोग दिखा पाते।

गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को 17 बरस के नाहेल नाम के किशोर को पेरिस के नॉन्ते में ट्रैफिक सिग्नल पर नहीं रुकने के कारण पुलिस ने गोली मार दी। आरोपी पुलिसकर्मी का कहना है कि उसे डर था कि वह लड़का अपनी कार से किसी को कुचल न दे। फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों में नस्लभेद का जो दौर चला है, उसमें पुलिसकर्मी को ऐसे ही किसी डर से ग्रसित होना था। नाहेल मुस्लिम था, अरबी लोगों की तरह उसकी पहचान की जा सकती थी, तो जाहिर है पुलिसकर्मी ने पूर्वाग्रह के कारण उसे केवल अपने डर की वजह से गोली मार दी। नाहेल किसी और शक्ल-सूरत का होता तो शायद ऐसा नहीं होता। भारत के प्रधानमंत्री कपड़ों से पहचान का आह्वान करते हैं, फ्रांस में शक्ल से पहचान की जा रही है, उधर अमेरिका में तो यह काम बरसों से हो ही रहा है। ब्लैक लाइव मैटर्स अभियान बीच-बीच में ऐसी प्रवृत्ति के लिए चुनौती खड़ी करते हैं, लेकिन दुनिया के हालात तब तक नहीं सुधरेंगे, जब तक ब्लैक, व्हाइट, ग्रे, ब्राउन, यलो हर तरह की लाइफके मैटर करने का भाव लोगों में नहीं भरेगा। भारतीय परंपरा के शब्दों में कहें तो प्राणि मात्र पर दया का भाव जब तक मानव नहीं अपनाएगा, तब तक ऐसे अन्याय होते ही रहेंगे। नाहेल की मौत अल्पसंख्यकों की प्रताड़ना की एक और घटना की तरह रफा-दफा नहीं हुई, बल्कि इस बार फ्रांस इस एक मुद्दे के कारण सुलग उठा। पेरिस को प्रेम के लिए दुनिया उपयुक्त स्थान मानती है, लेकिन आज उसी पेरिस में लोगों को घरों में रहने का फरमान जारी हुआ है और सड़कों पर पुलिस की गश्त चल रही है। मर्साय, ल्योन और ग्रेनोब्ले जैसे कई शहरों में दंगे, लूटपाट, आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। कई वाहनों को दंगाइयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। फ्रांस की पुलिस ने अब तक 2 हजार से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के रवैये से नाराज लोग नाहेल को इंसाफ दिलाने की मांग पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

विचार

# मणिपुर में जल्दी शान्ति हो

लगता है मणिपुर राज्य पूर्वोत्तर राज्यों के कबायली मूल से विकसित अन्तर-जातीय समाज के अन्तर्विरोधों की प्रयोगशाला बन गया है जिसमें राजनैतिक प्रयोग इस प्रकार हो रहे हैं कि मणिपुर अपने एक राज्य होने की अस्मिता को दरकिनार कर सामाजिक समुदायों की अपनी पहचान पर फिदा होना चाहता है। 2015 तक इस राज्य के सभी उग्रवादी या अलगाववादी संगठनों ने सशस्त्र मार्ग छोड़ कर केन्द्र सरकार के साथ शान्तिपूर्ण समझौते कर लिये थे। राज्य में अक्सर जो सेनाओं को विशेष अधिकार देकर (आफप्सा) कानून का विरोध किया जाता था वह भी समाप्त हो गया था और पिछले पांच साल से तो यह राज्य पूरी तरह शान्त था और कहीं भी अलगाववादी गतिविधियां देखने में नहीं आ रही थीं परन्तु विगत 3 मई से इस राज्य में हिंसा का जो तांडव शुरू हुआ है वह अभी तक रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है और अभी तक सवा सौ लोगों की जान जा चुकी है और पचास हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। कुकी और मैतेई जनजातियों के लोग आपस में ही एक- दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। यह पूरी तरह समझ में न आने वाली बात है कि राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा यह सुझाव देने के बाद कि राज्य की सरकार को मैतेई समुदाय के लोगों को भी जनजाति का दर्जा दिये जाने के बारे में केन्द्र से सिफारिश करनी चाहिए, कुकी समाज का गुस्सा फूट पड़ा और दोनों तरफ से हिंसा का जो नंगा नाच शुरू हुआ वह अभी तक रुक नहीं पा रहा है। गत रविवार की रात्रि को ही चार लोगों की हत्या कर दी गई जिनमें से एक का तो गला तक रेत दिया गया। राज्य की बीरेन सिंह सरकार मणिपुर के समाज में भीतर- भीतर ही फैल रही आपसी दुर्भावना का संज्ञान लेने में पूरी तरह असफल रही जो राज्य के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी आदिवासियों और मैदानी या राजधानी इम्फाल के आस-पास रहने वाले मैतेई समुदाय के लोगों के बीच फैल रही थी। पहाड़ों पर रह कर अपना



जीवन बिताने वाले कुकी समुदाय के लोगों में यह डर व्याप्त हो रहा था कि मैदानी इलाके में रहने वाले लोगों को पहाड़ी क्षत्रों में भेजने का अभियान चलाया जा रहा है और उनके धार्मिक स्थल चर्चों को निशाना बनाय जा रहा है। कुकी समुदाय के अधिसंख्य लोग ईसाई हैं। उनमें यह डर पहले से ही फैल रहा था कि मैदानी इलाकों से पलायन करके लोग पहाड़ों पर बसने आ रहे हैं जिसकी वजह से वे उनकी संस्कृति और आर्थिक स्रोतों को भी अपने निशाने पर ले रहे हैं। यह सच है कि राज्य के पहाड़ी इलाकों में अफीम की अवैध खेती जाती है और राज्य सरकार ने पिछले दिनों इसे समाप्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया था मगर यह भी सत्य है कि इसके नाम पर पहाड़ों में स्थित चर्चों को भी निशाना बनाया गया। संयोग से मैतेई समुदाय के 90 प्रतिशत से अधिक लोग हिन्दू समुदाय के हैं। अतः इस अभियान ने साम्प्रदायिक रंग भी ले लिया है। मणिपुर में जन-जातियों में साम्प्रदायिक तनाव पहली बार ही देखने को मिला है। इसके साथ यह भी सत्य है कि पड़ोसी देश म्यामांर से कुकी जनजाति के लोग मणिपुर में आ जाते हैं और यहां के कुकी लोगों में घुल-मिल कर जंगल में अपने डेरे बना लेते हैं और बहुत से अफीम की खेती में भी संलिप्त हो जाते हैं परन्तु गत रविवार को कुकी समुदाय के ही दो विद्रोही संगठनों 'यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट' व 'कुकी नेशनल आर्गनाइजेशन' ने वक्तव्य जारी करके कहा कि वे इम्फाल से दीमापुर (नगालैंड) जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले दो महीने से लगा अवरोध हटा रहे हैं जिससे आवश्यक वस्तुओं का आवागमन आसानी से हो सके। कुकी लोगों ने इस राजमार्ग को विगत 3 मई को ही हिंसा भड़कने के बाद बन्द कर दिया था मगर जब गृहमन्त्री श्री अमित शाह मई के अन्त में मणिपुर गये थे और उन्होंने शान्ति की अपील की थी तो इस राजमार्ग को खोल दिया गया था मगर विगत 9 जून को जब कुकी-जोमी समुदाय के तीन लोगों की हत्या हुई तो राजमार्ग फिर से बन्द कर दिया गया था। अतः यह भी विडम्बना ही है कि जब इस राजमार्ग को पुनः खोलने के प्रयास हुए तो फिर से चार लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरी तरफ मुख्यमन्त्री बीरेन सिंह ने पहले घोषणा की कि वह राज्य की परिस्थितियों के घ्लिए खुद को जिम्मेदार मानते हुए इस्तीफा देने जा रहे हैं मगर जब उनके निवास पर कुछ लोगों ने जमा होकर मांग की कि वह इस्तीफा न दें तो उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। राजनीति की यह कौन सी करवट है? बीरेन सिंह राज्य के लोगों के चुने हुए मुख्यमन्त्री हैं। यदि वह उनके जान-माल की सुरक्षा नहीं कर सकते तो जिम्मेदारी कौन लेगा? लोकतन्त्र में जनता की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी चुनी हुई सरकार की ही होती है। इसी वजह से पुलिस का बड़े से बड़ा अफसर चुने हुए प्रतिनिधियों को सलामी ठोकता है क्योंकि प्रशासन उनकी निगरानी में संविधान के अनुसार चलता है। मणिपुर में यह स्थिति यदि लम्बे समय तक चलती है तो इसका दुष्प्रभाव अन्य संवेदनशील पूर्वोत्तर राज्यों पर पड़ने का भी खतरा रहेगा। अतः मणिपुर को जल्द से जल्द शान्त किया जाना चाहिए और वहां पुनः भाईचारा स्थापित किया जाना चाहिए। इसके लिए सार्थक राजनैतिक प्रयास किये जाने बहुत जरूरी हैं।

साहित्य



## यहां लोग हैं कितने दूषित...

दीपक सिंह

यहां लोग हैं कितने दूषित
अभिमान मिटाया जाता है ।
वो रावण भी धबराता होगा
क्यों मुझको जलाया जाता है।।

ऐ राम बनके जलाने वालों क्या,
तुम जलाने लायक हो सोचो ।
वो ज्ञानी है वो ज्ञाता है
तुम ईमान बताने लायक हो
सोचो रावण भी बनना आसान
नहीं
ईमान बताया जाता है।

यहां लोग हैं कितने दूषित
अभिमान मिटाया जाता है।
वो रावण भी घबराता होगा
क्यों मुझको जलाया जाता है।


## झरोखा

चार वेद 18 पुराणों का ज्ञाता वो,
देवलोक को बस में करने वाला।
अपनी प्रजा का रक्षक वो,
शिव भक्ति में रंगने वाला ।
हाथ जोड़े वो आके धरा पे
खड़ा हो जाता है।

यहां लोग हैं कितने दूषित
अभिमान मिटाया जाता है।
वो रावण भी घबराता होगा
क्यो मुझको जलाया जाता है।

रोता फिरता धरा पे
शिव स्तुति को रचने वाला ।
मेरे एक गुण न तुममें
राम न कोई बनने वाला।
चौदह भुवन सात खंड ब्रह्मांड के
मालिक वो
उनका चोला पहनाया जाता है।

यहां लोग हैं कितने दूषित,
अभिमान मिटाया जाता है ।
वो रावण भी घबराता होगा
क्यो मुझको जलाया जाता है।



# राशिफल

**मेषः-** आप के लिए भाग्यवृद्धि का दिन है ऐसा गणेशजी कहते हैं। विदेश स्थित स्नेहीजनों से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

**वृषभः-** भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आज आपको होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। भाई-बहनों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** नकारात्मक मानसिक व्यवहार न रखने के लिए गणेशजी आपको सलाह देते हैं। आज का प्रवास भी आनंददायी रहेगा।

**कर्कः-** भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं इसके लिए गणेशजी आपको चेतावनी देते हैं। धन का खर्च अधिक होगा।

**सिंहः-** आज किसी भी निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे इसलिए आवश्यक निर्णय आज न लेने की गणेशजी सलाह देते हैं। मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** आज का आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। आज परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

**तुलाः-** आज पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। संतानों की ओर से सुख मिलेगा।

**वृश्चिकः-** आज संभलकर कदम उठाने की गणेशजी सलाह देते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से आप व्यग्रता का अनुभव करेंगे।

**धनुः-** आज प्रातः काल के समय आप का शारीरिक स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है ऐसा गणेशजी कहते हैं। प्रवास का योग है।

**मकरः-** आज के दिन परिवारजनों के साथ आनंदपूर्वक प्रवास या पर्यटन का आनंद मनाएंगे।

**कुंभः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आप का आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा।

**मीनः-** आज के दिन विजातीय आकर्षण से दूर रहने की गणेशजी सलाह देते हैं। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

# फ्रांस में आयातित जेहाद

आदित्य नारायण

फ्रांस में अल्जीरिया मूल के 17 वर्षीय नाबालिग की पुलिस की गोली से हुई मौत के बाद भड़की हिंसा की आंच बेघ्ल्जयम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों तक पहुंच गई है। फ्रांस में लगातार पांचवें दिन भी हिंसा जारी है। 45 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सड़कों पर हैं और 2300 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फ्रांस की हिंसा का अन्य देशों में पहुंचना बहुत ही चिंता का विषय है। अब तक फ्रांस में अरबों रुपए की सार्वजनिक सम्पत्ति तबाह हो चुकी है। हालांकि पुलिस की गोली से मारे गए किशोर नाहेल की दादी नादिया ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और हिंसा का रास्ता छोड़े। हम नहीं चाहते कि दुकानों और स्कूलों को तबाह किया जाए। बसों को नष्ट मत कीजिए। मेरी जैसी मां ही होती है जो बसों में सफर करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा करने वाले लोग नाहेल की मौत को एक बहाने की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी बार-बार लोगों से शांति की अपील कर रहे हैं लेंकिन अभी तक हिंसा के थमने का कोई संकेत नहीं मिल रहा। नाहेल की पुलिस की गोली से मौत और हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद अन्य कई देशों में भी इस की प्रघ्तिक्रिया शुरू हो चुकी है। हिंसा के तांडव के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कौन लोग हैं जिन्होंने हिंसा को भड़काया है या यह कोई नया प्रयोग है। आखिर उनका मकसद क्या है। दंगों का मास्टर माइंड कौन है। इस हिसा के भड़काने के पीछे सोशल मीडिया भी काफी हद तक जिम्मेदार है। सोशल मीडिया के लगभग सभी प्लेटफार्मो ने गंभीर लापरवाही दिखाई है। फ्रांस के ऐसे हालात देखकर ऐसा नहीं लगता कि वास्तव में यह आक्रोश एक गोलीकांड की वजह से है। दरअसल शार्ली एब्दो कांड के बाद से फ्रांस इसी तरह के दंगों की आग में झुलसने लगा था। इन घटनाओं में वृद्धि होने के पीछे मुस्लिम शरणार्थियों का ही नाम आया था और फ्रांस की ताजा हिंसा के पीछे भी मुस्लिम शरणार्थियों को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। इन आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता कि फ्रांस में गोलीकांड एक संयोग था और दंगे मुस्लिम शरणार्थियों का प्रयोग है। फ्रांस के जो लोग दंगाईयों से अपने घरों को बचाने के लिए बाहर आ रहे हैं उन्हें भी नहीं छोड़ा जा रहा। फ्रांस की तुलना सीरिया और ईरान से की जाने लगी है। फ्रांस में एक मजबूत लोकतंत्र है। जहां अभिव्यक्ति की आजादी है और आंदोलन का अधिकार है लेकिन दंगाईयों ने सभी लक्ष्मण रेखाएं लांघ दी हैं। फ्रांस में किशोरों के लिए कोई सख्त कानून भी नहीं है और हिसा में लिप्त ज्यादातर किशोर भी मुस्लिम हैं। यूरोप के लोग खुलेआम यह कह रहे हैं कि फ्रांस ने जब उदार बनकर जेहाद को आयात किया है तो ऐसा होगा ही। इतिहास के पन्ने पलटे तो फ्रांस में प्रवासियों का इतिहास बहुत पुराना है। वर्ष 1871 में पहली बार नार्थ अफ्रीका से प्रवासी मजदूर यहां आए थे और बाद के वर्षो में इन्होंने फ्रांस के समाज को बहुनस्लीय और विविध बनाया। यूरोप के बड़े नेता सीधे तौर पर इस हिसा को अफ्रीकी और मुस्लिम शरणार्थियों के आने से पैदा हुई समस्या से जोड़ रहे हैं। सोशल मीडिया ऐसी पोस्टों से भरा हुआ है जिसमें कहा गया है कि मुस्लिम शरणार्थी घ्किसी भी देश में जाकर वहां के कानून को नहीं मानते और घ्हिंसा करते हैं। स्वीडन में कुरान जलाने भर से इस्लामी सरकारें और कट्टरपंथी नाराज हैं। उनकी हिंसक विचारधारा को मानने वाले लोग ही फ्रांस को जला रहे हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविएकी ने फ्रांस के दंगों पर तंज कसा है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें जलता हुआ फ्रांस दिख रहा है वहीं वीडियो के बीच में शांति और सुकून वाला पोलैंड है। यूरोप में पोलैंड उन देशों में से एक है जिसमें एक भी अवैध मुस्लिम शरणार्थी नहीं है। पोलिश नेता डोमोनिक टार्जिस्की का एक पुराना टीवी इंटरव्यू ऐसे दंगों के बाद एक बार फिर वायरल हो गया है, जिसमें वह कहते हैं कि पोलैंड ने जीरो मुस्लिम शरणार्थियों को देश में आने की जगह दी है। इस पर एंकर पूछती है कि क्या आपको इस पर गर्व है, जिस पर वह कहते हैं कि हमने 20 लाख यूक्रेनियों को शरण दी है जो शांति से यहां रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। अवैध मुस्लिमों के न होने से हमारा देश सुरघ्क्षत है। कोई भी दंगा नहीं हुआ और न ही आतंकी हमला। फ्रांस ने काफी उदारता दिखाते हुए कई देशों के शरणार्थियों को शरण दी। देखते ही देखते फ्रांस में मस्जिदें बन गई। फ्रांस सरकार ने कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने वाली मस्जिदों को बंद कराया। बाहरी देशों से इमामों के आने पर पाबंदी लगाई। मस्जिद की होने वाली फंडिंग पर रोक लगाई। स्कूलों और दफ्तरों में हिजाब पहनने पर रोक लगाई। इसके चलते फ्रांसीसी समाज और मुस्लिमों के रिश्ते मधुर नहीं रहे। फ्रांस के बहुसंख्यक ईसाई मानते हैं कि मुस्लिम उनमें घुल-मिलकर उनके देश पर कब्जा कर लेंगे। फ्रांस के दक्षिणपंथी और वामपंथी दोनों ही मुस्लमानों के फ्रैंच होने पर सवाल उठाते हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि कट्टरपंथी विचारधारा के प्रसार को कैसे रोका जाए। यह एक ऐसी विचारधारा है जो खुद को सर्वश्रेष्ठ और दूसरों को काफिर मानती है। फ्रांस की हिंसा अन्य कई देशों के लिए भी सबक है। समूचे विश्व को इस संबंध में सोचना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# समूह की महिलाओं को बैंकों से जोड़कर बनाएं सशक्त : जिलाधिकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- दीनदयाल अंत्योदय योजना : डीएम की अध्यक्षता में हुई बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला
- बेहतर कार्य करने वालें बैंक कार्मिको को डीएम ने किया सम्मानित



मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें हैदराबाद से आई टीम ने उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ अच्छे कार्य करने वाले आर्यावर्त बैंक पड़रिया के शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, आर्यावर्त बैंक गुल्ला के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार गोंड, आर्यावर्त बैंक रीजनल ऑफिस के क्रेडिट मैनेजर लक्ष्मण गायकवाड, आर्यावर्त बैंक लखेश्वर की बैंक सखी आकांक्षा मिश्रा को डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही समूह की महिलाओं को बैंकों से जोड़कर सशक्त करने पर जोर दिया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस कार्यशाला में प्रतिभागी बैंक शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण एनआइआरडी हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन दयानिधि मंत्री एवं श्रीनिवास राव ने प्रदान किया। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को व्यक्तिगत बचत खाता, कैश क्रेडिट लिमिट, बीमा एवं अन्य बैंकिंग सेवाएं से जोड़कर महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन को आगे बढ़ाने के कार्य से संबंधित जानकारी दी गई। इनके द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी गाइड लाइन की जानकारी के साथ साथ आनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल, बैंक लिंकेज पोर्टल, जनसामर्थ्य पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता की जानकारी सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन की उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों को गई। इस अवसर पर उपायुक्त, स्वतः रोजगार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला मिशन प्रबंधक सुरजन सिंह, वरुण गुप्ता, और ब्लॉक मैनेजर के साथ विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कार्यवाही से हड़कंप

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सहायक आयुक्त खाद्य खीरी कौशलेंद्र शर्मा के दिशा-निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर सिद्दीकी ने मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री व बिना खाद्य पंजीकरण की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया।

अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 धारा 31 के अंतर्गत बिना खाद्य पंजीकरण व्यवसाय करने वाले बरबर नगर स्थित राशिद खान किराना व्यापारी व उपेंद्र कुसवाहा किराना व्यापारी व मिया जान तेल चक्की का खाद्य पंजीकरण ना होने,मुस्ताक खान किराना व्यापारी के पक्का बिल ना दिखाने पर कारण बताओ नोटिस दी गयी।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया मिलावट खोरी व बिना खाद्य पंजीकरण चल रहे व्यापार को लेकर समय-समय पर अभियान के अंतर्गत कार्यवाही की जाती रही है और आगे भी होती रहेगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की इस कार्यवाही से मिलावट खोरी व बिना खाद्य पंजीकरण के व्यापार कर रहे व्यापारियो में हड़कंप मच गया।

## खबरें एक नजर में

### उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के लिए 24 जुलाई जून तक करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत कृषि विषय में योग्यता रखने वाले लाभार्थी अपना आवेदन सभी जरूरी अभिलेखों के साथ 24 जुलाई को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराए। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि एग्री जंक्शन योजना के तहत जिले में निवास करने वाले कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा: उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां (जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता हो) पात्र होंगे। उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी के आवेदन पर भी विचार होगा। आयु 40 से अधिक एससी, एसटी, महिलाओं को 05 वर्ष की अधिकतम छूट है। पात्र अभ्यार्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में ब्लॉकवार वरीयता सूची बनेगी। इसी आधार पर चयन समिति लक्ष्य के सापेक्ष अभ्यार्थियों का चयन करेगी। डीडी कृषि ने बताया कि वर्ष 2022-23 में जिन भी कृषि स्नातकों ने आवेदन किया था लेकिन चयन नहीं हुआ उन्हें वर्ष 2023-24 में पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन सीधे कार्यालय में या मात्र डाक के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं होगा। विस्तृत जानकारी या किसी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय का सीयूजी नं. 7839882210 पर सम्पर्क करें।

### सरकारी हैंडपंप में दबंग ने डलवायी सबमर्सिबल पंप, नहीं भरने देता पानी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सरकारी नल में सब मर्सिबल पंप डली होने से एक ही परिवार पानी की उपयोग कर रहा है। मोहल्ले के अन्य लोग परेशान हो रहे हैं। पीड़ित ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सब मर्सिबल पंप हटवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पीपरी गहरवार निवासी सर्वेश कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। उक्त हैंडपंप में मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने सबमर्सिबल पंप लगा लिया है। अब वह ही उसके पानी का उपयोग कर रहे हैं। मोहल्ला का अन्य कोई व्यक्ति हैंडपंप पर पानी भरने के लिए जाता है तो वह गाली, गलौज कर उसे भगा देते हैं। ऐसे में उसे व मोहल्ले के अन्य लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पीड़ित ग्रामीण ने एसडीएम से सरकारी हैंडपंप से सबमर्सिबल पंप हटवाकर सार्वजनिक रूप से सरकारी नल के पानी का उपयोग कराने की मांग की है।

### साहब! ततारपुर के तालाब को अवैध अतिक्रमण से करायें मुक्त

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गांव में स्थित तालाब पर कुछ लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। तालाब में कूड़ा करकट आदि डाल रहे हैं। जिससे पानी दूषित हो रहा है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव के लोगों को तालाब में कूड़ा करकट डालने से रोकने एवं तालाब को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम ततारपुर निवासी मलखान सिंह, हरीराम आदि ने एसडीएम सुरेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में तालाब स्थित है। तालाब के पानी का उपयोग कपड़े आदि धोने के साथ ही जानवरों को पानी पिलाने के लिए भी होता है। लेकिन उक्त तालाब पर गांव के ही कुछ लोगों की नीयत खराब है और वह तालाब पर अतिक्रमण कर रहे हैं। इतना ही नहीं तालाब को नष्ट करने के उद्देश्य से उसमें कूड़ा कचरा आदि भी डालते हैं। जिससे तालाब का पानी दूषित हो रहा है और पानी से बदबू आ रही है। ग्रामीण का आरोप है कि जब उसने कूड़ा करकट डालने के लिए मना किया तो विपक्षी लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए। पीड़ित ने एसडीएम से तालाब की पैमाइश कराकर तालाब को अतिक्रमणमुक्त कराने एवं ग्रामीणों को तालाब में कूड़ा करकट फेंकने से मना किए जाने की मांग की है।

# प्रवीण कुमार बने खीरी के नए बीएसए

- नए बीएसए प्रवीण ने संभाला विभागीय कामकाज
- बीएसए प्रवीण कुमार का जनपद खीरी में हुआ भव्य स्वागत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद खीरी के नए बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने आज बीएसए कार्यालय पहुंचकर कामकाज का संभाला। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने नवागंतुक बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी का स्वागत किया और उन्हें चार्ज का हस्तानांतरण किया। आगे के कार्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि उनके कार्यकाल में जनपद खीरी प्रदेश में शीर्ष स्थान बनाए रखेगा।

बीएसए प्रवीण कुमार ने अपने समस्त शिक्षा अधिकारियों और कार्यालय के कर्मचारियों से मुलाकात की। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। बीएसए प्रवीण कुमार ने कार्यालय के सभी के पटल पर पहुंचकर कार्यालय का कामकाज देखा और उच्च अधिकारियों से भी मुलाकात की।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी आगरा जनपद से स्थानांतरित होकर अपने जिले खीरी में आए हैं। 2020 बैच के पीईएस अधिकारी है।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने अपनी प्राथमिकताओं में शासन की योजना अनुसार लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि मिशन कायाकल्प का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण, निपुण भारत योजना, स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन, डीबीटी, शारदा कार्यक्रम, दीक्षा पर प्रशिक्षण, विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, विद्यालय के भौतिक और शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने में सभी अपने अपने स्तर से मनोयोग से जुड़कर जनपद को शीर्ष स्थान पर पहुंचाएं।

# मंदिर में चोरी की घटना का अनावरण

- चोरी की हुई मूर्तियों व अन्य वस्तुओं सहित अभियुक्त भिक्टर जंग राणा गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



04 जुलाई 2023 को थाना पलिया पुलिस द्वारा दिनांक 29जून 2023 को मोहल्ला सुभाषनगर स्थित भुईयन माता मन्दिर में चोरी की घटना से संबंधित मुकदमा का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्त भिक्टर जंग राणा पुत्र स्व0 हरिबहादुर राणा निवासी धनगढी छेबेला जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र हाल पता पंजाबी ढाबा सम्पूर्णानगर रोड थाना पलिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी के एक मूर्ति पीतल हनुमान जी व एक मूर्ति पीतल लड्डू गोपाल कि व एक दस रुपये का फटा हुआ नोट, एक टुटा हुआ मोतीयो का मुकुट तथा एक शनि चालीसा की किताब तथा अभियुक्त की शर्ट की जेब से एक हजार रुपये (पांच-पाच सौ) के नोट बरामद किए गए। बरामद सम्पत्ति के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संचित यादव, चौकी प्रभारी कस्बा थाना पलिया खीरी, का0 परीक्षित सैनी थाना पलिया मौजूद रहे।

## बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं में रोष

**मितौली खीरी समृद्धि न्यूज।** कस्ता बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मनमानी के कारण बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है जिसके कारण उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है 24 घंटे में मात्र 8 घंटे भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति संचालित नहीं हो पा रही है बिजली उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री एके शर्मा एवं योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र और निर्बाध रूप से 18 घंटे की विद्युत आपूर्ति दिए जाने के पूर्णतया निर्देश दिए गए किंतु स्थानीय बिजली विभाग के कर्मचारियों की मनमानी के कारण बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं विद्युत उपभोक्ताओं में त्राहि-त्राहि मची हुई है।

# डॉक्टर की जगह फार्मासिस्ट संभाल रहे पशु चिकित्सा केंद्र

- पशु चिकित्सालय में समय से नहीं बैठते डॉक्टर
- पशुओं को समुचित इलाज उपलब्ध कराने की शासन की मंशा पूरी होते हुए नहीं दिख रही

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जालौन के ब्लॉक परिसर में बने पशु चिकित्सा केंद्र पर लापरवाही का आलम यह है कि यहां चिकित्सक के बैठने का कोई निश्चित समय नहीं है। सब अपनी मनमर्जी से चलता है। लोगों की माने तो चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राजपूत कभी-कभी ही अस्पताल में बैठे मिलते हैं। बाकी समय फार्मेसिस्ट ही जानवरों का इलाज करते हुए दिखते हैं। मंगलवार को लगभग पौने बारह बजे जब हमारी टीम ब्लॉक परिसर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र पहुंची तो वहां केवल फार्मासिस्ट ही पशुओं का इलाज करते मिले।

जब डॉक्टर साहब के बारे में पूछा गया तो बताया कि वह मीटिंग के लिए उरई गए हैं। जब इस बारे में चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह 2 दिन की छुट्टी पर हैं। अब यहां कौन गलत है यह जांच का विषय है। लेकिन चिकित्सकों की इस तरह की लापरवाही के चलते, पशुओं को समुचित इलाज उपलब्ध कराने की शासन की मंशा यहां पूरी होते हुए नहीं दिख रही है।

# चोरी की घटना का खुलासा, चोर गिरफ्तारी के साथ माल बरामद

- बंगरा में नहर पुलिया के पास से तीन अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार
- जेवरातों और नगदी की शत-प्रतिशत बरामदगी



**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का महज 18 दिन में खुलासा करते हुए शत प्रतिशत चोरी का माल सहित तीन अंतर्राज्यीय चोरों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया, साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है।

पूरी घटना का खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांड ने बताया कि 14-15 जून की रात्रि को सिहारी गांव में अखिलेश कुमार पुत्र राधेश्याम के घर में चोरी हो गई थी। जिसमें सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोर चोरी कर ले गए थे। कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और एसओजी टीम पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे के नेतृत्व में चोरी के खुलासे में लगी हुई थी। तभी दो बजे रात के लगभग इंस्पेक्टर विमलेश कुमार बंगरा में चेकिंग कर रहे थे। तभी नहर पुलिया के पास से मुबारक खान पुत्र सौहराब खान निवासी मोहल्ला द्वारकापुरी कस्बा मौ जिला भिंड मध्य प्रदेश, भूरे खां व इदरीश खां पुत्रगण शहजाद खान निवासी असवार जिला भिंड मप्र चोरी की योजना बनाते हुए दो अवैध तमंचे कारतूस और चाकू के साथ पकड़ लिए गए। पूछताछ में इन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कहते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व में सिहारी में हुई चोरी में भी उनका ही हाथ था। वह क्लारी (रेंढ़र) और जालौन में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेकर रात में मोटर साइकिल से घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देते थे। सिहारी में चोरी की और माल आपस में बांट लिया। बचा हुआ माल जालौन निवासी दिनेश सोनी पुत्र स्वर्गीय राजनारायण सोनी निवासी मोहल्ला पहलवान बाड़ा को बेच दिया। पुलिस ने सोने चांदी के सभी जेवरातों सहित 7700 रुपया नगद बरामद कर लिया है।

### चारों का बड़ा आपराधिक इतिहास

भूरे के खिलाफरेंढ़र और माधौगढ़ कोतवाली में वर्ष 2011 से 4 मुकदमे पंजीकृत हैं। जबकि इदरीश के खिलाफलहार, ऊमरी, गोहन और माधौगढ़ में 7 मुकदमे लिखे हुए हैं। मुबारक खान और दिनेश के खिलाफ भी दो-दो मुकदमे लिखे हैं।

# बेतवा स्थित साला घाट पर हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी, किशोरी की डूबकर मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- बीते कई वर्षों से लगातार घट रही हैं साला घाट पर डूब कर मरने वालों की घटनाएं
- सुरक्षा के इंतजामत तो दूर बोर्ड और संकेतक भी नहीं लगाए



बेतवा स्थित साला घाट अब मौत का मंजर आए दिन देखने लगा है मंगलवार की सुबह एक और किशोरी के डूबकर मरने के हादसे ने साला घाट पर आने वाले पर्यटकों में खौफभर दिया है तो वही व्यवस्थाओं पर एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत करने के बाद भी देर शाम तक बालिका का शव बरामद नहीं हो सका था। लेकिन इस हादसे ने स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर कर दिया है स्थानीय लोगों की माने तो बीते कुछ वर्षों से लगातार हो रहे हादसे के बाद भी साला घाट पर अब तक ना तो कोई सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और न ही कोई बोर्ड और संकेतक लगाया गया जिससे हादसों को टाला जा सकता।

बीते कुछ वर्षों से एक थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाला बेतवा साला घाट जनपद के एक खूबसूरत पर्यटन स्थल के तौर पर देखा जा रहा है यही वजह है कि यहां बाहर से आने वाले पर्यटकों की तादात दिनों दिन बढ़ती जा रही है लेकिन वहीं दूसरी ओर विडंबना यह भी है कि बीते कुछ वर्षों के दौरान लगातार साल घाट पर नहाने के दौरान पैर फिसल कर मरने वालों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है सूत्रों की माने तो पिछले कुछ वर्षों के दौरान ही यह आंकड़ा एक तो नहीं बल्कि दर्जनों में पहुंच गया है बावजूद इसके यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध अब तक नहीं किए गए हैं इसी का खामियाजा आज मंगलवार की सुबह एक किशोरी को उसे वक्त भुगतना पड़ गया जब वह साला घाट पर नहाने के लिए नदी में उतरी बताया जाता है कि निशा पुत्री वीर सिंह साहू 12 वर्ष निवासी सिकंदरा थाना पूंछ जनपद झांसी मंगलवार को अपने परिजनों के साथ साला घाट घूमने आई थी सुबह के वक्त जब वह नदी में नहाने के लिए उतरी तो उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गई इससे पहले की लोग कुछ समझ पाए वह नदी मैं स्थित बड़ी बड़ी पत्थर की चट्टानों में फस गई इस दौरान लोगों ने उसे ढूंढने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मिली बाद में पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद उसे बालिका के शव को बरामद नहीं सके। फिलहाल घटना से स्थानी लोगों में भय व्याप्त। गौरतला हो की सलाह घाट का यह हादसा कोई नया नहीं है बल्कि इससे पूर्व कई बार इस तरह के हाथ से घट चुके हैं जब लोगों को नदी में नहाने के दौरान फिसल जाने के बाद अपनी जान से हाथ धोना पड़ा इन घटनाओं के बाद भी विडंबना की बात यह है कि अब तक साला घाट के इस स्थान को चिन्हित करके न तो यहां पर कोई दिशा निर्देश का बोर्ड लगाया गया और ना ही अन्य सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए स्थानीय कुछ ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से सख्त कदम उठाने की जरूरत है ताकि इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाए जा सके।

# इमरान बने सपा के नगर अध्यक्ष

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर नगर अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। जनपद में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिये जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुये जिलाध्यक्ष ने ऐसे युवाओं को नगराध्यक्षों की जिम्मेदारी सौंपी है जो जुझारू माने जाते हैं। इसीक्रम में जिला मुख्यालय उरई में इमरान उल्ला को नया समाजवादी पार्टी का नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने घोषित किये गये नगराध्यक्षों में यादव से लेकर ब्राह्मण तक को संतुष्ट करने में नगर अध्यक्षों की सूची बनाते समय कोई कसर नहीं छोड़ी गई। जालौन नगर में गौरीश द्विवेदी माधौगढ़ नगर में आशुतोष दुबे व कालपी में अजीत यादव को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। सबसे बड़ी बात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने उरई नगर के नगर अध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी इमरान उल्ला को सौपी है। देखा जाए अगर देखा जाए अल्पसंख्यक समाज में मजबूत पकड़ रखतें है व पूर्व में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं जब दूरभाष द्वारा उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरा सब कुछ समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित है जो जिम्मेदारी जिलाध्यक्ष ने विश्वास करके मुझे दी है मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करूंगा समाजवादी पार्टी व समाज के हित में लगातार काम करता रहूंगा।

## किसान के खेत से 20 ऐंगिल चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तार फेंसिंग के लिए खेत में गाड़े गए 20 एंगिल अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए। पीड़ित किसान ने एंगिल चोरी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी महेंद्र निरंजन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने खेत में पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग कराई थी। तार फेंसिंग के लिए खेत में चारों ओर एंगिल भी गड़वाए थे। तीन जुलाई को वह शाम को खेत से घर आ गए। रात में अज्ञात चोरों ने तार फेंसिंग के लिए खेत में गाड़े गए 20 एंगिल चोरी कर लिए। सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो एंगिल गायब थे। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम: कोपासम्होता– दाऊदपुर अनुभाग के मध्य कि०मी० 343/5–8 (पुराने बन्द समपार संख्या 59) पर लिमिटेड हाईट सब–वे (एलएचएसडब्लू) का प्रावधान (कुल 1 नं०)।, ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर–बीएसबी–2023–92, अनुमानित लागत (₹): 5,10,15,410.00, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): 4,05,100.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 31.07.2023, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 08 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2023–92 दिनांक 31.07.2023 को 14.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना मे अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी**

मुजाधि/डब्ल्यू– 183

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# बिहटगौड़ को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग बदहाल

**रामकोट सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

- विद्यार्थियों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, किसानों के लिए समया बना जर्जर व पानी से भरा मार्ग

जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर विकास खण्ड पिसावां क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर नैमिषारण्य के रामकोट से वजीर नगर रोड पर ग्राम पंचायत अर्सेनी से हरनी कीरतपुर गांव के पास से निकलकर बिहटगौड़ को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से है बदहाल हो गया है।यहां पूरी सड़क तालाब बन गई है लेकिन कोई भी विभागीय अधिकारी संज्ञान नहीं लें रहा है जबकि रामकोट चौराहे पर दो फुट से अधिक के गहरे गड्ढे हो गए हैं जहां वाहन चालकों का जीवन खतरे में पड़ गया है।विकास खण्ड पिसावां क्षेत्र के सीतापुर नैमिषारण्य रोड पर रामकोट चौराहे से डालमिया चीनी मिल होकर अर्सेनी गाँव के पास हरनी कीरतपुर को जोड़ते हुए बिहटगौड़ सहित दर्जनों गाँवो को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है।यहां बरसात में सड़क पर जलभराव हो जाता है जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है तो वहीं दूसरी ओर बाकी दिनों में भी सड़क पर चलना बहुत मुश्किल है।मुख्य सड़क से होकर स्कूल कॉलेज व अस्पताल के लिए भी यही रास्ता है। इस समय विद्यार्थियों को निकलने में दिक्कत हो रही है वहीं कई बार गहरे गड्ढों में फंसने से वाहन भी पलट जाते हैं।रामकोट मुख्य सड़क से अर्सेनी गाँव का संपर्क मार्ग कई गाँवों से होता हुआ बिहटगौड़ गाँव में निकलकर हाईवे से जुड़ता है। इस मार्ग पर कई गांवों के लोगों का पूरे दिन आवागमन रहता है।

इसी मार्ग पर प्राथमिक स्कूल,डिग्री कॉलेज के अलावा प्राइमरी स्कूल व निजी विद्यालय भी हैं। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र छात्राएं पढ़ने जाते हैं। यहां से जाने वाली यह टूटी सड़क काफी समय से खराब है। ऐसे में सर्वाधिक मुसीबत विद्यार्थियों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, किसानों को झेलनी पड़ती है।

# अरुण मिश्रा ने संभाला नगर मजिस्ट्रेट का प्रशासनिक दायित्व

- शासन और प्रशासन की अपेक्षाओं के अनुकूल प्राथमिकताओं पर करेंगे कार्य
- इससे पूर्व फैजाबाद, गोरखपुर, श्रावस्ती तथा बलिया में एसडीएम पद पर निभा चुके जिम्मेदारी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



हाल ही में कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों के क्रम में यहां जनपद मुख्यालय स्थित नगर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी के लिए लखनऊ से स्थानांतरित होकर आए अरुण कुमार मिश्रा ने उरई नगर मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण कर लिया। चार्ज ग्रहण करने के उपरांत अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने जहां एक और शासन और प्रशासन की अपेक्षाओं की अनुकूल कार्य करने पर जोर दिया तो वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि नगर के विकास से जुड़े हुए जो भी कार्य हैं उन्हें वह प्राथमिकता के तौर पर रखेंगे।

गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों के दौरान शासन स्तर से कई आला अधिकारियों के तबादले के क्रम में अरुण कुमार मिश्रा को जनपद जालौन मुख्यलय उरई नगर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी श्री मिश्रा इससे पूर्व फैजाबाद गोरखपुर श्रावस्ती बलिया आदि जिलों में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं श्री मिश्रा ने बातचीत के दौरान बताया कि नगर के विकास से जुड़े हुए जो भी कार्यक्रम यहां नगर की व्यवस्थाओं से जुड़े हैं उन्हें कंटिन्यू बनाए रखा जाएगा उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम को बरकरार रखा जाएगा नगर के सुंदरीकरण की कार्य योजनाओं पर भी वह विशेष तौर पर ध्यान देंगे उनका प्रयास रहेगा कि नगर के बाशिंदों से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के तौर पर निराकरण कराया जाए किसी भी स्थिति में जरूरतमंद और उपेक्षित लोग दिक्कतों का सामना न कर सकें लिहाजा उन्हें प्राथमिकता के तौर पर उनकी समस्याओं को भी निपटाया जाए ऐसा उनका सतत प्रयास रहेगा। श्री मिश्रा ने उरई विकास प्राधिकरण से जुड़े हुए कार्यों को लेकर कहा कि जल्दी ही वह विकास प्राधिकरण से जुड़े हुए कार्यों की जानकारी करेंगे और यथा संभव उन कार्यों को समझने के उपरांत उन पर कार्य करना चाहेंगे।

# डगमगा रही पूरी भाजपा सरकार : अखिलेश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



मंगलवार को अयोध्या पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा कटाक्ष किया।उन्होंने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ रही है।उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि योग दिवस पर लोगों ने देखा होगा कि कैसे पूरी सरकार डगमगा रही थी।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का डगमगाना अब शुरू हो गया है। महाराष्ट्र मामले में अखिलेश यादव ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है।

श्री राम जन्मभूमि दर्शन करने के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद वे दर्शन के लिए जरूर आएंगे।सुभाषपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के विधायक टूटने वाले बयान पर अखिलेश यादव ने कहा मीडिया मैनेज करने वाली भारतीय जनता पार्टी अब नेता भी मैनेज करने लगी है।इसलिए खुद का चैनल और एक नेता तैनात कर दिया है।उन्होंने महाराष्ट्र में एनसीपी टूटने पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह का प्रयोग करती रही है, भाजपा हमेशा कहती रही है कि भ्रष्टाचार खत्म होगा,क्या पार्टियों को तोड़ना भ्रष्टाचार नहीं है? अखिलेश बोले कि विधायकों को किस तरह का लाभ दिखा कर अपने साथ ले जाते हैं?लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ऐसे काम करती रहती है।उन्होंने कहा किभारतीय जनता पार्टी जनादेश का अपमान करने वाली पार्टी है। प्रदेश में महंगाई,भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कितना भी जोड़ तोड़ कर ले,अब इनको जाना है।जनता ने मन बना लिया है कि भाजपा वाले कितना भी प्रयोग करें वह कामयाब नहीं होने वाला है।उन्होंने कहा कि मैं कल ही दक्षिण के दौरे पर था और लगातार समान विचार धारा वाले दलों के नेताओं से बातचीत हो रही है।

अखिलेश बोले कि आगामी 2024 में सपा और सहयोगी दलों की ऐतिहासिक जीत होगी।वरुण गांधी को सपा के टिकट पर लड़ाने के सवाल पर कहा कि जो अच्छा चेहरा होगा, उसे समाजवादी पार्टी लड़ाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष तेजी से मजबूत हो रहा है।उन्होंने कहा कि कहा मंदिर का निर्माण होने के बाद वे रामलला का दर्शन जरूर करेंगे।इससे पूर्व उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव की तेरहवीं पर श्रद्धांजलि दी।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय की दिवंगत पत्नी और वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह को भी श्रद्धा सुमन अर्पित करने उनके आवास पर पहुंचे।इसके पूर्व उन्होंने रौनाही में वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर के यहां लोगों से मुलाकात की।

# झुनझुनवाला पीजी कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

जिले के हांसापुर स्थित झुनझुनवाला परास्नातक महाविद्यालय के एनसीसी वन यूपी गर्ल्स इंडिपेंडेंट कंपनी के तत्वधान में मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्षों को लगाया गया जिसमें एनसीसी के कैडेट्स, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. करुणेश कुमार तिवारी,सीटीओ डॉ सरिता मिश्रा,जेसीओ सुरेश जी व अनिल जी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया।इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर द्वारा वृक्षारोपण करने के लिए लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ तिवारी ने कैडेट्स को जागरूक करते हुए बताया कि पर्यावरण को अगर बचाना है,तो ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना है।हम सभी नागरिकों का यह धर्म है कि हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित बनाएं। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही।




# गुरुपूर्णिमा, नटराज पूजन एवं कवि सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



राष्ट्रीय कवि संगम एवं संस्कार भारती अवध प्रान्त इकाई बाराबंकी के तत्वावधान में दशहरबाग स्थित श्रीराम पैलेस में गुरुपूर्णिमा,नटराज पूजन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ,प्रथम सत्र में तीन वरिष्ठ कवियों का सम्मान किया गया जिनमें उमाशरण वर्मा %करुण% , राम किशोर तिवारी %किशोर% , जय प्रकाश % हुंकारी% । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक सिंह वर्मा- प्रबन्धक-विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल रहे तथा अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्याम सुन्दर दीक्षित जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में काशी प्रान्त के महामंत्री एवं ओज के श्रेष्ठ कवि अटल नारायण, आर एस एस से जिला कार्यवाह सुधीर एवं वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह गुरुजी , डॉ. बलराम वर्मा की उपस्थिति रही। संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के क्षेत्रीय अध्यक्ष -शिव कुमार व्यास ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों ने मां भगवती , भगवान नटराज, व वेद व्यास जी के चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप से पूजन अर्चन तथा सुप्रसिद्ध गीतकार-गजेंद्र प्रियांशु की वाणी वंदना से किया। जो देर रात तक चलता रहा। सभी मंचस्थ अतिथियों का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मान संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष- अजय प्रधान, जिलाध्यक्ष-डॉ. अम्बरीष अंबर, जिला महामंत्री-रवि अवस्थी, संस्कार भारती के जिला महामंत्री- ओ पी वर्मा ओम, उपाध्यक्ष-अनिल श्रीवास्तव लल्लू, मंत्री डॉ. पुष्पेंद्र कुमार आदि ने किया। उक्त अवसर पर नगर के कई गणमान्य लोग प्रताप सिंह वर्मा, रामप्रकाश वर्मा , आनंद विहार कॉन्वेंट इण्टर कॉलेज के निदेशक शैलेंद्र सिंह, डॉ. राम सुरेश जी। वरिष्ठ चित्रकार कृत वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश कुमार, श्रीराम पैलेस के प्रबन्धक-संजीव वर्मा व अजय वर्मा,पारितोष वर्मा, रमेश, लवकुश वर्मा अरविन्द वर्मा, आशुतोष बैसवार आदि लोगों की उपस्थित में द्वितीय सत्र में जनपद के 25 कवियों ने काव्यपाठ किया। जिनमें जनपद के लोकप्रिय गीतकार गजेंद्र प्रियांशु, विनय शुक्ला , सतीश श्याम, अशोक सोनी, राम नगर से पधारे नागेन्द्र सिंह, डॉ. शर्मेश शर्मा, जगन्नाथ निर्दोष, लखनऊ से उमा कांत पाण्डेय, जितेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती लता श्रीवास्तव, साहब नारायण शर्मा, सूर्यांशु सूर्य,दीपक दिवाकर, यश अवस्थी, सनत् कुमार अनाड़ी, आदि उपस्थित सभी कवियों ने गुरु की महिमा का काव्यात्मक गुणगान किया।

# वक्फ बचाने के लिए जारी शासनादेश को मिट्टी में मिलाने में अधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ सरकार के वक्फ बचाने के लिए जारी शासनादेश को मिट्टी में मिलाने में बाराबंकी के अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं। सेव वक्फ़ इंडिया के अयोध्या मंडल प्रभारी मौलाना इफ्तिख़ार हुसैन इंक़लाबी ने बाराबंकी केडीएम, एडीएम से की मुलाक़ात, औकाफ की लुट रही संपत्तियों और अवैध निर्माण पर रोक लगाने की किया मांग की है। 5 हज़ार से ज़्यादा शिया सुन्नी वक्फ़ बोर्डो में दर्ज वक़्फ़ की बर्बाद होती संपत्तियों से दुखी सेव वक़्फ़ इंडिया मिशन के अयोध्या मंडल के प्रभारी मौलाना इफ्तिख़ार हुसैन इंक़लाबी ने डीएम एडीएम से मुलाक़ात कर प्रदेश सरकार का शासनादेश सौप कर औक़ाफ़ के रिकॉर्डो को दुरुस्त करने और अवैध निर्माण को तत्काल रोकने की और एफआईआर की मांग की। आपको बता दे वक़्फ़ कर्बला बड़ेल सिविल लाइन्स ,वक़्फ़ अमजद अली खान और वक़्फ़ रानी कनीज़ आबिद बेलहरा की कीमती ज़मीनो पर भु माफियाओ और वक़्फ़ खोरो की नज़र है,जो मुस्तकिल वक़्फ़ सेवर को परेशान करने में लगे है,वक़्फ़ के नाम से दर्ज सरकारी ज़मीनो को खुर्द बुर्द करने का सिलसिला बाराबंकी में चरम पर है,इन्ही सब शिकायतों को लेकर कल से ज़िलाधिकारी कार्यालय पर मौलाना इफ्तिख़ार हुसैन इंक़लाबी डेरा डाले थे,मीटिंगों के दौर के चलते वक़्फ़ टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह से मुलाक़ात कर पूरी बात और पुलिस के सहयोग की अनदेखी के मामले को रक्खा गया। वही आज सुबह भारी बरसात के बाद भी 9 बजे सुबह ज़िलाधिकारी कार्यालय मौलाना इंक़लाबी पहुच गए पहले एडीएम साहब आये बात हुई उन्होंने वक़्फ़ की ज़मीन को आम आदमी की ज़मीन समझकर रेवेन्यू रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की बात कही। इस ज्ञान पर मौलाना इंक़लाबी साहब ने बड़े शाइस्ता अंदाज़ में बताया भारत सरकार ने संसद, राज्यसभा से पास कर वक़्फ़ एक्ट बनाया ,राष्ट्रपति ने मंजूरी दी,हर प्रदेश की विधानसभा विधानपरिषद में पास होकर राज्यपाल ने सभी प्रदेशो में लागू किया,देश मे वक़्फ़ विभाग की ज़िम्मेदारी कैबिनेट मंत्री को सौंपी,सेंट्रल वक़्फ़ कौंसिल बनी, हर प्रदेश में वक़्फ़ बोर्डो का गठन हुआ कही कही शिया सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड अलग अलग है,हर जिले में वक़्फ़ विभाग ज़िलाधिकारी के ज़ेरे निगरानी रक्खा गया जिसका सर्वे सर्वा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को बनाया गया जहाँ ज़िले के सारे रिकॉर्ड मौजूदगी अहम है,इसकी देख रेख के लिए हर जिले में वक़्फ़ इंस्पेक्टर भी तैनात किए गए,एसडीएम को छेत्रीय वक़्फ़ आयुक्त सरकार ने बनाया,वही वक़्फ़ के मुकदमे और मामलात के लिए हर स्टेट की राजधानी में वक़्फ़ ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है,जिसमे जिला जज स्तर का अधिकारी चेयरमैन,एडीएम स्तर का और सीनियर वकील सदस्य होता है।

# वन महोत्सव में रोपित किये गए 50 पौधे

**हैदरगढ़ बाराबकी, समृद्धि न्यूज़**

वन महोत्सव अभियान के तहत विश्व हिंदू परिषद हैदरगढ़ व वन विभाग के तत्वाधान में कस्बा हैदरगढ स्थित विजई हनुमान मंदिर परिसर मे विभिन्न प्रजाति के 50 पौधों का रोपण किया गया । इस अवसर पर ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट व उपजिलाअधिकारी सुमित आर महाजन वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी, लाल बहादुर सिंह प्रखंड अध्यक्ष हैदरगढ़ ,मनोज सिंह अभिषेक गुप्ता हरि भाई देव शंकर शुक्ला,विजय हिंदुस्तानी द्वारा सयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर आमजनमानस को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सुमित आर महाजन ने कहा की पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण और उसका संरक्षण जरूरी है सरकार द्वारा जगह-जगह पौधरोपण कराया जा रहा है जिससे पर्यावरण का संरक्षण होगा। इस मौके पर अभिषेक उप वन क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार कनौजिया वन दरोगा अनुज कुमार सिंह,रामविलास सिंह आदि मौजूद रहे।

# औसानेश्वर मंदिर का एसडीएम ने किया निरीक्षण, पूजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

आगामी सावन मास में क्षेत्र के प्राचीन औसानेश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाले भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनजर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी सुमित महाजन ने मंदिर प्रांगण का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था के अलावा लगने वाली दुकानों का भी जायजा लिया अतिक्रमण की श्रेणी में आने वाली सभी दुकानों को हटाए जाने के भी आदेश दिये। साफ सफाई के लिए उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहां की मंदिर प्रांगण में किसी भी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिए । इससे पूर्व उप जिलाधिकारी ने देवाधिदेव महादेव मंदिर में जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना किया। इसके बाद सावन मास भर होने वाले प्रत्येक सोमवार को मेले वह मंदिर में जलाभिषेक प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में कोई बाधा उत्पन्न ना हो इसके संबंध में प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज से भी वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए, वहीं विकासखंड हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज के आये अधिकारियों को भी मेला संपन्न कराए जाने से संबंधित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ,एडीओ पंचायत विवेक कुमार हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज ब्लॉक के एडीओ पंचायत विनय कुमार शुक्ला, पवन गौतम, रौनी प्रधान सहित मेला प्रांगण से जुड़े समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# अलग-अलग हुई चोरियों में लाखों का माल साफ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

थाना लोनी कटरा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरियों में चोर हजारों की नकदी लाखों रुपए के जेवरात एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए चोरी की इन घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। इन चोरियों ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। चोरी की पहली घटना थाना क्षेत्र के पूरे लदई मजरे दून्दीपुर गांव में हुई। इस गांव के निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र रामदुलारे वर्मा गर्मी होने की वजह से परिवार सहित छत पर लेटे हुए थे। नरेंद्र वर्मा ने बताया कि बीती रात उनका परिवार गर्मी की वजह से छत पर सो रहा था। इसी बात का फायदा उठाकर चोर सामने से दीवार फांदकर अंदर घुसे और जीने का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया जिसके बाद चोर इत्मीनान के साथ चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि रात्रि 3~30 बजे पानी बरसने पर पूरा परिवार जग गया। इसी दौरान उनकी पुत्री ने शौच जाने के लिए जब नीचे जाना चाहा तो जीने का दरवाजा अंदर से बंद मिला। जिससे पूरी तरह जगहट हो गई। किसी तरह जीने का दरवाजा खुलवाया गया और नीचे जाकर देखा गया तो चोर बक्शे व अलमारी के ताले तोड़कर उनमें रखी ?7500 की नगदी के अलावा पायल झुमकी झाला मंगलसूत्र दो अंगूठी जंजीर आदि सोने चांदी के लगभग 2 से ढाई लाख रुपए कीमत के जेवर चुरा ले गए । इसी क्रम में चोरी की दूसरी घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथ किसान इंटर कॉलेज मंगलपुर के निकट स्थित आराध्या स्टेशनरी शॉप पर हुई। दुकान के पिछले हिस्से को तोड़कर अंदर घुसे चोर एक प्रिंटर लैमिनेशन मशीन सीसीटीवी कैमरा, नोबोर्ड हार्ड डिस्क, मोबाइल कवर, चार्जर, डाटा केबल, मेमोरी कार्ड, ब्लूटूथ, हेडफोन एवं अन्य मोबाइल एसेसीरीज एवं कापी रजिस्टर पुस्तके रसीद बिल बुक आदि स्टेशनरी चुरा ले गए। इस चोरी में चोरों ने लगभग ?2,70,000 कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

# ग्रासिम द्वारा किया गया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**रेणुकूट सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के ईकाई प्रमुख श्री मनीष गर्ग , मानव संसाधन प्रमुख श्री राजीव दुबे एवं श्री प्रभात कुमार पांडे,,, प्रमुख औद्योगिक संबंध एवं प्रशासन के देखरेख में संचालित कारपोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के सीएसआर विभाग द्वारा अंगीकृत ग्रामसभा रंटोला विकासखंड म्योरपुर जनपद सोनभद्र के कृषक श्री राम लखन खरवार के करीब 2 बीघा निजी भूमि पर पर्यावरण में सुधार का विशेष ख्याल रखते हुए मियावाकी के मानकों पर आधारित नवचेतना एफपीओ के देखरेख में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में महोगनी, सीताफल ,कचनार ,कनेर, केसिया सेमिया, मीठी नीम, आम, कटहल, बकाइन्न, नींबू , अनार, गोल्ड मोहर, बांस, नीम, पीपल आदि के कुल करीब 15000 फलदार एवम अन्य पौधों का वृक्षारोपण किया गया । ग्रामीण अंचल में संस्थान के सी एस आर विभाग द्वारा कराए गए इस तरह के बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम से पर्यावरण सुधार में काफी मदद मिलेगी साथ ही साथ उक्त कृषकों के आर्थिक आजीविका में भी मदद मिलेगी। संस्थान के सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामप्रधान दिनेश कुमार जायसवाल (रंटोला), श्री मुकेश कुमार पांडे ,,,,प्रबंधक,,नवचेतना एफपीओ, आनंद कुमार पांडे , राम लखन खरवार, किस्मतिया देवी सहित संस्थान के श्री अनिल सिंह, श्रीमती अर्चना तिवारी के अलावा ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के वरिष्ठ सीएस आर अधिकारी श्री अमर सिंह सहित अनेकों लोगों द्वारा भाग लिया गया। वृछारोपण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री अमर सिंह द्वारा लोगों को वृक्षारोपण के महत्वों के बारे में बताया गया।

# अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ नई चुनौतियों के लिए तैयार हैं हम : प्राचार्य

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



पूर्वांचल के नामचीन महाविद्यालयों में शुमार कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय को हासिल हुई अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ नए सत्र में हम नई चुनौतियों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।उन्होंने हल्की सी मुस्कान के साथ इन चुनौतियों से निपटने के लिए महाविद्यालय की ओर से खींचे गए खाके की ओर भी इशारा किया।मंगलवार को यह मौका था महाविद्यालय में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया कार्यक्रम को मीडिया संग साझा करने के पल का।प्रवेश प्रक्रिया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो सिंह ने बताया कि नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया आगामी छह जुलाई से शुरू की जाएगी।स्नातक व परास्नातक दोनों वर्गो के लिए बीते पांच जून से ऑनलाइन पंजीकरण के बाद पहले चरण में आगामी 6 जुलाई से स्नातक कक्षाओं की प्रवेश काउंसलिंग की जाएगी जबकि परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि नियत की गई है।स्नातक तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित होने के तीन दिन बाद परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश कार्य शुरू कर दिया जाएगा।महाविद्यालय को हासिल हुई उपलब्धियों के विषय में चर्चा करते हुए प्राचार्य प्रो सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि महाविद्यालय के करीब दो सौ छात्र और छात्राएं विभिन्न केंद्रीय और राज्य सेवाओं में चयनित हुए हैं।इसके अलावा इग्नू से वोकेशनल पाठ्यक्रम हेतु एमओयू किया गया है।रानी लक्ष्मीबाई परास्नातक महाविद्यालय नई दिल्ली से एमओयू किया गया है।विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन विद्या ब्रिज पोर्टल के द्वारा व्यवसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के निःशुल्क संचालन हेतु बीएसएन इन्फोटेक लखनऊ से एमओयू किया गया है।केंद्रीय विश्वविद्यालय मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद द्वारा साकेत महाविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा केंद्र का परिसर बनाया गया है। नए सत्र में प्रवेश के लिए निर्धारित किए गए नियमों की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो सिंह ने बताया कि नए नियमों के अंतर्गत अब स्नातक वर्ग में प्रवेश हेतु इंटरमीडिएट में 36त्न अंक न्यूनतम होने की पात्रता समाप्त हो गई है।प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।उन्होंने बताया कि स्नातक वर्ग की बीकॉम कक्षा में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कोई भी अभ्यर्थी प्रवेश ले सकता है।इसी प्रकार अब एम.ए.कक्षा में भी कोई भी स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेगा।अर्थात एम.ए कक्षा में प्रवेश के लिए पूर्व में प्रावधानित बी.ए तृतीय वर्ष में प्रवेश का विषय होने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है।अब बीए,बीएससी,बी.कॉम उपाधि वाला कोई भी अभ्यर्थी एम.ए कक्षा में प्रवेश ले सकेंगा।

# सरयू नदी का बढ़ने लगा जल स्तर, कटान की समस्या बढ़ी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

सरयू नदी का जलस्तर बढते ही कटान की समस्या शुरू हो गई है। इस समस्या से बचाव के लिए बाढ़ विभाग द्वारा कराए गए कार्य बेमानी साबित हो रहें हैं। बीते दो दिनों से सरयू के तटवर्ती गांव तेलवारी गांव में नदी के लगातार कटान करने से प्रशासनिक हल्के में हड़कंप मच गया। मंगलवार को सिंचाई, बाढ़ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीण रामावती, इंदल, दुर्विजय सिंह आदि ने अधिकारियों से बाढ़ विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही की शिकायत करते हुए कहा कि यदि समय पर विभाग द्वारा बचाव के उपाय सही तरीके से किए गए होते तो आज इस समस्या का सामना न करना पड़ता। तेलवारी गांव में कई मकान कटान की जद में आ गए हैं। उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने स्थिति का निरीक्षण करने के उपरान्त खतरे के मुहाने पर खड़े मकान मालिकों को मकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर बसने के निर्देश दिए हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उनके इतने संसाधन नहीं है कि वह लोग बांध पर परिवार के साथ निवास कर सकें। बाढ़ विभाग के अधिषाशी अभियंता एसके सिंह एवं सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार ने भी तेलवारी गांव का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है।

# असंतुलित बाइक सवार घायल, ट्रामा रिफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़- बछरावां मार्ग पर चीनी मिल के निकट बाइक के असंतुलित होकर गिर जाने से 23 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के लायक का पुरवा मजरे लाही गांव निवासी 23 वर्षीय दुर्गेश कुमार पुत्र शिव बहादुर किसी काम से हैदरगढ़ आया था वापसी के दौरान शाम 4~30 बजे चीनी मिल के निकट बाइक का पहिया फिसल जाने से गिरकर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के सहारे हैदर गढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर गंभीर रूप से घायल होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया।

## पूर्व सांसद ने किया महादेवा में रुद्राभिषेक

**रामनगर बाराबंकी।** सावन माह के प्रथम दिन लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्व शिव मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री एंव पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने किया रुद्राभिषेक के साथ पूजन अर्चन और जलाभिषेक कर मानव समाज के कल्याण की कामना की।उन्होने पी जी कालेज रामनगर में चल रहे निर्माण कार्य का निरिक्षण कर सराहना की।कालेज प्रांगण में समाज सेवी मोनू भास्कर के निवेदन पर महोगनी वृक्ष का पौध रोपित किया।इस अवसर पर संतोष सिंह पूर्व जिलाअध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष वैभव मिश्रा अशोक शुक्ला अमित सिंह आकाश सैनी अनिल रावत अनिमेष रावत आदर्श सिंह प्रधान डॉ सुनीत कुमार सिंह डॉ रामकुमार सिंह डॉक्टर के पी सिंह ओम् कुमार वर्मा देवेंद्र साहू डॉक्टर पंकज जायसवाल डॉक्टर के के सिंह डॉक्टर अशिलेश वर्मा प्रो विशवेष मिश्रा डॉ संजय तिवारी डा. मंगली शुक्ला दुर्गेश यादव आर0 सी0 रामतिलक वन रक्षक मुन्ना माली विजय माली नीरज चौहान दैनिक श्रमिक आदि सैकड़ों की संख्या लोग उपस्थित रहे।

## खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी, होता है स्वस्थ्य विकास

**रामनगर बाराबंकी।** खेल हमारे जीवन का महत्व पूर्ण अंग है।खेल से शारीरिक एंव मानसिक विकास होता है।यह बात नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक ने पक्के ताल स्थित मैदान मे क्रिकेट मैच उद्घाटन करने के दौरान व्यक्त किया।उन्होने कहा कि तन मन से स्वस्थ व्यक्ति ही देश और समाज के प्रति कुछ कर सकता है।खेल खेल की भावना से खेलना चाहिये।किसी पक्ष की हार उसे और मेहनत से खेलने की प्रेरणा देती है।खेल आपसी भाईचारा को बढावा देते है।अच्छे खिलाडी प्रदेश एंव देश के साथ अपने माता पिता का नाम भी रोशन करते है। चेयरमैन श्री पाठक ने आयोजक मंडल फैजल बेग मो. समीर और उमर बेग आदि नव युवको की हौसला अफजाई करते हुये सराहना की। इस मौके पर कमलेश पांडे बंटी ओझा सहित बडी संख्या मे दर्शक मौजूद रहे।

## भाइयों के विवाद में युवती ने लगाई आग, सिविल अस्पताल रिफर

**मसौली बाराबंकी।** भाइयो के बीच हुए विवाद के बाद एक 34 वर्षीय अविवाहित युवती ने मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा ली। बहन को जलता देख बचाने दौड़े भाई के भी दोनो हाथ झूलस गये। गंभीर रूप से झूलसी युवती को सिविल अस्पताल लखनऊ मे भर्ती कराया गया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव मे मंगलवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब मरहूम हारुन कुरैशी की 34 वर्षीय अविवाहिए पुत्री ने अपने ही घर मे रखे मिट्टी के तेल को अपने ऊपर डाल कर आग लगा ली। बुरी तरह आग की लपटो के बीच फंसी युवती के चिल्लाने पर घर के बाहर मौजूद युवती के भाई अनवार ने किसी तरह आग को बुझाया तब तक युवती बुरी तरह झूलस गयी जिसे आनन फानन मे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन हालात गंभीर होने पर सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया है। सूत्रों के अनुसार अविवाहित युवती एव उसके भाइयो के बीच घर को लेकर विवाद है।

## लव मैरिज शादी करने के बाद युवक प्रेमिका से कर रहा पांच लाख रुपए की मांग

**राठ, हमीरपुर।** 15 दिन पहले युवक ने अपनी प्रेमिका से मंदिर में शादी की थी। जिसके बाद युवक युवती को अपने घर ले गया। लव मैरिज शादी करने बाद युवक प्रेमिका से रुपयों की मांग कर रहा है।पीड़ित महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली के धनौरी गांव निवासी पूजा पुत्री भानसिंह ने बताया कि उसका गांव के शिवम पुत्र श्यामसुंदर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 15 दिन पहले शिवम ने उससे मंदिर में शादी की थी। बताया इसके बाद शिवम उसे घर ले गया। बताया कि अब शिवम उससे पांच लाख रुपए की मांग कर रहा है। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करता है। बताया कि वह माता पिता के यहां से रुपए लाने का दबाव बना रहा है। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## वृद्ध ने खाया जहर, रेफर

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के नौहाई गांव निवासी 65 वर्षीय उर्जन पुत्र राजबहादुर ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

## एमएलसी ने हेल्थ एटीएम से कराई जांच, परखी स्वास्थ्य सेवाएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भाजपा एमएलसी ने सीएचसी सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने एटीएम हेल्थ मशीन की स्थिति जानने के लिए अपनी जांच करवाई। उन्होंने ओपीडी दवा काउंटर सहित अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सन्तोष सिंह से मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं एवं दवाइयों आदि की उपलब्धता के बारें में जानकारी ली।मंगलवार को अचानक एमएलसी अंगद सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर पहुचे जिनका सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद एमएलसी ने अस्पताल का निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले डॉक्टरों की उपस्थिति देखी जहां पर सभी डॉक्टर मौजूद थे।इसके बाद उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया ।अस्पताल में एमएलसी निधि से लगाई गयी एटीएम स्वास्थ्य मशीन की स्थिति जानने के लिए उन्होंने अपनी जांच भी करवाई।एमएलसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के इस अस्पताल में आने वाले मरीज़ों को बेहतर इलाज किया जाए।समय से डॉक्टर अस्पताल पहुच कर अपनी जिम्मेदारी निभाए।

## डिवाइडर से टकराकर दो घायल, दोनों रेफर

**राठ, हमीरपुर।** मंगलवार की दोपहर बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा कर नीचे गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जनपद रीवा मप्र के मऊगंज थाना अंतर्गत ढेरा निवासी 35 वर्षीय अमरीश पटेल पुत्र अच्छे लाल पटेल अपने साथ 18 वर्षीय सूरज पुत्र संन्तोष के साथ बाइक से उरई से चित्रकूट की ओर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के रास्ते जा रहे थे। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे केयर नंबर 102 पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर एक्सप्रेस वे के नीचे जा गिरी। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉ चतुर्भुज राजपूत ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं अन्य मार्ग दुर्घटना में मझगवां थाने के मुस्करा खुर्द गांव निवासी 50 वर्षीय सुशीला पत्नी संतोष कुमार, कोतवाली के अकौना गांव निवासी 32 वर्षीय सुरेंद्र कुमार पुत्र रामदयाल, चिकासी थाने के इस्लामपुर गांव निवासी 30 वर्षीय मोहित पुत्र विनोद, क्षेत्र के सुकलहरी गांव निवासी 25 वर्षीय सोनू पुत्र राजू बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# बुनकर एकता समिति ने जुलूस निकाल डीएम को दिया ज्ञापन

इटावा। समृद्धि न्यूज



**बुनकर** एकता समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बुनकरों ने शासनादेश के बावजूद विद्युत विभाग द्वारा पावरलूम बुनकरों के बिल जमा न करने के विरोध में आज जुलूस निकाला और कचहरी पहुंचकर जिलाधिकारी अवनीश राय को ज्ञापन देकर बिजली बिल जमा कराने की मांग की।

बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी के नेतृत्व पावरलूम बुनकर पचराहे पर एकत्र हुए और पावरलूम बुनकरों के बिल जमा न करने के विरोध में जुलूस के रूप में कचहरी पहुंचे और डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2006 में यूपी सरकार ने पावरलूम बुनकरों को फ्लेट रेट पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना को लागू किया था जिसके सम्बंध में पावरलूम बुनकरों को फ्लेट रेट पर बिजली उपलब्ध कराए जाने को लेकर ऊर्जा विभाग द्वारा शासनादेश जारी किया गया था। उक्त शासनादेश के अनुसार प्रदेश के समस्त पावरलूम बुनकरों द्वारा अपना विद्युत बकाया जमा किया जा रहा है। लेकिन एक अगस्त 2020 के बाद हम सभी पसमांदा पावरलूम बुनकरों का विद्युत बकाया जमा न कर बिजली विभाग इटावा द्वारा शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। समस्त पावरलूम बुनकरों ने मुख्यमंत्री यूपी सरकार को शासन, प्रशासन के माध्यम से अवगत कराया मुख्यमंत्री यूपी सरका ने उक्त प्रकरण पर संज्ञान लेकर 15 मई 2023 को शासनादेश जारी कर प्रदेश के समस्त पावरलूम बुनकरों का एक अगस्त 2020 से 31 मार्च 2023 तक का विद्युत बकाया जमा करने का आदेश जारी किया किंतु शासनादेश के बावजूद बिजली विभाग इटावा द्वारा पावरलूम बुंकरोंका विद्युत बकाया जमा न कर पसमांदा पावरलूम बुनकरों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पावरलूम बुनकरों की समस्या को गम्भीरता से सुना और बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर उक्त समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में इदरीस अंसारी, असलम अंसारी, सलाह उद्दीन अंसारी, कासिम अंसारी, हाफिज मो. रईस, मो. राशिद, सगीर अहमद, शमशाद, इमरान, ताहिर, अली अख्तर, मुबीन, आसिम, कफील, अबरार, शाकिर आदि प्रमुख हैं।

# पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगे वाहन सहित आरोपी पकड़ा

इटावा। समृद्धि न्यूज



**अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पछायगांव पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट व आरसी बनवाकर वाहन का प्रयोग करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया।

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना पछायगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी कौरी कुआं के सामने संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी चैंकिग के दौरान संदिग्ध प्रतीत हो रही एक मारूती अर्टिका कार को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो कार चालक द्वारा कार को लेकर भागने का प्रयास किया गया जिसको पुलिस टीम द्वारा पीछा कर राजू पुत्र रामऔतार निवासी सकराया थाना फूफ जिला भिण्ड मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस तथा कार की तलाशी लेने पर उसमें से 3 नम्बर प्लेट एवं 2 आरसी, मारूती अर्टिगा कार डीएल 9 सी एएम 4408 फर्जी नं प्लेट लगी हुई बरामद की गयी जिनके सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो कार चालक द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी मेरे द्वारा दिल्ली से खरीदी गयी थी जिसकी किस्त समय से न भर पाने के कारण फाइनेन्स से बचने हेतु फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर व फर्जी आरसी बनवाकर मेरे द्वारा उक्त गाड़ी का प्रयोग किया जा रहा है।इस सफलता में अनुभव चौधरी थानाध्यक्ष पछायगांव, उ.नि. प्रेमचन्द्र, का. मयंक शर्मा, का. रमन कुमार, का. अभिषेक कुमार, का. सोनू चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### जनपद न्यायाधीश ने जिला स्तरीय समिति का गठन किया

**इटावा।** अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष विनय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार राजकीय महिला शरणालय, राजकीय विशेष गृह किशोर व राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में निरुद्ध पीड़ित संवासिनी एवं किशोर अपचारीगण के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु उक्त संस्थानों में प्रत्येक माह कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। समिति में अपर जिला जज सचिव नोडल अधिकारी श्वेता श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसवीर सिंह यादव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उरूज फातिमा, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, एसडीएम न्यायिक इटावा ज्योत्सना बंधु, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, प्रवक्ता समाजशास्त्र उदयवीर सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार सदस्य के रूप में नामित किये गये है। समिति द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक्शन प्लान तैयार किया गया है जिसके अनुसार प्रत्येक माह ध्यान व योग, खेल-कूद, थियेटर तकनीकी ज्ञान, बागवानी संगीत, कौशल विकास आदि कार्यक्रमों व गांधी जयन्ती के अवसर पर प्रतिस्पर्धा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी अनुकम में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव की पर्यवेक्षण में उक्त संस्थानों ध्यान व योगाभ्यास एवं खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड समीना जमील भी उपस्थित रहीं।

### बिजली कटौती से हलाकान हुए पनवाड़ी के लोग

**पनवाड़ी महोबा।** धूप और उमस के बीच बिजली की अघोषित कटौती ने पनवाड़ी क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रखा है। कामकाजी महिलाओं और स्कूली बच्चों की स्थित सबसे ज्यादा खराब है, वहीं विभिन्न अस्पतालों में भर्ती मरीज त्राहिमाम कर रहे हैं। गर्मी के चलते दुकानों में ग्राहकों का टोटा पड़ा हुआ है, दुकानदार हाथ पे हाथ धरे बैठे हैं। सरकार की ओर से कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में बमुश्किल 10 से 12 घंटे लाइट की सप्लाई मिल पा रही है। नंगे झूलते तारों में फाल्ट और ट्रिपिंग सबसे बड़ी बाधा साबित हो रही है। रही सही कसर कटियाबाज पूरी कर दे रहे हैं। कस्बा से लेकर गांवों तक कटियाबाजी का यह खेल बदस्तूर जारी है। स्थानीय विद्युतकर्मी दिन भर जर्जर लाइनों की रिपेयरिंग में खपते रहते हैं, वहीं रात के समय होने वाले फाल्ट के बाद स्थिति बिकट हो जाती है। दर्जनों गांव रात रात भर अंधेरे में डूबे रहते हैं। जागरूक नागरिकों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान अपेक्षित कराते हुए विद्युत सप्लाई दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

### ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**इटावा।** ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय कर्वा खेडा इटावा में 2023-24 का तीन दिवसीय अध्ययन गोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया।सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित ज्ञान स्थली ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकगण को आमन्त्रित कर अध्ययन गोष्ठी की गयी। अध्ययन गोष्ठी महासमारोह का आयोजन परम्परानुसार ज्ञान स्थली ग्रुप के प्रबन्ध समिति के चेयरमेन शिव प्रसाद यादव,उप प्रबन्धक विनीत यादव,डॉ.मुकुल कुमार सिन्हा व सभी विद्यालयों से आये हुए मर्मज्ञ प्रधानाचार्यो ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।इस अवसर पर विजयनगर की शिक्षिकाओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इस अवसर पर ज्ञान स्थली ग्रुप के प्रबन्धक शिव प्रसाद यादव ने सभी को शिक्षण कार्य करने के नियम समझाये कि किस प्रकार से हमें अपने चेप्टर को प्रारम्भ करना और कैसे खत्म करना है,कक्षा में कैसे पढ़ाना है और किस प्रकार से प्रश्न पूछना है,कब चेप्टर टेस्ट लेना है।ये सभी नियम अध्ययन गोष्ठी में समझाये गये और सभी प्रधानाचार्यो,शिक्षक व शिक्षिकाओं ने शिक्षा के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। ज्ञान स्थली ग्रुप के चेयरमैन शिव प्रसाद यादव ने बताया कि बच्चों का निर्माण करना हमारा परम कर्तव्य है।

# डीएम- एसएसपी ने वृक्षों की बारात में किया प्रतिभाग



इटावा। समृद्धि नयूज

**जिलाधिकारी** अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से वृक्षों की बारात में कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए वन विभाग के ऑफिस तक बैंड बाजों के साथ रैली में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि पौधों के प्रति बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बारात में बरगद को दूल्हा बनाया गया एवं शहवाला के रूप में पीपल, पाकड़ को रखा गया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं पौधों को लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखरेख अवश्य करें ।उन्होंने आम नागरिक एवं बच्चों से अपील की ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं एवं उनको सुरक्षित भी रखें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए बरसात का मौसम सबसे अच्छा समय है, इस समय हम पौधों की अच्छी तरह से देखरेख कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, वह हमारे लिए कई तरीके से उपयोगी हैं। रैली में लगभग 700 स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में पान कुमार इंटरनेशनल सहित कई स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए। उक्त अवसर पर निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोंड, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव, प्रधानाचार्य कैलाश यादव, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पर्वों के मद्देनजर डीएम व एसएसपी में किया पैदल गश्त

**इटावा।** आगामी त्योहारों, कांवर यात्रा, श्रावण माह एवं जनपदीय कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसडीएम नगर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। आगामी त्योहारों, काँवर यात्रा/श्रावण माह एवं जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार, उप जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शहरी क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त करते हुए आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# नगरपालिका के वाहन से डीजल चोरी का फोटो वायरल



महोबा। समृद्धि न्यूज

**नगर** पालिका के वाहन से डीजल चोरी करने की फोटो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने जांच शुरु कर दी है। वाहन चालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। नगर पालिका महोबा के कचरा लेकर जा रहे डंपर से डीजल चोरी की फोटो वायरल की गई वायरल फोटो की समृद्धि न्यूज समाचारपत्र पुष्टि नहीं करता वायरल फोटो में चालक और पालिका कर्मी डंपर से बोतल से डीजल चोरी करते हुए दिख रहे है। अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि फोटो के आधार पर चालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही सफाई प्रभारी से भी जबाव तलब किया गया है। स्पष्टीकरण संतोष जनक न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन का गठन, ऋतु जिलाध्यक्ष अर्चना महामंत्री बनीं

**इटावा।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की ओर से मण्डल स्तरीय बैठक का आयोजन इटावा के एक होटल में किया गया जिसमे जिला इटावा की टीम का गठन किया गया। शिक्षिका ऋतु चौहान को जिलाध्यक्ष, अर्चना बाजपेई को महामंत्री पर नियुक्त किया गया। अर्चना चौधरी उपाध्यक्ष, नीतू पुरवार कोषाध्यक्ष, प्रियंका गुप्ता संयुक्त मंत्री, प्रियंका सेंगर संगठन मंत्री पूजा पुरवार ,ऋषभ त्रिवेदी, संगीता जैन को सदस्य पद के लिए मनोनीत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने नवाचारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा किये जा रहे कार्य अति सराहनीय है।जिलाध्यक्ष ऋतु चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गयी है, मै उसका पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करते हुए शैक्षिक नवाचारों के आदान प्रदान का पूरा प्रयास करूँगी।अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि शीघ्र ही राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

# जलवायु परिवर्तन को संतुलित रखने हेतु चलाया जा रहा वृहद पौधारोपण अभियान

महोबा। समृद्धि न्यूज



**पर्यावरण** एवं जलवायु परिवर्तन को संतुलित बनाए रखने हेतु वन महोत्सव में पुलिस ने पौधे रोपित करते हुए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। अधिकारियों ने गोष्ठी में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पौधरोपण के लक्ष्य की जानकारी दी। मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित वन महोत्सव में पुलिस अधिकारियों ने पौधे रोपित किए। प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि वन विभाग के द्वारा जिले में 34 लाख 71 हजार 300 पौधे रोपित करने का लक्ष्य है जबकि अन्य विभागों को 31 लाख 43 हजार 500 पौधे रोपित करने है। कहा कि सरकार ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिले में 66 लाख 17 हजार 800 पौधे रोपित कराए जाने है जिसको लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। जिला पौधरोपण समिति के द्वारा पौधरोपण को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। शीशम, सागौन, अमरूद, जामुन, पीपल, महुआ, नीबू सहित अन्य पौधे रोपित कराने का काम किया जा रहा है। जिले में अधिक से अधिक क्षेत्रफल को हरा भरा करने का लक्ष्य लिया गया है। इस मौके पर सीओ सिटी रामप्रवेश राय, शिवकुमार प्रतिसार निरीक्षक, राजू श्रीवास क्षेत्रीय वन अधिकारी, चरखारी के महेन्द्र कुमार जैन आदि मौजूद रहे।


## कार्यालयः नगर पंचायत, समधन-कन्नौज

पत्रांकः 90/न0पं0स0/कोटेशन सूचना (2023-24) दिनांकः .04/07/2023

(अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना)

समस्त नगर पंचायत समधन के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से निमार्ण कार्य व अन्य कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 11.07.2023 के अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन में कोटेशन आमंत्रित करती है, प्राप्त कोटेशनों को उसी दिन 03 बजे कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीय के द्वारा खोलें जायेगें। शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर में विभिन्न स्थानों पर 10 नग डस्टबिन का अधिष्ठापन कार्य। | 93,831.00 | 05 दिवस |
| 2 | मो0 शान्ती नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय में मरम्मत व पेन्टिग का कार्य। | 72,955.00 | 05 दिवस |
| 3 | मो0 अशफाकउल्ला नगर पंचायत कार्यालय में के पास शौचालय में मरम्मत व पेन्टिग का कार्य। | 57,334.00 | 05 दिवस |
| 4 | नगर पंचायत समधन में पिंक शौचालय में मरम्मत व पेन्टिग का कार्य। | 63,325.00 | 05 दिवस |
| 5 | मो0 गांधी नगर में खेलकूद मैदान के पास शौचालय में मरम्मत व पेन्टिग का कार्य। | 36,848.00 | 05 दिवस |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन, कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत समधन,कन्नौज

## कार्यालयः नगर पंचायत, समधन-कन्नौज

पत्रांकः 89/न0पं0स0/निविदा सूचना (2023-24) दिनांकः 04/07/2023

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

समस्त नगर पंचायत समधन के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से निर्माण कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 12.7.2023 के अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन में निविदायें आमंत्रित करती है, प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 03 बजे कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीय के द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगद अथवा थ्वक्ण् जो अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होगी, लगाना अनिवार्य होगा। निविदाओं की बिक्री दिनांक 11.07.2023 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में की जावेगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | टेन्डर मूल्य | 2 % अर्नेस्टमनी | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कार्यालय में मैन गेट व सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 3,325,421.00 | 350.00 | 6508.00 | 15 दिन |
| 2 | नगर पंचायत कार्यालय में लाइट कुर्सी, डेस्क, ए0सी0 व मरम्मत का कार्य। | 3,65,719.00 | 400.00 | 7314.00 | 15 दिन |
| 3 | नगर पंचायत आफिस की मरम्मत व पुताई का कार्य। | 4,97,874.00 | 500.00 | 9957.00 | 15 दिन |
| 4 | नगर पंचायत आफिस में पी0बी0सी0 फॉल सीलिंग का कार्य। | 4,97,161.00 | 500.00 | 9943.00 | 15 दिन |
| 5 | मे0 लोहिया नगर रिहुआ में 10 सीटर सार्वजनिक सुलभ शौचालय में मरम्मत व पेटिंग का कार्य। | 1,70,592.00 | 200.00 | 3412.00 | 15 दिन |
| 6 | मो0 राम नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय में मरम्मत व पेटिंग का कार्य। | 1,20,292.00 | 200.00 | 2406.00 | 15 दिन |
| 7 | नगर पंचायत कार्यालय के पास 10 सीटर सार्वजनिक सुलभ शौचालय में मरम्मत व पेटिंग का कार्य। | 1,58,590.00 | 200.00 | 3172.00 | 15 दिन |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन, कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत समधन,कन्नौज


# बुंदेली राजाओं की शौर्य गाथा का प्रतीक खखरा मठ हो रहा उपेक्षा का शिकार

महोबा। समृद्धि न्यूज



**बुंदेलखंड** के महोबा जिले में जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते मदन सागर सरोवर के बीचोंबीच स्थित खखरामठ वक्त के थपेड़ों से धीरे-धीरे खंडहर की ओर जा रहा है। यह बुंदेली धरोहर केवल कागजों में धीरे-धीरे तब्दील होती जा रही है कहने को पुरातत्व विभाग की संरक्षित इमारत है। पर पुरातत्व विभाग की अनदेखी साफ नजर आती है की उन्होंने सुरक्षा के लिए गार्ड लगा रखे हैं वह भी खकरा मठ की देखरेख ना कर दिन भर विभाग के ऑफिस में या तो गप्पे मारते रहते हैं या रात की नींद दिन में ऑफिस की कुर्सी में बैठे-बैठे लेते रहते हैं ऐसा नहीं कि एक ही पुरानी इमारत की देखरेख करने के लिए पुरातत्व विभाग ने लोगों को लगाया हू महोबा जिले में ज्यादातर जितनी इमारत है पुरातत्व विभाग के अंडर पर वह सभी इमारत मैं पुरातत्व विभाग की घोर लापरवाही देखी जा सकती है जिसकी जीती जागती वांगी खाकरा मठ है वही पर पूर्व जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार खाकरा मटकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए विकल्प पुल का निर्माण कराया था जोकि उनके जाने के बाद पानी में आज पढ़े हुए धीरे-धीरे खराब हो रहा है पर प्रशासन और पुरातत्व की अपेक्षित से यह धरोहर धीरे-धीरे अराजक तत्वों की शरण स्थली बनता जा रहा है और चंदेल राजाओं की बची कुची निशानी चमकती हुई धरातल की ओर धीरे-धीरे अराजक तत्वों के द्वारा जा रही है क्योंकि पुरातत्व विभाग की अनदेखी साफ देखी जा सकती है

विदित हो कि वास्तु शिल्प की इस अनोखी कृति को बचाने के लिए विभाग के पास फूटी कौड़ी भी नहीं है। एक जमाना था जब आल्हा ऊदल के इस मठ को देखने के लिए सात समुंदर से सैलानी आया करते थे आज खतरा मटकी अपेक्षाओं की वजह से सात समंदर के विदेशी सैलानी तो दूर महोबा शहर के लोग भी खाकरा मठ की ओर आकर्षित नहीं होते हैं

वहीं समाजसेवी तारा पाटकर कहते हैं कि हजार वर्ष पूर्व चंदेले राजा मदन वर्मन ने मदन सागर का निर्माण कराया था तालाब के बीचोबीच साथ ही खाकरा मठ से लगा हुआ एक मठ और उन्होंने निर्माण कराया था जिससे कि बुंदेली राज्यों की यह धरोहर प्राचीन काल तक बुंदेलों की याद दिलाती रहे पर उस मठ की देखरेख ना होने से वह जमींदोज हो गया और मठ के नक्काशी शिलाखंड चारों तरफ हाथी घोड़े और कलाकृतियां तमाम बिखरी हुई जमीन पर आज भी देखी जा सकती है वही समाजसेवी तारा पाटकार कहते हैं कि खाकरा मठ को जाने के लिए चंदेल राजाओं ने स्थाई सड़क बनवाई थी जो आज भी लोगों को आकर्षण कर कहीं ना कहीं खींचती है क्योंकि शिल्प की दृष्टि से बेहद उत्कृष्ट यह खाकरा मठ और सड़क बुंदेले राजाओं की याद दिलाती है की उन्होंने अपने समय में महोबा शहर वासियों के लिए पर्यटन के लिहाज से किस तरीके से महोबा के चारों ओर मठ और मंदिरों का निर्माण कराया था वही वह कहते हैं कि इतिहासकारों के अनुसार उस समय आल्हा ऊदल के मंत्रणा कक्ष के रूप पर इस मठ को उपयोग में लिया जाता था क्योंकि बीच तालाब में इस मठ का निर्माण बुंदेले राजाओं ने किया था क्योंकि चारों तरफ से तालाब का पानी और सुंदर ग्रेनाइट पत्थरों पर गजब की नक्काशी के साथ ही पूरे खाकरा मठ को पत्थरों के खांचों में फंसा कर निर्माण कराया गया था वही तारा पाटकर कहते हैं कि विशेषता साफ झलकती है कि बुंदेली राजाओं ने इसको किस तरीके से निर्माण कराया था की हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी यह खकरा मठ बुंदेले राजाओं की बुंदेली गाथा गाते हुए खड़ा हुआ है क्योंकि केवल शिलाखंड ओ को एक दूसरे के ऊपर रखकर खाकरा मठ का निर्माण बुंदेली तर्ज पर कराया गया जिससे महोबा शहर के वासियों को तो यह आकर्षण करता था साथ ही विदेशी सैलानी भी इसके आकर्षण से 80 90 के दशक में सात समुंदर पार से खकरा मठ को देखने के लिए खींचे हुए चले आते थे पर समय के थपेड़ों ने खकरा मठ बुंदेले राजाओं की धरोहर को धीरे-धीरे निगलना प्रारंभ कर दिया है कहीं ऐसा ना हो की पुरातत्व विभाग की अनदेखी का शिकार होकर यह खकरा मठ कंकड़ और पत्थरों में तब्दील ना हो जाए क्योंकि खाकरा मठ धीरे-धीरे वक्त के थपेड़े खाकर खकरा मठ से गिरे नक्काशीदार पत्थर उसी के इर्द गिर्द पड़े हुए देखे जा सकते हैं वही तारा पटकार कहते है की पुरातत्व विभाग चाहता तो उनकी नक्काशी मिलवा कर मठ का जीर्णोद्धार करवा सकता था लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो सका और आज खतरा मठ अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।



# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालग्राम का किया निरीक्षण

- आकस्मिक वार्ड में मिली गन्दगी, अस्पताल परिसर में मिला जलभराव, डीएम ने एएनएम और आशा कार्यकत्रियों के साथ की बैठक
- डीएम ने प्राथमिक विद्यालय गधैया ऊसर का भी किया निरीक्षण, अध्यापकों से कहा अपनी जिम्मेदारियों को समझें




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के बाद एएनएम व आशा कार्यकत्रियों के साथ बैठक में निर्देशित करते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार** को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विकास खण्ड तालग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक विद्यालय गधैया ऊसर का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान डीएम को आकस्मिक वार्ड में गन्दगी मिली, वहीं अस्पताल परिसर में जलभराव देखकर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को साफ-सफाई करवाए जाने व जलभराव का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने तालग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। डीएम ने लैब, ओपीडी कक्ष, आकस्मिक वार्ड, चिकित्सक कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया। चिकित्सालय परिसर में जलभराव मिलने व आकस्मिक वार्ड में गंदगी पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को नियमित साफ-सफाई कराए जाने व जलभराव का निराकरण किए जाने के निर्देश दिये। उन्होनें चिकित्सालय में मरीजो से उनके स्वास्थ्य एंव दी जाने वाली दवाईयों के संबंध में जानकारी की। उन्होंने यहां मौजूद अभिलेखों का भी निरीक्षण कियां। बीते माह में 60 डिलेवरी संख्या मिलने पर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ ही ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। इसके अलावा डीएम नें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम व आशा कार्यकत्रियों के साथ बैठक कर वीएचएनडी दिवस को प्रभावी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें निर्देश देते हुये कहा कि वीएचएनडी दिवस पर आने वाली महिलाओं की खून, यूरिन, आदि की जांच अवश्य करायी जाये। कहा कि गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को प्रत्येक बुधवार चिकित्सा सुविधा दी जाये। उन्होनें एएनएम और आशा कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से गांव को स्वास्थ्य सुविधायें दें तथा सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूक करें। उन्होंने छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गधैया ऊसर का निरीक्षण किया, जिसमें पाया कि विद्यालय में 80 बच्चें तथा 7 अध्यापक है। अध्यापकों को निर्देश दिये कि अभिभावकों से समन्वय कर अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला कराएं। विद्यालय में कक्षा 1 से 3 तक 60 प्रतिशत बच्चे निपुण की श्रेणी मे पाये गये। निपुण की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शत-प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाया जाये अन्यथा की स्थिति में अध्यापकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के साथ ही दूरस्थ स्थानान्तरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी।

# बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



एसडीओ से वार्ता करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी



एसडीओ कार्यालय के बाहर मौजूद ग्रामीण समृद्धि न्यूज

- विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पिछले कई** दिनों से बिजली की केबलों में बार-बार फाल्ट हो जाने के चलते ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही। जिससे ग्रामीणों के समक्ष भीषण गर्मी एवं उमस और पानी की दिक्कत आ रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

मंगलवार को नगर के जीटी रोड स्थित पावर हाउस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी व ग्राम तेराजाकेट के ग्राम प्रधान रामराज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीओ कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। इस दौरान प्रधान ने एसडीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि पिछले 04 दिनों से गांव की बिजली केवलो में बार-बार फाल्ट हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी उमस के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एवं पानी भरने में भी काफी दिक्कत आ रही है। जिस पर एसडीओ अरविंद कुमार मौर्य ने मामले के संबंध में केवल कांट्रेक्टर को फोन के द्वारा समस्या के निस्तारण करने व जर्जर केवलो को बदलने की बात कही। जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामराज, पिंकू, नितिन, राम जी, गोविंद, नदीम, निजामुद्दीन, लालजी, अनार सिंह, जितेंद्र, विजेंद्र, हैप्पी और नीलू सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर दो पक्षों में अभद्रता के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुडहा निवासी रंजीत कुमार ने बताया है कि गांव के ही बीपी, मोहित, सर्वेश, सतीश चंद्र ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए उसकी भाभी मायावती पत्नी संजीव कुमार को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से बृजेश कुमार ने दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के संजीव, रंजीत, रोहित, कांति देवी, मायावती एवं उनके रिश्तेदार फर्रुखाबाद के थाना फतेहगढ़ ग्राम पिपियापुर निवासी राहुल ने रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके पिता रामदास और उसकी पत्नी रागिनी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान उसकी पत्नी रागिनी के गले का मंगलसूत्र गिर गया। घटना के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा एवं रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाहिता व उसके पिता को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालियों ने विवाहिता से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसका गला दबाकर मारपीट की और धमकी भी दी। इसी बीच विवाहिता के पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को ससुरालियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुडरीपुरवा निवासी रिया मिश्रा पत्नी रूपेश कुमार ने दी तहरीर में बताया है कि शादी के बाद ग्राम कुडरीपुरवा निवासी उसके पति रूपेश कुमार, सास ममता मिश्रा, ससुर शैलेंद्र मिश्रा, ननंद श्वेता दुबे,नीरू दीक्षित, शिवम दीक्षित, अंशु दीक्षित, अज्ञात उनके मित्रगण उसे अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। बीती 03 जुलाई की सुबह लगभग 10 बजे उसके ससुरालियों ने गला दबाकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गई। बीच-बचाव करने आए उसके पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## घर से गए किशोर का नहीं सुराग, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से बिना बताए 13 वर्षीय किशोर कही चला गया। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो किशोर के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपहरण की आशंका जताई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी महेश चंद्र ने दी गई तहरीर में बताया है कि 03 जुलाई 2023 की दोपहर 1.30 बजे उसका पुत्र जतिन उम्र 13 वर्ष बिना बताए घर से कही चला गया। जब वह देर रात तक वापस नहीं आया। तो पीड़ित पिता ने अपने पुत्र की आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को घटना के बारे में बताया। जिस पर पुलिस ने अपहरण की आशंका से अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोर की खोजबीन शुरू कर दी है।

# आगामी आठ जुलाई को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

- विशेष लोक अदालत को सफल बनाए जाने के लिए अधिकारियों ने की बैठक



बैठक में मौजूद पीठासीन अधिकारी शाहिद रजा व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आगामी** आठ जुलाई को पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की शाहिद रजा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को सफल बनाए जाने के लिए मंगलवार को पुरानी कचहरी में समस्त बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों एवं मण्डलीय प्रबन्धकों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रमुख रुप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल मौजूद रहीं। आगामी आठ जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत से पूर्व मंगलवार को पुरानी कचहरी में प्री-ट्रायल बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीठासीन अधिकारी शाहिद रजा नें बताया कि 08 जुलाई को होने वाली विशेष लोक अदालत के सम्बन्ध में कुल 27 मोटर वाहन दुर्घटना से सम्बन्धित वादों को निस्तारण हेतु चिहिन्त किया गया तथा समस्त चिहिन्त वादों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है तथा विशेष लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु आगामी 7 जुलाई को प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया जायेगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने वादकारियों से अपील की है कि इच्छुक वादकारी विशेष लोक अदालत में अपने मोटर वाहन दुर्घटना सम्बन्धित वादों को आपसी सुलह समझौते द्वारा सरलता व सुगमता से निस्तारित करवाये जाने हेतु 8 जुलाई को कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पुरानी कचहरी कन्नौज पर पहुँच कर निस्तारण करवा सकते हैं तथा उक्त विशेष अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# पोषक तत्वों से भरपूर लाल साक: डा. चंद्रकला यादव

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



डा. चन्द्रकला यादव

**कृषि** विज्ञान केंद्र कन्नौज की महिला गृह वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने बताया कि लाल चौलाई या लाल साक एक पत्तेदार सब्ज़ी है। सरसों, पालक, बथुआ आदि सागों की तरह इसका साथ भी खाने में बहुत स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिहाज़ से भी बहुत कारगर होता है। चौलाई का वैज्ञानिक नाम अमरेन्थस है। उन्होंने कहा कि चौलाई, लालसाग, राजगिरा आदि कई नामों से जाना जाता है। यह मुख्य रूप से गर्मी के मौसम में उगाई जाती है। लेकिन अब यह पूरे साल किसी भी मौसम में उगाई जा सकती है। लाल चौलाई की बात करे तो यह है विटामिन ए, सी और के जैसे विटामिंस से भरपूर होती है। यह प्रोटीन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, राइबोफ्लेविन और कैल्शियम जैसे खनिज लवणों का एक बेहतरीन स्रोत है अतः यदि हम इसका सेवन करते हैं तो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। लाल चौलाई में जीवाणुरोधी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीइन्फ्लामेट्री गुण भी पाए जाते है अतः यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है। इसका उपयोग हृदय रोग, पाचन संबंधी विकारों, हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं, मधुमेह नियंत्रण, मोटापा, त्वचा और बालों की समस्याओं के लिए किया जाता है। चौलाई के स्वास्थ्य लाभ यह है कि पाचन के विकारों को ठीक करता है, मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करता है, हृदय रोगियों के लिए अत्यंत लाभकारी है, शरीर में खून की कमी से होने वाले रोगों की रोकथाम में मदद करता है व खून को बढ़ाता है, इसमें कैंसर रोधी गुण पाए जाते हैं अतः यह कैंसर से बचाता है, वज़न कम करने में मदद करता है, चौलाई में कैल्शियम व फास्फोरस अच्छी मात्रा में होता है अतः यह अस्थि संबंधी रोगों से बचाता है। चौलाई में पाए जाने वाले पोषक तत्व ऊर्जा- 21 किलो कलोरी, प्रोटीन-2.11 ग्राम, वसा-0. 18 ग्राम, खाद्य रेशा- 7.0 ग्राम, कैल्शियम- 209 मि. ग्राम मैग्नीशियम -55 मि. ग्राम, लोहा- 2.26 मि. ग्राम, जिंक-88 मि. ग्राम, विटामिन सी - 41.1 मि. ग्राम चौलाई की कुछ प्रजातियां जैसे पूसा किराण चौलाई, पूसा कीर्ति चौलाई, पूसा लाल चौलाई, मोर पंख चौलाई,बड़ी चौलाई व छोटी चौलाई आप अपने घर में नो सकते है। चौलाई सालभर बोई जा सकती है परंतु ज़ायद और ख़रीफ़ में मुख्य रूप से बोई जाती है।

# पॉलीथिन का प्रयोग ना करने हेतु दुकानदारों को किया जागरूक, चलाया हस्ताक्षर अभियान

- नगर पालिका परिषद और सदर तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया






**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार** को नगर पालिका परिषद के प्रशासनिक अधिकारियों और सदर तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रुप से आम जनमानस एवं दुकानदारों को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग ना करने हेतु जागरूक किया। तथा पर्यावरण संरक्षण संदर्भ में शपथ भी दिलाई। इसके अतिरिक्त पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व बोध हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत दुकानदारों को किसी भी प्रकार के प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग न करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों से कहा कि लगातार निर्देशों के बाद भी यदि उनके द्वारा पॉलिथीन का प्रयोग करते पाया जाता है तो जुर्माने के साथ-साथ अन्य कठोर विधिक कार्रवाई भी तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएगी।

# गंदगी व जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- ग्रामीणों ने की सड़क नहीं तो वोट नहीं की नारेबाजी
- जलभराव के कारण गिरकर चुटहिल होते बूढ़े व बच्चे

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



सड़क निर्माण न होने से प्रदर्शन करते ग्रामीण समृद्धि न्यूज

**लम्बे** समय से मार्ग पर गंदगी व जलभराव होने से आजिज आए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब तक रोड नही तब तक वोट नहीं। पानी का निकास न होने के कारण ग्रामीणों को जलभराव व गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बीते कई वर्षो से ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है।

मंगलवार को ग्राम ऊंचा पट्टी के ग्रामीणों ने हनीफ अली, शमीम, फैजुद्दीन, अमर तिवारी, मनोज लल्ला, सोने लाल प्रजापति, विनय तिवारी, दिलीप तिवारी, जलालुद्दीन, शब्बीर अली, खलील, चंदन आदि ने प्रदर्शन कर सड़क निर्माण न होने का विरोध किया। बताया कि ग्राम ऊंचा से ऊंचा पट्टी तक जाने वाले मार्ग पर पानी का निकास नहीं है। नाला का निर्माण कराया गया। लेकिन ऊंचाई होने के कारण पानी घरों की ओर वापस आता है। जबक सड़क भी जगह-जगह उखड़ी पड़ी है। जिससे बरसात के मौसम में मार्ग पर जलभराव व गंदगी बनी हुई है। जिससे गुजरने के दौरान बच्चे, बूढ़े और महिलाओं को आने-जाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। आवागमन करने वाले गिरकर चुटहिल भी हो रहे है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अनिल कुमार पर भी मनमानी व लापरवाही का आरोप लगाया है और जिला प्रशासन से मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों का आधार डाटा एनपीसीआई के अन्तर्गत सीड कराया जाना आवश्यक

- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की समीक्षा बैठक के दौरान कहां है कि उज्जवला योजना के लाभार्थियों का आधार डाटा एंव सम्बन्धित बैंक खाता विवरण आदि उज्जवला योजना डाटा बेस मे फीड कराया गया है। परन्तु कतिपय लाभार्थियों का आधार विवरण उनके सम्बन्धित बैंक में सत्यापित नही होने के कारण भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुदान की धनराशि अंतरण कराने मे समस्या उत्पन्न हो रही है। डीएम ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से अनुदान प्राप्त करने के उददेश्य से समस्त उज्जवला योजना के लाभार्थियों का आधार डाटा उनके सम्बन्धित बैंक मे एनपीसीआई के अन्तर्गत सीड कराया जाना आवश्यक है। डीएम ने समस्त उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सूचित किया है कि अपने एलपीजी वितरक व एजेन्सी से सम्पर्क कर आधार सीड कराने के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर वांछित अभिलेख सहित आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर अपने बैंक में जमा कराएं, ताकि, भविष्य मे अनुदान राशि प्राप्त करने मे उन्हे कोई समस्या न हो। कार्यहित मे समस्त बैंक प्रबन्धक तथा एलपीजी एजेन्सी के प्रबन्धक व प्रोपराइटर द्वारा उज्जवला लाभार्थियों के इस कार्य मे पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। डीएम ने कहा कि किसी असुविधा की स्थिति में सदर तहसील क्षेत्रान्तर्गत पूर्ति निरीक्षक के मोबाइल नंम्बर 9889433959, तथा तहसील तिर्वा एंव नगरीय क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मोबाइल नम्बर 9411053497 तहसील छिबरामऊ अन्तर्गत पूर्ति निरीक्षक मोबाइल नम्बर 9455814731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज



**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** युवक ने किशोरी को शौचालय में खींचकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पिता के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। कई दिनों तक थाने के चक्कर लगाने के बाद पीड़िता ने एसपी को मामले की तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया एक सप्ताह पूर्व उसकी तेरह वर्षीय पुत्री घर से कुछ दूरी पर कूड़ा डालने गयी थी। उसी समय पड़ोस के एक गांव निवासी युवक खेत के निकट बने शौचालय में पहले से घात लगाए बैठा था। उसने किशोरी को शौचालय में खींच लिया और दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने युवक को मौके पर ही दबोच लिया। ग्रामीणों ने युवक को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक को थाने ले आयी। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज कर आरोपित का शांतिभंग में चालान कर दिया। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज न कर पीड़िता व उसके पिता को थाने से टरका दिया।

जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पीड़िता ने पिता के साथ फर्रुखाबाद पहुंचकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी। एसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है। दुष्कर्म के मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी बोर्ड की कंपार्टमेंट परीक्षा 22 जुलाई को

- हाईस्कूल में 18,400 एवं इंटरमीडिएट में 26,269 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की 15 जुलाई को होने वाली हाईस्कूल की कंपार्टमेंट एवं इंप्रूवमेंट एवं इंटर मीडिएट की कंपार्टमेंट की परीक्षा अब 22 जुलाई को होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। हाईस्कूल की परीक्षा पहली पाली में सुबह 8 बजे से 11:15 बजे तक होगी। जबकि इंटर की परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक सम्पन्न होगी। प्रदेश के कुछ जिला विद्यालय निरीक्षक 15 जुलाई को सावन की शिवरात्रि होने व उस दिन कांवड़ियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की मांग की थी। फलस्वरुप परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 22 जुलाई कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक हाईस्कूल की कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट परीक्षा में 18,400 छात्र-छात्राओं ने तथा इंटर मीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा में 26,269 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। पिछले दिनों परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने क्षेत्रीय कार्यालयों के अपर सचिवों तथा जिला विद्यालय निरीक्षकों के साथ वर्चुअल बैठक की।

इसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द भी वर्चुअल जुड़े। जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षार्थी मोबाइल एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स उपकरण नहीं ले जा सकें।

# मैनेजर पर जान लेवा हमला करने में पिता-पुत्रों पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मैनेजर पर जानलेवा हमला करने के मामले में सब्जी विक्रेता व उसके तीन पुत्रों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के गांव अचरा तकीपुर निवासी आनन्द सिंह गंगवार ने थाना नवाबगंज के गांव पहाड़पुर अठसेनी निवासी राजकुमार राठौर पुत्र देवीदयाल तथा राजकुमार के पुत्र रितिक, अमित, शोवित के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार अलीगंज मार्ग अचरा स्थित वैभव गंगवार फिलिंग स्टेशन पर आनंद सिंह गंगवार मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 25 जून की शाम 7 बजे आनंद सिंह ने उपरोक्त आरोपित राजकुमार की सराय मार्ग अचरा स्थित फुटपाथ पर लगी सब्जी की दुकान से सब्जी खरीदी। सब्जी की कुल कीमत 120 रुपए हुई। मैनेजर आनंद सिंह ने अपनी जेब से 500 रुपए का नोट निकालकर राजकुमार को दे दिया। राजकुमार ने 280 रुपए आनंद को वापस कर दिए। आनंद ने बिना गिनती किए अपनी जेब में रुपए रख लिए। आनंद ने घर जाकर रुपए की गिनती की तो 100 रुपए कम निकले। आनंद सिंह पुनः रात्रि 9 बजे सब्जी विक्रेता राजकुमार की दुकान पर पहुंचे और रुपए कम वापस करने की बात कही। इसको लेकर उपरोक्त सभी आरोपित आनंद सिंह के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। जब आनंद सिंह ने इसका विरोध किया तो उक्त आरोपित राजकुमार ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपने पुत्र रितिक से कहा कि आज इसका खेल खत्म कर देते हैं। इतना सुनते ही रितिक ने कटहल काटने वाले हंसिया से जान से मार देने की नियत से आनंद सिंह की गर्दन पर पीछे से वार कर दिया। जिससे आनंद लहुलुहान हो गए। शोर-शराबे की आवाज सुनकर पड़ोसी दुकानदार पुष्पेंद्र व विकास निवासीगण खलवारा थाना मेरापुर तथा अचरा तकीपुर निवासी मुकेश ने जैसे तैसे उपरोक्त आरोपितों से आनंद सिंह को बचाया। तब तक आनंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बीच-बचाव करते समय मुकेश चंद के हाथ में भी हंसिया लग गया। जिससे वह भी घायल हो गए। पुष्पेंद्र व विकास आदि दुकानदार गंभीर रूप से घायल आनंद सिंह को लोहिया अस्पताल ले गए। इस घटना के मामले में पुलिस ने 1 सप्ताह बाद आनंद सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार को सौंपी।

# पुलिस ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर नगर में किया पैदल मार्च



नगर में पैदल गश्त करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर जनपद में सभी थाना व कोतवालियों में पुलिस न आगामी त्यौहारों श्रावण मास, कांवड़ यात्रा आदि के मद्देनजर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जनता से आगामी त्यौहारों पर शांति बनाये रखने की अपील की। पुलिस ने कहा कि त्यौहार हमें आपस में मिल जुलकर रहना सिखाते हैं। इसीलिए यह आते हैं। त्यौहारों को पूरी सादगी और शांतिपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए, ताकि उनको मनाने का उद्देश्य पूरा हो सके। पुलिस न सभी से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही भीड़भाड़ इलाकों में संदिग्ध लोगों व वाहनों को रोक-रोककर उनसे पूछताछ भी की। इस दौरान सड़क पर पुलिस बल को देखकर अराजकतत्व छिपते छिपाते नजर आये।

# शासन की रोक के बावजूद भक्तों से भरी ट्रैक्टर ट्राली भर रहीं फर्राटा



श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** भले ही प्रदेश सरकार ने ट्रैक्टर ट्राली पर सवारियां बैठाने पर रोक लगा दी हो, लेकिन इसके बावजूद यहां शासन का फरमान बेसर दिखायी दे रहा है। श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली थाने का सामने से गुजरते देखी गयी।

मालूम रहे उत्तर प्रदेश सरकार ने आए दिन हो रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रालियों के पलटने की दुर्घटनाओं को देखते हुए श्रद्धालुओ से भरी ट्रैक्टर ट्राली की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाहन स्वामियों को चेतावनी देकर कार्यवाही का फरमान भी सुना दिया गया। इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां शमशाबाद थाने के सामने फर्राटा भर रही हैं। आए दिन ट्रैक्टर ट्राली सवार श्रद्धालुओं को ढाईघाट की ओर आते जाते देखे जा रहे हैं। बताते हैं मथुरा में विगत दिनों पूर्व एक दुर्घटना में एक ट्रैक्टर ट्राली जो श्रद्धालुओं को लेकर मथुरा गोवर्धन से परिक्रमा के बाद वापस लौट रही थी। रिफायनरी के निकट अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली खंड में पलट गई थी। इस दुर्घटना में आधा दर्जन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। सबसे बड़ी बात है आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर न तो पुलिस प्रशासन संज्ञान में ले रहा है न ही ट्रैक्टर ट्राली संचालक संज्ञान में ले रहे हैं। मंगलवार भी ट्रैक्टर ट्राली के सहारे श्रद्धालुओं को फर्राटा भरते हुए देखा गया। बताया गया है शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही एक गांव से कथा भागवत का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दो ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार श्रद्धालु डीजे के सहारे ढाईघाट शमशाबाद गंगा नदी की ओर जाते हुए देखे गए। सबसे बड़ी बात यह है जिस वक्त श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रालिया थाने के सामने से गुजर रही थी अंदर पुलिस कर्मी नजारा देख रहे थे।

# खबरें चलते-चलते

## रफी अहमद बने सपा पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद (सं.)।** सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर प्रदेश के 31 जिला व महानगर अध्यक्षों की घोषणा की। जिसमें फर्रुखाबाद पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का महानगर अध्यक्ष रफी अहमद को मनोनीत किया है।

## विवाहिता को पीटने में पति सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** थाना मऊदरवाजा के गांव खैराबाद निवासी मुखराम ने अपनी पुत्री पूजा के पति सतेंद्र, जेठ सचिन उर्फ पिंटू, देवर रवि निवासीगण नगला खोंटा थाना मेरापुर के विरुद्ध पुत्री को गाली-गलौज कर मारपीट व जान से मार देने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। 26 जून को मेरी पुत्री पूजा ने सूचना दी कि मुझे उपरोक्त तीनों आरोपियों ने मेरी पुत्री पूजा को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। मेरी पुत्री बदहवास हालत में 27 जून को घर पहुंची। तब पुत्री का लोहिया में इलाज करवाया। उसने बताया कि मुझे तीनों लोंगो ने गाली-गलौज कर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच दरोगा वालेश्वर दयाल के सुपुर्द की।

## नगर मजिस्ट्रेट ने संभाला चार्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** नवागन्तुक नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र ने मंगलवार को चार्ज ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि नगर को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। इस संदर्भ में नगर पालिका ईओ को बुलाकर सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथ को खाली कराया जायेगा। जिससे पैदल निकलने वालों को असुविधा न हो। चार्ज लेने के बाद वह देर शाम नगर भ्रमण पर निकले।

# कटरी गंगपुर और शिकारपुर में आयोजित हुआ सास-बेटा-बहु सम्मेलन

- देश में बढ़ रही जनसंख्या चिंता का विषयः डॉ0 दलवीर



महिला को पुरस्कृत करतीं स्वास्थ्य कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले में इस समय दंपति संपर्क पखवाड़ा चल रहा है। 11 जुलाई से 24 जुलाई के मध्य सेवा प्रदाएगी पखवाड़ा चलेगा। इस दौरान योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन की सेवाएं दी जायेंगी। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सास बेटा बहु सम्मेलनों के माध्यम से परिवार नियोजन की मुहिम शुरू की गई है।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटरी गंगपुर और शिकारपुर में सास बेटा बहु सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम प्रधान कांती वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से योग्य दम्पति को अपने हिसाब से परिवार को किस तरह नियोजित किया जाये जागरूक किया गया।

प्रतियोगिता में भाग लेने में जिसने सही तरीके से जबाब दिया उसमें से मधु उनके पति किशनपाल और सास जयदेवी को प्रथम पुरुस्कार, अरवीना, उनके पति सुनील और सास सिया देवी को दूसरे और प्रतिभा, उनके पति राजेश्वर, सास मुन्नी को तीसरे पुरुस्कार से सम्मानित किया गया साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने कहा कि बढ़ रही जनसंख्या चिंता का विषय है। इस दौरान आशा संगिनी सीमा देवी, आशा कार्यकर्ता अम्बरवती, गायत्री, निशा, अंजू, प्रेमलता आदि मौजूद रहीं।

# सभासद पर 20-20 हजार रुपये लेकर अपात्रों को पीएम आवास दिलाने का आरोप

- नेकपुर चौरासी के निवासियों ने डीएम से जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर चौरासी के निवासियों ने सभासद पर प्रधानमंत्री आवास अपात्र अपने सगे संबंधियों को प्रति कालोनी 20-20 हजार रुपये लेकर दिलवाये जाने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पीड़ितों ने पीएम आवास की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की। पीड़ितों ने अपात्र व्यक्तियों के नाम भी शिकायती पत्र में दर्शाये है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर चौरासी के निवासियों ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि सभासद मृदुल कटियार ने अपने सगे संबंधियों को 20-20 हजार रुपये लेकर प्रधानमंत्री आवास दिलाये है। सभासद द्वारा अवैध तरीके से जिन अपात्र व्यक्तियों को दिलाये गये पीएम आवास उनमें गोपाल कटियार पुत्र सुरेश कटियार जिनके पास खेत, पक्का मकान, चक्की, बाइक है, सर्वेश कुमार पुत्र लालमन जिनके पास पक्का मकान, खेत, चार पहिया कार व घर पर ऐसी भी लगी है, अवनीश कुमार पुत्र सर्वेश कुमार के पास पक्का मकान, खेत, चार पहिया कार व घर पर ऐसी भी लगी है, सुरजीत कटियार पुत्र सतीश चन्द्र कटियार के पास पक्का मकान, खेत, चार पहिया कार व कपड़े की दुकान है, विवेक कुमार पुत्र सतीश चन्द्र के पास पक्का मकान, खेत, चार पहिया कार है, अनूप कुमार पुत्र पप्पू कटियार के पास पक्का मकान, खेत, बाइक आदि है, मुनीश चन्द्र कटियार के पास पक्का मकान, खेत, ट्रक, प्लाट आदि है, जिनकी मृत्यु भी हो चुकी है, संजय कटियार पुत्र प्रेमसागर के पास पक्का मकान, खेत, ट्रक, प्लाट आदि है, जिनकी मृत्यु भी हो चुकी है, बीनू कटियार पुत्र प्रेमसागर कटियार के पास खेत, पक्का मकान, आटा चक्की व बाइक है। पीड़ितों ने जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत करने वालों में योगेन्द्र सिंह, सिल्ली चौहान, भगवान सिंह, लल्लू तिवारी आदि लोगों के नाम शामिल हैं।

# चोरी के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर के ताले तोड़ कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर कला निवासी भंवरकुमार पुत्र रक्षपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीते दिन चोरों ने घर में घुसकर दो मोबाइल, छह हजार की नगदी, सोने का मंगलसूत्र, एक टोप्स, कुंडल, पायलल आदि सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सजन पुत्र नामालूम निवासी लकूला थाना कादरीगेट उसके 2 साथी के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## मार्ग दुर्घटना में 5 घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। नगर से सटे गांव कुबेरपुर निवासी जावेद का 13 वर्षीय पुत्र अलकैफ, दोषपुर निवासी इखलाक, पितौरा निवासी रामसेवक की 10 वर्षीय पुत्री पम्माना, कम्पिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर मिस्तनी निवासी कादिर खां व जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर निवासी प्रेम सिंह का 14 वर्षीय शिव नरायन घायल हो गए। आसपास लोगों ने सभी को अस्पताल भर्ती कराया।

## सूचना

मैं नं0 3002333N HAV-ASLAM ALI मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 01/07/1961 व पिता की जन्मतिथि 01/07/1956 है, जो गलत है। मेरी माता की जन्मतिथि 15/07/1969 व पिता की जन्मतिथि 08/12/1962 है, जो सही है। इसे ही मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

# किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के लोग

- किसानों को 18 घंटे बिजली मुफ्त दी जाये
- आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान के जिलाध्यक्ष अरविन्द सिंह शाक्य ने एसडीएम को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर किसान के हितों की मांग की है। ज्ञापन में ब्लाक मोहम्मदाबाद के ग्राम बराकेशव की वोटिंग हो चुकी है। वहां पर वोटिंग के आधार पर चकबंदी निरस्त की जाये। ग्राम सभा सिनौड़ा पृथ्वी की वोटिंग के आधार पर चकबंदी निरस्त की जाये। ब्लाक कमालगंज के ग्राम बहोरा की कब्जा परिवर्तन की जांच करायी जाये। आवास विकास कालोनी के अंतर्गत किसानों की लगभग नौ एकड़ भूमि अल्लाहनगर उर्फ बढ़पुर ग्राम मसेनी के अंतर्गत एवं विकास परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है। किसानों की भूमि को बिना मुआवजा के अधिग्रहण न किया जाये। सर्किल रेट के आधार पर किसानों को मुआवजा दिया जाये। नवाबगंज के गनीपुर जोगपुर के गाटा संख्या 1503 व 1492 की सही पैमाइश कराकर विवाद को सुलझाया जाये। पांचाल घाट नरायन आश्रम से अमृतपुर तक गंगा तट का बांध बनवाया जाये। जिससे किसानों को बाढ़ से निजात मिल सके। किसानों को सिंचाई हेतु 18 घंटे बिजली सुचारु रुप से दी जाये। सरकार के वायदे के अनुसार किसानों को बिजली मुफ्त दें। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाये। इस मौके पर अरुण कुमार, सुनील कुमार, संजय कुमार,. कमलेश, अफरोज मंसूरी, संतराम राजपूत, रामवरन वर्मा, प्रभाकांत मिश्रा, शान सिंह मौजूद रहे।

# दुकान ध्वस्तीकरण के मामले में पीड़ित को न्यायालय से मिला स्टे



- दुकान ध्वस्तीकरण पर कोर्ट से रोक लगने पर पीड़ित ने ली राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामित्व को लेकर बीते दिन लेखपाल संजीव दुबे द्वारा पैतृक जमीन में अपने चचेरे भाई महेंद्र दुबे उर्फ पप्पू दुबे की दुकान शुभम जनरल स्टोर को सम्मिलित कर नगर मजिस्ट्रेट के यहां से नक्शा पास कराने का आवेदन किया था। जिस पर महेंद्र दुबे ने आपत्ति प्रस्तुत की। नगर मजिस्ट्रेट ने निर्माण पर रोक के आदेश 28 जून को जारी किये। पुलिस की सहायता से रजामंदी से शीघ्रता से निर्माण कराना फिर शुरु हुआ। विवश होकर महेंद्र दुबे ने सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में लेखपाल संजीव दुबे के विरुद्ध बहुमूल्य पैतृक सम्पत्ति प्लाट व दुकान के संबंध में निषेधाज्ञा वाद प्रस्तुत किया। जिस पर न्यायालय द्वारा संजीव दुबे प्रतिवादी को सम्पूर्ण पैतृक सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन, निर्माण अथवा तोड़फोड़ करने से मना किया गया। वादी महेंद्र की दुकान में उनके एक मात्र अध्यासन प्रयोग व संचालन में किसी प्रकार की कोई व्यवधान न डालें और न ही हस्तक्षेप करें। इसके लिए न्यायालय द्वारा रोक के आदेश दिये गये।

वादी महेंद्र की ओर से पूर्व डीजीसी राहुल मिश्रा ने न्यायालय में पैरवी की। पैरवी के आधार पर अग्रिम कार्यवाही तक स्टे दिया गया है। वादी महेंद्र दुबे ने बताया न्यायालय में हमने अपनी बात रखी और प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्यवाही तक स्टे दिया गया है। विपक्षी को किसी भी तरह की छेड़छाड़ व तोड़फोड़, निर्माण एवं परिवर्तन के लिए रोकने का आदेश दिया गया है।

# गांव में नहीं पहुंची विद्युत आपूर्ति, फिर भी बकाया में आरसी जारी


- ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



डीएम से शिकायत करने के बाद मौजूद ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर के ग्राम पिलखना के दो दर्जन से अधिक ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। जिसमे बताया कि वर्ष 2007 व 2008 में क्षेत्रीय लेखपाल रमाकांत गुप्ता ने हम लोगों से राशन कार्ड व 50-50 रुपये जमा कर कराए थे कि तुम्हारे गांव में खम्बे लगवाकर लाइन डलवाकर विद्युत आपूर्ति कर दी जायेगी, जिससे तुम लोगों के यहां भी बिजली आने लगेगी। उसके बाद गांव में बिजली के खम्बे लगाए गए व लाइन खिंची गयी और न ही हम लोगों के यहां विद्युत केबिल लगाई गयी और न ही घरों में मीटर लगाये गए। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की ओर से किसी भी ग्रामवासी का मीटर लगाकर बिजली आपूर्ति नहीं की गई है, इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बावजूद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तहसीलदार को भ्रमित कर ग्रामवासियों के विरुद्ध बकाया धनराशि की आख्या प्रस्तुत कर दी। जिस पर तहसीलदार द्वारा अधिकांश ग्रावासियों के विरुद्ध 19 जून को आरसी जारी कर दी गई। जिसमें मनमाने तरीके से विद्युत बकाया धनराशि अंकित की गई है। ग्रामवासियों ने तहसीलदार द्वारा जारी की गई आरसी को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। वहीं डीएम ने जांच करवाकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास, 60 हजार जुर्माना

▸ बीते सात वर्ष पूर्व घटी थी उपरोक्त घटना



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में बोलेरो से टक्कर मारकर लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या कर देने के मामले में अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने हवलदार उर्फ नेता पुत्र लालसहय निवासी सलेमपुर नवाबगंज, जगदीश पुत्र हरिराम निवासी अहमदपुर थाना नयागांव एटा, वीरपाल पुत्र दयाराम निवासी एत्मादपुर थाना बिछ्वा मैनपुरी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 7 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज कनासी निवासी प्रकाश पुत्र तेजराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 11जून 2016 को सुबह मैं अपने घर से साइकिल से मंझना होते हुए फर्रुखाबाद जा रहा था। जैसे ही मैं मंझना गांव से लगभग एक किलोमीटर आगे गंगलऊ परमनगर गांव की ओर आया तो देखा कि सामने से एक बोलेरो गाड़ी व बाइक आती दिखायी, इस बीच बोलेरो सवारों ने बाइक में टक्कर मारकर सड़क किनारे खेतों में गिरा दिया और बोलेरो से तीन चार अज्ञात व्यक्ति उतरे और बाइक सवार पर लाठी-डंडो व सरिया से हमला कर दिया। जब मैं व आपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपीगण भाग चुके थे। मैंने घायल को अपने पुत्र विकास उर्फशिवप्रकाश 35 वर्षीय के रूप में पहचान की। उसको देख मैं भी बेहोश हो गया। मुझे व मेरे पुत्र को आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने विकास उर्फ शिवप्रकाश को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वादी ने अपने बयानों में बताया कि मेरी पुत्रवधू संगीत ने बताया कि हम लोग नवाबगंज में रहते थे। वहीं पर पड़ोस में रोशनी राजपूत जो कि कथा वाचक व वकील थी। उसके कोई संतान नहीं थी और हम लोगों का एक दूसरे के यहां जाना आना था। रोशनी हमारे बच्चों को अपने बच्चों की तरह मानने लगी थी। रोशनी के मुंह बोले पिता हवलदार अंदर ही अंदर रंजिश मानने लगे थे। इसी बीच रोशनी फतेहगढ में रहने लगी और मेरे पति से कहा कि तुम किराए के मकान में रहते हो मेरे मकान की चाबी लो और इसमे रहो। इसके बाद हवलदार ने विकास उर्फ शिवप्रकाश को जान से मारने की धमकी दी थी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई के पूर्ण होने के बाद बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अशोक कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने हत्या के मामले में हवलदार, जगदीश, वीरपाल को दोषी करार देते हुए धारा 302 में आजीवन कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 120बी में उक्त तीनों को एक-एक वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## पति के साथ बाजार जा रही महिला अचानक मिट्टी कटने से गंगा में गिरी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। पति के साथ बाजार रही महिला अचानक मिट्टी कटने से गंगा में जा गिरी। उसके शोर मचाने पर ग्रामीणों ने गंगा में छलांग लगाई और जान की बाजी लगाकर महिला को बाहर निकाला और उसे प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम समोचीपुर चितार निवासी कल्लू अपनी पत्नी राफिया खातून के साथ मंगलवार को अवश्यक खरीदारी हेतु शमशाबाद बाजार जा रहा था। बताया गया है दंपत्ति गंगा नदी के किनारे से होकर गुजर रहे थे। उसी दौरान बाढ़ के पानी में मिट्टी का कटाव होने के कारण मिट्टी कट गई और महिला गंगा में जा गिरी। उधर महिला के शोर मचाने पर घबराए पति ने महिला को बचाने की कोशिश की। सफलता न मिलने पर शोर मचाया। वहीं आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जान की बाजी लगाते हुए गंगा में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद गंभीर हुई महिला को बाहर निकाला। उसे कस्बे के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां उपचार के कुछ समय बाद महिला को होश आ गया था।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान कई के किये चालान



वाहनों की चेकिंग करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर पुलिस ने मंगलवार को जनपद में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान कर उनसे जुर्माना वसूला गया।

जानकारी के अनुसार थाना व कोतवाली की पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया के अलावा चार पहिया वाहनों की भी तलाशी ली। कागजात आदि न दिखाने पर कई वाहनों के चालान किये तथा कई को हिदायत देकर छोड़ा। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। जो लोग गाड़ी के डीएल, आर.सी. के अलावा हेलमेट लगाकर नहीं चल रहे हैं। उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इसलिए सभी दुपहिया व चार पहिया वाहन चालक अपने साथ गाड़ी के कागजात अवश्य लेकर चलें। इसके अलावा संदिग्ध वाहनों की भी तलाश ली गयी, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। कई वाहन चालक तो सत्ता पक्ष के नेताओं से सिफारिश करते नजर आये।

## दबंगों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने छह नामदर्ज सहित दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि अभिषेक पुत्र छोटेलाल निवासी न्यू आदर्श कालोनी लोको रोड मसेनी अपने दस-ग्यारह साथियों के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने मार पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।

# चूल्हे की चिंगारी से विधवा की झोपड़ी जलकर राख



झोपड़ी में लगी आग को बुझाते ग्रामीण

▸ लेखपाल व पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में भीषण आग लग गई। चीखपुकार की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गये। ग्रामीणों ने समर आदि चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी नेमा देवी पत्नी स्वर्गीय नृपेंद्र सिंह मंगलवार सुबह अपने घर में खाना बना रही थी, तभी अचानक चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। चीखपुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी ग्रामीण एकत्र हो गये। ग्रामीणों ने समर आदि चलाकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव यादव ने पहुंचकर घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी।

पीड़िता के मुताबिक आग से झोपड़ी में रखे 20 बोरी गेहूं तथा घर गृहस्ती का सामान तथा लगभग 6 हजार रुपये की नगदी आदि जलकर राख हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने मामले की जांच कर उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया। सूचना पर पुलिस ने भी पहुंचकर जांच की। खबर लिखे जाने तक लेखपाल के द्वारा कोई भी कार्रवाई लिखित में नहीं की गई थी।

# भाई की हत्या में पिता-पुत्र गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में पिता-पुत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बंटवारे के दौरान चारा मशीन को लेकर हुए विवाद के दौरान फावड़े से हमला कर देने पर घायल भाई की उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के ग्राम कुम्हारी नगला निवासी 50 वर्षीय जदुनाथ पुत्र स्व0 कामता प्रसाद की चार मशीन लेने को लेकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 147, 148, 149, 323, 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी शिवराज पुत्र कामता प्रसाद व उसका पुत्र अर्जुन निवासी कुम्हारी को टेड़ीकोन चौराहे से आला कत्ल फावड़ा सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हम चार भाईयों का परिवार आपस में शामताल की सम्पत्ति का बंटवारा कर रहे थे। बंटवारे के दौरान चारा मशीन को लेकर झगड़ा हो गया था। इस दौरान मेरे पैर में चोंट लग गयी थी। मैंने गुस्से में आकर अपने छोटे भाई जदुनाथ के सिर में फावड़ा मार दिया था। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# खबरें चलते-चलते

## पार्टी का कार्य न करने वाले होंगे पदमुक्त-चंद्रपाल यादव



**फर्रुखाबाद (सं.)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने दिनवार पदाधिकारियों की सूची बनायी थी। जो पार्टी कार्यालय पर अपने-अपने टर्न वाले दिन लोगों की समस्यायें सुनेंगे। एक सप्ताह पूर्व दिनवार लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। जिसमें से अधिकांश पदाधिकारी अपने टर्न वाले दिन पार्टी कार्यालय में समस्याओं को सुनने नहीं आते हैं। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने बताया कि जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गयी। वह उसका निर्वहन करे। पद लेने वालों की जिम्मेदारी बनती है कि वह पार्टी की रीति-नीति के तहत कार्य करें। ऐसे में जो पदाधिकारी दिन वार अपनी डियूटी नहीं करने आते हैं तो वह अनुपस्थित माने जायेंगे। 3 डियूटी में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को पदमुक्त किया जायेगा। सभी की लिखा पढ़ी की जा रही है। इसलिए समय रहते जिम्मेदार अपनी कार्यशैली में सुधार लायें।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन तिथि 10 जुलाई तक

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन की तिथि 10 जुलाई कर दी गई है। अब जनपद के युवा इसका लाभ उठाकर आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन करें। सामान्य व पिछड़ा वर्ग का शुल्क 250 रुपये, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का शुल्क150 रुपये है। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी।

## रतनपुर घटना के लिए सपा ने गठित की जांच समिति

**फर्रुखाबाद (सं.)।** थाना जहानगंज के ग्राम रतनपुर में हुई घटना की जानकारी होने के बाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव जी के निर्देश पर एक जांच समिति गठित की गई। गठित कमेटी में जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, जिला सचिव उदयभान सिंह पाल तथा जिला सचिव राधेश्याम सविता तीन सदस्यीय जांच समित ने घटना की स्थलीय जांच की एंव परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। समिति ने बताया कि घटना की रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को प्रेषित कर दी गई है।

## अंतर्जपदीय स्थानान्तरण की तिथि 12 जुलाई हुई

**फर्रुखाबाद (सं.)।** बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा सचिव प्रताप सिंह बघेल ने प्रदेश के समस्त जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि जनपद स्तर पर नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के पारस्परिक अन्तर्जपदीय स्थानान्तरण के लिए तिथि बढ़ा दी गयी है। स्थानान्तरण प्रक्रिया के अंतर्गत शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा रजिस्ट्रेशन किये गये हैं। उनकी तिथि बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसको संज्ञान में लेकर बेसिक शिक्षा परिषद ने जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु 12 जुलाई तक समय सीमा में वृद्धि की गयी है।

## शहर कोतवाल न्यायालय में तलब

**फर्रुखाबाद (सं.)।** एंटी डकैती न्यायालय ने शहर कोतवाल के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर 1 अगस्त को स्पस्टीकरण सहित उपस्थित होने के निर्देश दिये। एन्टी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा कि रियाज मोहम्मद बनाम एसआई श्रीनिवास शर्मा की पत्रवाली लम्बित है। जिसमें अभियुक्त श्रीनिवास तत्कालीन तैनाती फर्रुखाबाद के विरुद्ध गैर जमानती वारंट के आदेशिकाय निरंतर भेजी जा रही है, किंतु अभी तक वारन्ट तामील होकर वापस नहीं आ रहे है। न्यायाधीश ने आदेश दिया है कि शहर कोतवाल 1 अगस्त को अपना लिखित स्पस्टीकरण प्रस्तुत कर कारण दर्शित करें कि आपके द्वारा किन परिस्थितियों में उपरोक्त अभियुक्त उ0नि0 श्रीनिवास के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट की आदेशिकायें तामील कर अथवा अदम तामीला इस न्यायालय को वापस प्राप्त नहीं करायी जा सकी है।

## सावन माह में मांस, मदिरा व अंडे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग डीएम से

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सावन माह में पाण्डेश्वर नाथ (पण्डाबाग मंदिर मंदिर) के आसपास शराब अंडा मांस आदि की बिक्री की रोक लगाये जाने की मांग पण्डाबाग सेवादल के सदस्यों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर की। पण्डाबाग सेवा दल के सदस्यों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर मांग की कि सावन माह में स्थानीय भक्तों के अलावा दूर दराज से भक्त पण्डाबाग मंदिर में पूजा अर्चना करने आते है। इसलिए आसपास क्षेत्र में शराब मांस, अंडे आदि की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोंक लगवायी जाये। जिससे की मंदिर में आने वाले भक्तों पर किसी प्रकार का बुरा असर न पड़े। शराब पीकर सड़क पर लोग खड़े होकर तरह-तरह की महिलाओं को देखकर अभद्र टिप्पणी व इशारेबाजी करते है। ऐसे में अशांति फैलने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा भक्तों को पाकीजगी बनाये रखने में दिक्कत होगी। ऐसी स्थिति में श्रावण मास में इस पर रोक लगाया जाना अति आवश्यक है। इस दौरान सेवादल के सदस्य विशाल दुबे, रोहित सक्सेना, अनुज, अभिषेक शर्मा, दिनेश, पूजा मिश्रा, पायल राजपूत, ममता सिंह, संजू श्रीवास्तव, किशन तिवारी, विक्रांत अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड की कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण 25 अगस्त तक

▸ गलत विवरण भरने पर कक्षा अध्यापक के साथ प्रधानाचार्य भी होंगे दोषी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालय में कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण 50 रुपये प्रति चालान की दर से परिषद की बेव साइड पर 25 अगस्त तक किये जा सकते है। साथ ही विद्यालयों के प्रधानाचार्य पंजीकरण की सूचना एवं विवरण परिषद की बेवसाइड पर 25 अगस्त की मध्य रात्रि तक अपलोड करके भेजेंगे। डीआईओएस एवं कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी बोर्ड द्वारा कक्षा 9 एवं 11 की बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण आवेदन परिषद की बेवसाइड यूपीएमएसपी.ईडीयू.इन पर ऑनलाइन अपलोड किये जायेगे। कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रु0प्रति छत्र की दर से कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करने तथा पंजीकरण की सूचना एवं विवरण परिषद की बेवसाइड पर 25 अगस्त तक अपलोड किये जा सकेंगे। अपलोड विवरणों की जांच पांच सितम्बर तक होगी। इसमें मिली त्रुटि 20 सितम्बर की मध्य रात्रि तक सुधारी जा सकती है। इसमें विशेष रुप से नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, चयनित विषय आदि का विवरण सजगता से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं किसी भी त्रुटि के लिए संबंधित कक्षा अध्यापक व प्रधानाचार्य दोषी माने जायेंगे।

हाईस्कूल फेल छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 20 अगस्त तक कक्षा 11 में प्रवेश ले सकेंगे।

## किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर आज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने आज्ञात के विरुद्ध अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार दिनांक 2-3 जुलाई की रात्रि मेरी 16 वर्षीय पुत्री को आज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया। मुझे आशंका है कि मेरी पुत्री प्रतिदिन किसी व्यक्ति से एक मोबाइल नंबर पर बात करती थी। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दारोगा धर्मेन्द्र सिंह गहलोत के सुपुर्द कर दी। उप निरीक्षक ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## हैंडपंप पर पानी भरने से मना करने पर दो पक्षों में मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने से मना करने पर तो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम डबऊआ निवासी वेदपाल का पुत्र प्रांशु दरवाजे के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गया। जिस पर पड़ोसी ने उसे पानी भरने से रोका। महिला पड़ोसी के घर शिकायत करने गयी, तो पड़ोसी व अन्य लोगों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट की। जवाब में महिला के परिजनों ने भी मारपीट की। जिसमें एक पक्ष की तहरीर थाना पुलिस को मिली है। पुलिस ने पप्पी पत्नी वेदपाल का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है लेकिन एक पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर पुलिस अधीक्षक तलब

▸ दो आरोपी सिपाहियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश न करने का मामला
▸ आरोपी सिपाहियों के विरुद्ध गैर जमानती वारन्ट व 82/83 भी जारी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो आरोपियों को न्यायालय में गिरफ्तार कर हाजिर न करने के मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा अदालत के आदेश को नजरअंदाज कर देने के मामले में विशेष न्यायधीश दष्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को न्यायालय में तलब कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

अभियुक्त सुरेंद्र सिंह के विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत की आंख्या में दर्शाया की सुरेंद्र कुमार वर्तमान में एम0टी0 शाखा पुलिस लाइन फतेहगढ़ में तैनात है। दिए गए पते पर तलाश किया तो एम0टी0 शाखा फतेहगढ़ द्वारा बताया गया कि सुरेंद्र कुमार सिंह जो सिपाही है, 19 जून 2023 को अवकाश पर रवाना हो गया है। इस प्रकरण को उच्च न्यायालय द्वारा याचिका अंतर्गत धारा 482 शैलेंद्र कुमार वर्मा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य 25 जनवरी 2023 के द्वारा इस प्रकरण को 8 माह में निस्तारित करने का आदेश दिया गया था।

17 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को अभियुक्तगणों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट इस निर्देश के साथ जारी किया गया कि अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर अगली तिथि 2 मार्च को न्यायालय में समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात न्यायालय द्वारा अनेक वार आयुक्त सुरेंद्र सिंह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट व धारा 82 का आदेश जारी किया गया, परंतु अभियुक्त की उपस्थिति न्यायालय में सुनिश्चित नहीं की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा धारा 83 की भी कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय द्वारा अभियुक्त सुरेंद्र सिंह का वेतन भी न्यायालय के अगले आदेश तक रोकने के आदेश दिए, साथ ही अभियुक्त सुरेंद्र सिंह के वर्तमान पते व स्थाई पते पर 83 की कार्रवाई करने को कहा गया, लेकिन पुलिस अधीक्षक ने ना ही कार्रवाई की और ना ही वेतन रोका। जिससे ऐसा हो प्रतीत होता है कि पुलिस अधीक्षक को न्यायालय के आदेशों की पूरी जानकारी होने के बावजूद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया गया और ना ही उसका वेतन रोका गया। 19 जून को उसे 20 दिन का अवकाश देकर घर भेज दिया।

जिससे उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है और इस प्रकार से अभियुक्त को गिरफ्तारी से बचाने व न्यायालय के आदेशों को जानबूझकर का तामील न कराने का प्रकरण है। न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है, जो एक दंडनीय अपराध है। न्यायाधीश ने पुलिस अधीक्षक को अगली तिथि 7 जुलाई को न्यायालय में स्पष्टीकरण सहित प्रस्तुत होने का निर्देश दिया है। साथ ही अभियुक्त अनिल भदौरिया के विरुद्ध गैर जमानती वारंट तामीला के लिए भेजा गया था, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह थाना चित्रा आगरा दबिश हेतु जाने के संदर्भ में जीडी की नकल दाखिल की गई, परंतु अनिल भदौरिया की गिरफ्तारी के संदर्भ में कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। अभियुक्त अनिल भदौरिया जो वर्तमान में जालौन में कार्यरत है। अनिल भदौरिया व सुरेंद्र सिंह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर पुलिस अधीक्षक को इस मामले में रुचि लेते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# अनुपम दुबे के कुर्क किये गये होटल से चोरी का प्रयास

▸ सीओ व तहसीलदार ने पहुंचकर की जांच



बसपा नेता का होटल जिसमें चोरों ने किया चोरी का प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा नेता अनुपम दुबे के कुर्क कर सील किये गये होटल में चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। घटना की सूचना पर सीओ व तहसीलदार तथा पुलिस बल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही बसपा नेता के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। होटल प्रशासक ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र ठंडी सड़क स्थित बसपा नेता डा0 अनुपम दुबे का गुरुशरणम पैलेसे है। जिसे प्रशासन ने कुर्क कर सील कर दिया था। जिसकी प्रशासक तहसीलदार को बनाया गया था। बसपा नेता अनुपम दुबे समीम हत्याकाण्ड के मामले में फिरोजाबाद जेल में निरुद्ध है। प्रशासन द्वारा कुर्क कर सील किए गए होटल में सील लगे ताले तोड़कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया। ताले टूटे पड़े होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह, तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे व थाना कादरीगेट पुलिस मौके पर पहुंच गयी। होटल में चोरी की सूचना मिलने पर बसपा नेता अनुपम दुबे के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस कर्मियों ने बसपा नेता के कुर्क किए गये होटल के मैंन गेट का ताला खुलवा कर अंदर जाकर जांच की। इस दौरान मीडिया कर्मियों का प्रवेश होटल परिसर के अंदर पूर्णतया वर्जित कर दिया गया। करीब 2 घंटे तक पुलिस कर्मियों व तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने होटल परिसर के अंदर जांच की। वहीं होटल की प्रशासक तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय ने बताया कि चोरों द्वारा कुछ कमरों के ताले खोलने का प्रयास किया गया है। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी जायेगी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी प्रमोद 65 की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया।